प्रस्तावना – भारतीय लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और विविधतापूर्ण लोकतंत्र है, जहाँ विभिन्न वर्गों, जातियों और समुदायों को राजनीतिक अधिकार प्राप्त हैं। इस व्यवस्था में अनुसूचित जातियों को विशेष महत्व प्राप्त है, क्योंकि वे सामाजिक रूप से वंचित और ऐतिहासिक रूप से उपेक्षित समूह रहे हैं। संविधान द्वारा उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व, आरक्षण और सामाजिक न्याय के अधिकार दिए गए हैं, जिससे उनकी स्थिति में समय के साथ परिवर्तन आया है।

मध्यप्रदेश राज्य में अनुसूचित जातियाँ लगभग 16 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती हैं, और कई विधानसभा क्षेत्रों में वे निर्णायक भूमिका निभाती हैं। राजनीतिक दलों के लिए यह वर्ग एक प्रमुख 'वोट बैंक' बन चुका है, और हर चुनाव में इन्हें आकर्षित करने हेतु विभिन्न वादे, योजनाएँ और रणनीतियाँ अपनाई जाती हैं।

इस शोध का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में अनुसूचित जातियों ने किस प्रकार मतदान किया, उनके निर्णयों को कौन–कौन से कारक प्रभावित करते हैं, और क्या इस बार उनके मतदान व्यवहार में कोई विशेष परिवर्तन देखने को मिला। यह अध्ययन इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि क्या अनुसूचित जातियाँ अब केवल जातीय पहचान के आधार पर मतदान कर रही हैं या सामाजिक–आर्थिक मुद्दे भी उनके निर्णयों में शामिल हो गए हैं।

इस प्रकार यह शोध अनुसूचित जातियों की लोकतांत्रिक सहभागिता की गहराई को समझने का एक प्रयास है, जो भविष्य की राजनीति के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो सकता है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र में द्वितीयक स्त्रोतों के माध्यम से सूचनाए एकत्रित की गयी है जिसमे पुस्तके शोध पत्र, समाचार पत्र, निर्वाचन विभाग की वेबसाइड, सरकारी आंकड़े, एवं रिपोर्ट आदि से सुचना एकत्रित की गई है। प्राप्त सुचना के आधार पर तथ्यों का संकलन, विश्लेषण एवं मूल्यांकन किया गया है।

अनुसंधान की आवश्यकता एवं उद्देश्य

(क) अनुसंधान की आवश्यकता : भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था तभी पूर्ण मानी जा सकती है जब समाज के सभी वर्गों की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो। अनुसूचित जातियाँ, जो सामाजिक रूप से ऐतिहासिक रूप से वंचित रही हैं, अब लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। विशेष रूप से मध्यप्रदेश जैसे राज्य में, जहाँ अनुसूचित जातियों की जनसंख्या पर्याप्त है, उनका मतदान व्यवहार चुनाव परिणामों को प्रभावित करता है।

2023 के विधानसभा चुनाव में यह देखा गया कि अनेक राजनीतिक दलों ने अनुसूचित जातियों को लुभाने के लिए विशेष अभियान चलाए। ऐसे में यह जानना अत्यंत आवश्यक हो जाता है कि क्या ये प्रयास प्रभावी रहे, क्या मतदाता सचेत हुए, और क्या कोई नया रुझान उभरा। यह अध्ययन सामाजिक न्याय, प्रतिनिधित्व, और राजनीतिक चेतना को समझने में सहायक सिद्ध होगा।

(ख) अनुसंधान के उद्देश्य :

1. मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में अनुसूचित जातियों की मतदान भागीदारी का विश्लेषण करना।
2. उन प्रमुख सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारकों की पहचान करना जो अनुसूचित जातियों के मतदान व्यवहार को प्रभावित करते हैं।
3. यह जानना कि जातीय पहचान, पार्टी निष्ठा और उम्मीदवार की छवि में किसका अधिक प्रभाव रहा।
4. अनुसूचित जाति समुदाय में उभरती राजनीतिक चेतना और युवाओं की भूमिका का मूल्यांकन करना।
5. भविष्य की चुनावी रणनीतियों एवं नीतिगत सुझावों के लिए आधार तैयार करना हैं।

निर्वाचन क्षेत्रों की जनसांख्यिकी और सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल: दोनों निर्वाचन क्षेत्र विविध जनसांख्यिकीय परिदृश्य को दर्शाते हैं। उज्जैन उत्तर में मध्यम वर्ग और उच्च-मध्यम वर्ग के मतदाताओं की अधिक सांद्रता है, जिसमें व्यापारिक समुदाय, पेशेवर और शिक्षित युवा महत्वपूर्ण रूप से मौजूद हैं। उज्जैन दक्षिण में ग्रामीण जनसांख्यिकी अधिक है, जिसमें कृषि समुदाय, मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का बड़ा हिस्सा है। दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में जाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसमें ओबीसी, एससी और उच्च जाति के व्यवहार को भी प्रभावित करता है, खासकर उज्जैन उत्तर में, जहां धार्मिक जनसांख्यिकी अपेक्षाकृत अधिक विविध है।

लिंग-वार और आयु-वार मतदाता प्राथमिकताएँ: मतदान व्यवहार में लिंग गतिशीलता दर्शाती है कि महिला मतदाता तेजी से एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय बन गई हैं, जिसमें भाजपा और कांग्रेस दोनों महिलाओं के हैं।

मध्य प्रदेश में अनुसूचित जातियों की राजनीतिक पृष्ठभूमि: मध्य प्रदेश राज्य में अनुसूचित जातियाँ एक लंबे समय से सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का केंद्र रही हैं। राज्य की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जातियों का प्रतिशत लगभग 16% है, जो कि कई विधानसभा क्षेत्रों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इनकी राजनीतिक यात्रा सामाजिक आंदोलन, आरक्षण के अधिकार, और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के इर्द-गिर्द विकसित होती रही है।

स्वतंत्रता के पश्चात् संविधान द्वारा दिए गए आरक्षण के प्रावधानों के तहत अनुसूचित जातियों को राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिला। मध्यप्रदेश में वर्तमान में 230 विधानसभा सीटों में से 35 सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं। यह संख्या स्वयं इस बात का संकेत है कि इनका राजनीतिक प्रभाव केवल संख्या तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक दिशा तय करने में भी सक्षम है।

राज्य में बहुजन समाज पार्टी ने 1990 के दशक में दलित चेतना को राजनीतिक रूप से मुखर करने का प्रयास किया, जिससे कुछ क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों का झुकाव इस दल की ओर देखा गया। हालांकि समय के साथ कांग्रेस और भाजपा दोनों ने भी अनुसूचित जातियों के कल्याण हेतु योजनाएँ चलाकर इस वर्ग को अपने पक्ष में करने की रणनीति अपनाई।

अनुसूचित जातियों में आज भी नेता का चयन कई बार जातिगत समानता और सामाजिक सम्मान के आधार पर होता है, किंतु वर्तमान में युवाओं में राजनीतिक जागरूकता और मुद्दा आधारित मतदान की प्रवृत्ति बढ़ रही है। विभिन्न सामाजिक आंदोलनों और शैक्षिक सशक्तिकरण ने इस प्रक्रिया को गति दी है।

इस पृष्ठभूमि को समझना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि यह वर्तमान मतदान व्यवहार के विश्लेषण की नींव तैयार करता है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 : एक संक्षिप्त समीक्षा

कुल सीटें : 230

आरक्षित डउ सीटें : 35

मुख्य प्रतियोगी दल : भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी

एस.सी. बहुल सीटों पर मुख्य चुनावी मुद्दे : रोजगार, शिक्षा, सामाजिक सम्मान, आरक्षण का कार्यान्वयन।

अनुसूचित जातियों का मतदान व्यवहार – विश्लेषण

(क) मतदान प्रतिशत : एस.सी. समुदाय का औसत मतदान प्रतिशत 69.3% रहा, जो कुल औसत से थोड़ा अधिक था।

(ख)प्रभावित करने वाले कारक : उज्जैन उत्तर और उज्जैन दक्षिण में मतदान व्यवहार पार्टी द्वारा चलाए गए कल्याणकारी कार्यक्रम (जैसे संबल योजना)

दलित नेताओं की सक्रियता: स्थानीय मुद्दे जैसे पानी, सड़क, और शिक्षा

(ग) दलित चेतना का उदय : कुछ क्षेत्रों में जातिगत जागरूकता के कारण बी.एस.पी. व अन्य दलों को समर्थन, शहरी क्षेत्रों में युवा वोटरों में पार्टी से अधिक उम्मीदवार की छवि को प्राथमिकता

प्रमुख निष्कर्ष – अनुसूचित जातियों का झुकाव अब परंपरागत रूप से किसी एक पार्टी तक सीमित नहीं है। दलित युवाओं में बढ़ती राजनीतिक जागरूकता दिखाई दी। कुछ क्षेत्रों में 'विकास' को जाति से अधिक वरीयता मिली। एस.सी. महिलाओं की मतदान भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

चुनौतियाँ और संभावनाएँ :

चुनौतियाँ : शिक्षित दलितों का वोट एकरूप नहीं है, विविध समूहों में विभाजन मुद्दा आधारित मतदान की जगह भावनात्मक मतदान कई क्षेत्रों में देखा गया

संभावनाएँ : यदि राजनीतिक दल एस.सी. समुदाय की यथार्थ समस्याओं को प्राथमिकता दें तो दीर्घकालिक समर्थन मिल सकता है। एस.सी. नेतृत्व को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को मजबूत किया जा सकता है।

निष्कर्ष – मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में अनुसूचित जातियों का मतदान व्यवहार जटिल किन्तु जागरूकता से भरपूर रहा। सामाजिक न्याय, विकास, और पहचान की राजनीति इन पर प्रभाव डालती रही। भविष्य में इनका मतदान पैटर्न लोकतंत्र की दिशा और दशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सुझाव :

1. जातीय चेतना को लोकतांत्रिक भागीदारी में बदलने हेतु निरंतर संवाद आवश्यक है।
2. राजनैतिक दलों को इन वर्गों के साथ स्थायी संबंध बनाना चाहिए न कि केवल चुनाव तक सीमित।
3. अनुसूचित जातियों की राजनीतिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. क्रिस्टोफ जैफरेलो (2003) – इंडियाज साइलेंट रिवोल्यूशन : द राइज ऑफ द लोअर कास्ट्स इन नॉर्थ इंडिया। प्रकाशक: परमानेंट ब्लैक, नई दिल्ली।
2. घनश्याम शाह (2004) – सोशल मूवमेंट्स इन इंडिया : अ रिव्यू

ऑफ लिटरेचर। प्रकाशक: सेज पब्लिकेशन्स।
3. संजय रुपरेलिया (2015) – डिवाइडेड वी गवर्न: कोएलिशन पॉलिटिक्स इन मॉडर्न इंडिया। प्रकाशक : ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
4. अशुतोष कुमार (2019) – पॉलिटिक्स एंड इलेक्टोरल बिहेवियर इन इंडिया: कास्ट, क्लास एंड कम्युनिटी। प्रकाशक : रूटलेज इंडिया।
5. भारत निर्वाचन आयोग – मध्यप्रदेश विधान सभा आम निर्वाचन 2023 पर सांख्यिकीय रिपोर्ट। वेबसाइट : https://eci.gov.in
6. मध्यप्रदेश मानव विकास रिपोर्ट (2021) – जातिवार सामाजिक संकेतक एवं राजनीतिक भागीदारी संबंधी अध्ययन। प्रकाशक: योजना विभाग, मध्यप्रदेश सरकार।
7. Centre for the Study of Developing Societies (CSDS-Lokniti) – मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 पर पश्चातवर्ती सर्वेक्षण रिपोर्ट एवं आँकड़े। वेबसाइट: https://www.lokniti.org
8. मध्यप्रदेश सरकार : मध्यप्रदेश सामाजिक न्याय विभाग की योजनाएँ एवं वार्षिक रिपोर्ट (2022–2023)। वेबसाइट: https://socialjustice.mp.gov.in
9. द हिंदू / इंडियन एक्सप्रेस / दैनिक भास्कर (2023) – चुनावी रिपोर्टिंग, संपादकीय लेख एवं एग्जिट पोल विश्लेषण (नवंबर–दिसंबर 2023)।
10. मैदानी सर्वेक्षण एवं साक्षात्कार (2023–24) – उज्जैन, सागर एवं रीवा जिलों की अनुसूचित जाति बहुल विधानसभाओं से एकत्रित प्राथमिक डेटा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में महिलाओं का मानसिक सशक्तिकरण: एक अध्ययन

डॉ. आभा सैनी*

* प्रोफेसर एवं अध्यक्षा (राजनीति विज्ञान) जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – महिलाओं का मानसिक सशक्तिकरण एक ऐसी शब्दावली है जिसमें न केवल महिला सशक्तिकरण बल्कि मानसिक रूप से उनका सशक्त होना भी शामिल है। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिलाओं को मजबूत बनाना सम्मिलित है जिससे कि वह अपने निर्णय स्वयं ले सके और समाज एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी कर सके यद्यपि महिलाएं सशक्त है। प्राचीन काल में दुर्गा सीता गार्गी देखें या आधुनिक समय में इंदिरा गांधी लेकिन मनोवैज्ञानिक रूप से मानसिक रूप से उन्हें इतना अधिक मजबूत बनाना कि वह किसी के दबाव में ना आए और अपने निर्णय को स्वयं लेने और उन्हें लागू करने की क्षमता उनके पास हो।

महिलाओं के मानसिक सशक्तिकरण से ना केवल उनके ज्ञान कौशल में वृद्धि होती है बल्कि सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक स्तर पर अपनी भूमिका को मजबूती से निभा सकती हैं। समाज में भी घर परिवार में वह बिना किसी दबाव से बिना किसी के प्रभावित हुए अपने कार्यों को आसानी से संपादित कर सकती हैं। महिलाओं का मानसिक सशक्तिकरण महिलाओं को मानसिक रूप से स्वतंत्रता और उन्हें सम्मान पूर्ण जीवन जीने देने की आजादी प्रदान करता है सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर , विकलांग और वृद्ध महिलाएं को मानसिक रूप से मजबूत बनाना और अधिक आवश्यक हो जाता है। महिलाओं के मानसिक सशक्तिकरण में न केवल सरकार बल्कि गैर सरकारी एजेंसियां भी भागीदारी करती है। महिलाएं अपने जीवन में सामाजिक राजनीतिक आर्थिक और शारीरिक आधार पर मानसिक रूप से अनेक चुनौतियों का सामना करती है। सरकार द्वारा प्रदत अधिकारों और सुविधाओं के बावजूद भी आज भी वर्तमान समय में उनकी स्थिति कमजोर है यद्यपि पहले की तुलना में वह बेहतर हुई है।

शोध उद्देश्य और शोध विधि – प्रस्तुत शोध पत्र में भारत में महिलाओं के मानसिक सशक्तिकरण की व्याख्या की गई है और महिलाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सरकार और सरकारी संस्थाओं के द्वारा उठाए गए कदमों का भी विश्लेषण किया गया है। महिलाओं के समक्ष मानसिक रूप से उत्पन्न चुनौतियों और उन समस्याओं के समाधान को भी प्रस्तुत शोध पत्र में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र में प्राथमिक और द्वितीय स्रोतों का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत शोध पत्र में ऐतिहासिक विश्लेषणात्मक और वर्णनात्मक शोध पद्धति का प्रयोग किया गया है।

साहित्य पुनरावलोकन

Louis L.Hay (2011) वर्णन करती है मानव शरीर और मस्तिष्क एक दूसरे से संबंधित है। लेखिका व्याख्या करती है कि कैसे नकारात्मक विचार हमारे हमेशा शारीरिक और मानसिक रूप से प्रभावित करते हैं और हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बाधित करते हैं। डॉ. हर्षवर्धन गोस्वामी(2011) व्याख्या करते हैं कि प्राणायाम हमारी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जीवन की प्रत्येक समस्याओं का समाधान करने में सहायता करता है। डॉ. स्वामी मुक्तानंद पुरी जी महाराज (2007) अपनी पुस्तक में लिखते हैं। योग और जीवन प्रबंधन एक श्रेष्ठ और स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है। डॉक्टर सावित्री माथुर और मोनिका जैन (2013)भारतीय महिलाओं की भूमिका की विभिन्न आयामों और चुनौतियों की चर्चा करती हैं। प्रोफेसर मनमीत कौर और डॉक्टर वंदना शर्मा एवं डॉ संदीप मोगा (2024) विभिन्न आधारों पर यह प्रदर्शित करते हैं कि महिलाओं के अधिकारों और समानता के बावजूद भी पिछली कुछ शताब्दियों में स्थिति बेहतर हुई है लेकिन अभी भी काफी कुछ किया जाना बाकी है।

भारत में महिलाओं का मानसिक सशक्तिकरण– भारत में महिलाएं पारंपरिक रूप से घर परिवार में कार्यों में सलग्न रहती है। उन्हें प्रारंभ से शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर माना जाता है लेकिन वैज्ञानिक रूप से यह साबित हो चुका है कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले मानसिक रूप से अधिक सशक्त होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ,'मानसिक स्वास्थ्य मानसिक कल्याण की एक अवस्था है जो लोगों को जीवन जीने , तनाव से निपटने क्षमताओं का एहसास करने, जीवन में सीखने, काम करने और अपनी समुदाय और समाज में योगदान करने में सक्षम बनाती है'। यदि मानसिक स्वास्थ्य बेहतर है तो महिलाएं मानसिक रूप से अधिक सशक्त होंगे महिलाओं के मानसिक सशक्तिकरण से आशय ऐसी व्यवस्था से है। जिसमें वह अपनी मानसिक स्थिति को बेहतर बनाने अपनी क्षमताओं को विकसित करने और अपने जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी क्षमता को प्रदर्शित करती है। जैसे आत्मा जागरुकता और लचीलापन वास्तव में यह मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की एक महत्वपूर्ण क्षमता है। मानसिक सशक्तिकरण एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।

महिला सशक्तिकरण शब्द 19वीं शताब्दी में शुरू हुआ था। संयुक्त राष्ट्र ने 1975 से 1985 की अवधि को महिला सशक्तिकरण का दशक कहा 2001 में महिलाओं का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्तिकरण वर्ष मनाया गया। सशक्तिकरण शब्द शारीरिक और मानसिक सशक्तिकरण को प्रदर्शित करता है।

भारत में लिंगानुपात 2011 के प्रति एक हजार पुरुषों पर 943 महिलाएं के स्तर से बढ़कर 2036 में प्रति 1000 पुरुषों पर 952 महिलाएं होने की

उम्मीद है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी 'भारत में महिला एवं पुरुष 2023' रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि 2036 में भारत की जनसंख्या में 2011 की जनसंख्या की तुलना में स्त्रियों की संख्या अधिक होने की संभावना है, जैसा कि लिंगानुपात मंय परिलक्षित होता है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2011 की तुलना में 2036 में हुई वृद्धि लैंगिक समानता में सकारात्मक चलन को दर्शाता है।रिपोर्ट के मुताबिक 2036 तक भारत की जनसंख्या 152.2 करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें महिलाओं का प्रतिशत 2011 के 48.5 प्रतिशत की तुलना में थोड़ा बढ़कर 48.8 प्रतिशत हो जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक यदि हम राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति को देखें तो 15वें आम चुनाव (1999) तक, 60 प्रतिशत से भी कम महिला मतदाताओं ने भाग लिया, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत उनसे आठ प्रतिशत अधिक था। हालांकि, 2014 के चुनावों में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया, जिसमें महिलाओं की भागीदारी बढ़कर 65.6 प्रतिशत हो गई, और 2019 के चुनावों में यह और बढ़कर 67.2 प्रतिशत हो गई। पहली बार, महिलाओं के लिए मतदान प्रतिशत थोड़ा अधिक था, जो महिलाओं में बढ़ती साक्षरता और राजनीतिक जागरूकता के प्रभाव को दर्शाता है।

आर्थिक दृष्टिकौन से भी महिलाओं की स्थिति बेहतर हुई है उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने जनवरी 2016 में अपनी स्थापना के बाद से दिसंबर 2023 तक कुल 1,17,254 स्टार्ट-अप को मान्यता दी है। इनमें से 55,816 स्टार्ट-अप महिलाओं द्वारा संचालित हैं, जो कुल मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप का 47.6 प्रतिशत है। यह महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व भारत के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी में महिला उद्यमियों के बढ़ते प्रभाव और योगदान को रेखांकित करता है।

यह सभी तथ्य यह प्रस्तुत करते हैं कि महिलाओं न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी पहले की तुलना में सशक्त हुई है जो उनके बढ़ते हुए योगदान को विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शित करता है।

भारत में महिलाओं के मानसिक सशक्तिकरण के समक्ष चुनौतियां – कुपोषण मातृत्व के समय में पर्याप्त पोषण न मिलाना समय पर स्वस्थ आहार न लेना गरीबी और बेरोजगारी के कारण सामाजिक और आर्थिक स्थिति के कारण महिलाओं को पर्याप्त स्वस्थ आहार न मिलने के कारण भी उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित होती है। भारत में सामाजिक आर्थिक स्थिति के कारण महिलाओं में शारीरिक और मानसिक हिंसा और मारपीट आत्महत्या जैसे घटनाएं भी आम है जागरूकता के अभाव में भी अनेक बीमारियां महिलाओं में शारीरिक और मानसिक रूप से हो जाती है। कॉविड-19 के समय में महिलाओं की मानसिक स्थिति को बहुत अधिक प्रभावित किया। जिसमें अकेलेपन और घर में अनेक तरह की की समस्याओं का सामना करने के कारण उनके तनाव और अवसाद में वृद्धि हुई जिनसे उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित हुआ।

अपने कार्य स्थल पर भी काम के दबाव और शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना के कारण भी महिलाओं की मानसिक स्थिति कमजोर हो जाती है। महिला खिलाड़ियों का मानसिक एवं भावनात्मक आरोग्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रदर्शन करने में उनकी मदद करता है। यदि वह मानसिक रूप से प्रताड़ित होती है तो इस वजह से उनका प्रदर्शन खराब हो जाता है। दहेज हत्या लिंग चयनात्मक गर्भपात मानवाधिकारों का हनन, राजनीतिक जागरूकता में कमी और आर्थिक रूप से कमजोर होना या दूसरों पर निर्भर होना। जैसी चुनौतियों के कारण भी महिलाओं की मानसिक स्थिति प्रभावित होती है।

सरकार के द्वारा महिलाओं की मानसिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए किए गए सरकारी प्रयास – सरकार के द्वारा किए गए समस्त सरकारी प्रयास और संवैधानिक व्यवस्थाएं महिलाओं को न केवल मानसिक रूप से मजबूत बनाती है। बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी ले जाती है प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पंचायती राज के द्वारा महिलाओं को आरक्षण ,महिलाओं की सुरक्षा के लिए किए गए प्रावधान महिलाओं को राजनीतिक और शारीरिक रूप से मजबूती प्रदान करके उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम ,गर्भधरण व पूर्व नैदानिक तकनीक अधिनियम 1994, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान , स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा चलाए गए जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम के द्वारा महिलाओं और बच्चों को टीकाकरण की सुविधा प्रदान करना, स्वास्थ्य बीमा योजना और सुरक्षा बीमा योजना जैसी नीतियों स्वास्थ्य और विकलांगता संबंधी आकस्मिक परिस्थितियों में महिलाओं के लिए काफी मददगार साबित होती है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। यह धारणा बिल्कुल सही साबित होती है। जिसके अंतर्गत सरकार ने महिलाओं के लिए उनके स्वास्थ्य को बेहतर करने की योजनाएं चलाकर उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया है। वृद्ध औरतों के लिए वृद्ध महिलाओं के लिए पेंशन योजनाएं जिसमें अटल पेंशन योजना ऐसी योजना है। जो महिलाओं को बच्चों या पति की मर्जी के दबाव में आए बिना आत्मनिर्भर बनकर उनके बुढ़ापे के लिए उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाती हैं।

महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक सिडबी के द्वारा महिला उद्यम नीति योजना और महिला विकास नीति योजना, निधि योजना, स्टार्टअप इंडिया उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए और महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने के लिए स्टेप सुविधा प्रदान करना, स्टैंड अप इंडिया कार्यक्रम प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना ,महिला उद्यमिता मंच ,महिलाओं के लिए मुद्रा योजना जैसी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बनाकर उनका मानसिक रूप से सशक्त बनाती है।

यद्यपि संवैधानिक रूप से भी भारतीय संविधान में स्वतंत्रता समानता और मौलिक अधिकारों के अंतर्गत अनेक प्रावधान स्त्रियों के लिए किए गए हैं। कार्यस्थल पर उनके लिए समान वेतन का अधिकार भी दिया गया है। उत्पीड़न के खिलाफ कानूनी सुरक्षा भी प्रदान की गई है संपत्ति का अधिकार हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 दहेज विरोधी अधिनियम समान नागरिक संहिता उन्हें न केवल मानसिक रूप से मजबूत बनाता है, बल्कि उनके सशक्तिकरण को भी हर स्तर पर बढ़ावा देता है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – सरकार के द्वारा प्रयास महिलाओं के मानसिक सशक्तिकरण के लिए एक सहायता नेटवर्क का निर्माण करके उन्हें हर प्रकार से मजबूती प्रदान करता है। मानसिक सशक्तिकरण हेतु शारीरिक और राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण अनिवार्य है। आर्थिक रूप से सक्षम होना और आर्थिक क्षेत्र में अपने निर्णय स्वयं लेना और स्वयं अपने अधिकारों को पहचानने के माध्यम से ही आर्थिक सशक्तिकरण संभव है। स्वयं महिलाओं के द्वारा अपनी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की प्रयास करने के लिए पहल करनी होगी। इसके लिए वह

योग प्राणायाम संतुलित आहार नकारात्मक विचारों को दूर करना–जैसे साधनों को अपना सकते हैं। मानसिक रूप से सशक्त महिलाएं समाज और समुदाय एवं राष्ट्र निर्माण में अधिक भागीदारी करती है। इसके लिए महिलाओं को भी स्वयं जागरूक होना होगा शिक्षा जन जागरूकता और परिवार एवं समाज के द्वारा अपना दृष्टिकोण बदलने के प्रयास के साथ भारत में महिलाओं के मानसिक सशक्तिकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉक्टर गोस्वामी हर्षवर्धन (2011),'प्राणायाम ' , सत्यम पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली।
2. डॉक्टर पुरी जी महाराज स्वामी मुक्तानंद(2007),' योग जीवन पद्धति' सत्यम पब्लिशिंग हाउस नई दिल्ली।
3. लुईक्स ल हैं(2011)' यू कैन हील योर लाइफ', प्रभात प्रकाशन नई दिल्ली।
4. प्रोफेसर मनमीत कौर एवं डॉक्टर वंदना शर्मा एवं डॉ. संदीप मोगा (2024),'राइट्स ऑफ वीमेन' सनी ओबेरॉय विवेक सदन श्री आनंदपुर साहिब पंजाब भारत।
5. डॉक्टर सावित्री माथुर एवं मोनिका जैन (2013),'आधुनिक समाज में महिलाएं', आस्था प्रकाशन जयपुर।
6. पटेल कल्पना ,'भारतीय संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण'(2013) पैराडाइज पब्लिशर्स जयपुर राजस्थान।
7. डॉक्टर नारायणअप्पा वेंकूव और डॉक्टर महाजन सुरभि ,'एंपावरमेंट ऑफ वीमेन'(2007) अनु बुक्स मेरठ।
8. योजना, सितंबर 2016
9. योजना अक्टूबर 2018
10. योजना सितंबर 2021
11. www.unacademy.com
12. www.livehindustan.com
13. www.worldwidejournals.com
14. www.navbharattimes.indiatimes.com
15. www.journeyline.in
16. https://www.education.gov.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आँसू का शैलीवैज्ञानिक अध्ययन

डॉ. निशा शुक्ला तिवारी*

* प्राध्यापक (हिंदी) आदित्य इंजीनियरिंग कॉलेज, सतना (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – संसार में सब चीजें एक सी नहीं हैं उनमें भिन्नता है। यही भिन्नता सब चीजों को एक दूसरे से विशेष बनाती है। सब मनुष्य भिन्न हैं, इसीलिए सब मनुष्य विशेष हैं। हर-एक मनुष्य के कार्य करने का तरीका अलग है। इसी 'तरीके' को शैली कहा गया है। प्रत्येक व्यक्ति के बोल-चाल, उठने-बैठने, हाव-भाव जैसी छोटी-छोटी गतिविधियों में भी इस शैली का अंतर स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है। वास्तव में शैली की इन्हीं भिन्नताओं से हम अलग-अलग व्यक्तियों से अलग-अलग तौर से व्यवहार कर पाते हैं। हम उन्हें अलग-अलग रूप में पहचान पाते हैं। शैली की यही भिन्नता व्यक्ति की भाषा में परिलक्षित होती है और भाषा के माध्यम से कविता में उतर जाती है। इसीलिए अलग-अलग कवियों की कविताओं में हमें अलग-अलग शैली देखने को मिलती है। भक्ति काल में कबीर, सूर और तुलसी की कविता की कुछ पंक्तियाँ पढ़ कर ही बताया जा सकता है कि कौन सी रचना किसकी है। छायावाद के कवियों में भी यह शैली की भिन्नता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। प्रसाद के स्वर और पंत के स्वर में भेद स्पष्ट रूप से हो सकता है। या निराला और महादेवी की ही कविता को पढ़ कर ही यह शैली भेद बताया जा सकता है। यही नहीं एक ही कवि की भिन्न-भिन्न रचनाओं में भिन्न-भिन्न शैलियाँ देखने को मिलती हैं। प्रसाद की आँसू की शैली, कामायनी की शैली से भिन्न है। यह भिन्नता कितनी है, किन आधारों पर है, शैली के कौन से तत्व दो रचनाओं, या दो कवियों को भिन्न साबित करते हैं इसी का अध्ययन शैलीविज्ञान करता है। छायावाद के महत्वपूर्ण कवि जयशंकर प्रसाद की कृति 'आँसू' को आधार बना कर यहाँ शैलीवैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत किया जा रहा है।

'शैली' शब्द की व्युत्पत्ति यदि भारतीय वाङ्मय में तलाशी जाय तो यह शब्द हमें 'शील' के रूप में मिलता है। जिसका अर्थ चरित्र, स्वभाव, आचरण आदि की ओर इंगित प्रतीत होता है। इस बात से यह पुष्टि हो जाती है कि किसी व्यक्ति का आचरण, उसका स्वभाव, व्यापक अर्थों में उसका चरित्र आदि उसकी कार्य-शैली को प्रभावित करते हैं। इसी तरह किसी कविता में हमें रचनाकार की व्यक्ति-शैली की आभा मिल जाती है। और समाज के स्तर पर देखा जाय तो प्रत्येक व्यक्ति का आचरण,स्वभाव और चरित्र अधिकतर परिस्थितियों में उसके परिवेश से संचालित होता है। अर्थात् कोई भी रचना केवल रचनाकार की शैली की ही सूचना नहीं देती वरन् उस समाज की भी शैलीगत विशेषताओं को परिलक्षित करती है।

'शैली' शब्द अंग्रेजी में 'स्टाइल'(Style) निकट है। जो कि लैटिन शब्द 'स्टाइलस' का परवर्ती विकसित रूप है। डॉ. विद्यानिवास मिश्र ने अपनी पुस्तक 'रीतिविज्ञान' (पृष्ठ 14) में अंग्रेजी शब्द 'स्टाइल' के लिए 'रीति' शब्द प्रयोग में लिया है। जैसे यह बात शुरू में ही स्पष्ट कर दी गई है कि 'शैली' का साधारण भाषा में अर्थ है – ढंग, जीवन-यापन की पद्धति, बोलने-लिखने की शैली आदि। शैली शब्द का प्रयोग जीवन के तमाम अंगों के साथ होता है। यही बात सत्यदेव चौधरी अपनी पुस्तक 'शैलीविज्ञान और भारतीय काव्यशास्त्र' (पृष्ठ-9) में लिखते हैं कि – 'शैली' शब्द का तात्पर्य – कवि का रचना-प्रकार है, जो उसके द्वारा प्रयुक्त पदों एवं वाक्यों के माध्यम से अथवा भाषा के माध्यम से प्रकट होता है।'

शैलीवैज्ञानिक अध्ययन का आरम्भ एक अनुशासन के रूप में पाश्चात्य काव्यशास्त्र का ही निदर्शन है। शैली विज्ञान काव्यशास्त्रीय अध्ययन का वह अनुशासन है जो भाषा का विचलन, समांतरता, चयन आदि उपयुक्त साधनों या आधारों पर विश्लेषण करता है। यह सैद्धांतिक भी हो सकता है, अनुप्रयुक्त या व्यवहारिक भी। शैलीविज्ञान साहित्य की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का विज्ञान है। आधुनिक शैलीविज्ञान पाश्चात्य समीक्षाशास्त्र में 'स्टाइलिस्टिक्स' के समानार्थी रूप में प्रचलित हुआ है। पाश्चात्य विद्वान टर्नर के अनुसार 'शैलीविज्ञान शैली का विज्ञान या शास्त्र है। शैलीविज्ञान का अर्थ है – शैली का अध्ययन। वैज्ञानिक या कम से कम व्यवस्थित अध्ययन, जैसा कि व्युत्पत्ति से ध्वनित होता है।'

डॉ. रामकुमार वर्मा के अनुसार 'झरना', 'लहर', 'आँसू' तथा 'कामायनी' प्रसाद के काव्य-सृजन के चार सोपान हैं। अपनी उच्चकोटि की वेदना, अनूठी मधुरता, तीव्र अनुभूति तथा अपनी प्रौढ़ कला में 'आँसू' आधुनिक समय की महान कलाकृतियों में एक है।' इस आधार पर यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि 'कामायनी' के बाद 'आँसू' प्रसाद की सबसे महत्वपूर्ण काव्य रचना है। जहाँ तक हृदय की गहरी विरह वेदना को स्वर देने की बात है वहाँ आँसू, कामायनी से भी आगे की रचना मानी जाएगी।

'आँसू' विरह प्रधान काव्य है। भारतीय विरह-काव्य परम्परा में खड़ी-बोली में रचित यह अपने ढंग का अकेला विरह-काव्य है। आमतौर पर यह धारणा है कि प्रसाद जी आँसू में अन्य परम्पराओं से प्रभाव ग्रहण करते हैं, परन्तु सत्य यह है कि विरह के सूक्ष्मतम अनुभूतियों को अपने युग के अनुरूप भावाभिव्यक्ति देने में प्रसाद जी को अभूतपूर्व सफलता मिली है। प्रसाद जी ने अपने देश के गौरवमय साहित्य की ही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 'आँसू' के रूप में एक नई वस्तु प्रदान की है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कहा है – ' 'आँसू' वास्तव में है तो शृंगारी विप्रलम्भ, जिसमें अतीत संयोग-सुख की भिन्न-भिन्न स्मृतियाँ रह-रह कर झलक मारती हैं, पर जहाँ प्रेमी की मादकता

की बेसुधी में प्रियतम अपनी भावभूमि से उठकर ऊपर आ जाते हैं और संज्ञा की दशा में चले जाते हैं' जहाँ हृदय की तरंगें उस अनंत कोने को नहलाने लगती हैं, वहाँ वे आँसू उस अज्ञात प्रियतम के लिए बहते जान पड़ते हैं। फिर जहाँ कवि यह देखने लगता है कि ऊपर तो –

'अवकाश असीम सुखों से
आकाशतरंग बनाता
हँसता–सा छायापथ में
नक्षत्र समाज दिखाता।'

परन्तु –

'नीचे विपुला धरणी है
दु:खभार वहन–सी करती
अपने खारे आँसू से
करुणा–सागर को भरती।'

और इस चिर दग्ध दु:खी वसुंधरा को, इस स्वच्छ जगती को, अपनी प्रेमवेदना को, कल्याणी शीतल ज्वालामय उजाला देना चाहता है। वहाँ वे आँसू लोकपीड़ा पर करुणा के आँसू जान पड़ते हैं। पर वहीं जब हम कवि की दृष्टि अपनी सदा जगती हुई अखण्ड ज्वाला की प्रभविष्णुता पर इस प्रकार जमी पाते हैं कि –

'हे मेरी ज्वाला
तेरे प्रकाश में चेतन
संसार वेदना वाला
मेरे समीप होता है
पाकर कुछ करुण उजाला।'

तब ज्वाला या प्रेमवेदना की अतिरंजित या चिरारूढ़ भावना ही जो शृंगार की प्राचीन रूढ़ि है, रह जाती है। कहने का अर्थ यह है कि वेदना की कोई एक निर्दिष्ट भूमि न होने से सम्पूर्ण पुस्तक का कोई एक समन्वित प्रभाव नहीं निष्पन्न होता। यह एक दूरी तक ठीक है कि कवि आँसू के मूलभाव–विन्यास को अत्यंत ही शृंखलित रूप में प्रस्तुत करने में पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाया है, पर यह कहना समीचीन प्रतीत नहीं होता कि समस्त पुस्तक का कोई एक समन्वित प्रभाव नहीं निष्पन्न होता, क्योंकि आँसुओं बरस पड़ने की पूर्ण कथा ग्रंथ में दी हुई है और लोगों की मंगल–कामना के मूल में कवि की पीड़ा विद्यमान है। परंतु कवि जनमंगल पर व्याख्यान नहीं देता है। श्री विनय मोहन शर्मा ने लिखा है कि – 'आँसू की आत्मा को देखने पर उसमें तारतम्य जान पड़ता है। अत: वह प्रबन्धमय है। पर 'आँसू' के अनेक पड़ाव ऐसे भी हैं कि उन्हीं पर मन को केंद्रित करने से प्रत्येक अपने में पूर्ण प्रतीत होते हैं। इस तरह 'आँसू' उस मोतियों की लड़ी के समान है, जिसका प्रत्येक मोती पृथक रहकर भी चमकता है और लड़ी के तार में गुँथकर भी आब देता है। वस्तुत: उसमें मुक्तक और प्रबंधत्व दोनों हैं।'

किसी भी कृति के शैली वैज्ञानिक अध्ययन के लिए जो प्रतिमान निर्धारित किये गए हैं उनमें प्रमुख हैं– 1. चयन 2. विचलन 3. समांतरता

चयन ही वह कसौटी है जो किसी रचनाकार को विशेष बनाती है। चयन काव्य की सृजन प्रक्रिया का महत्वपूर्ण सोपान है। किसी काव्य की सृजन प्रक्रिया में अन्त: के भावों को शब्दों में ढालना एक जटिल और सूक्ष्म प्रक्रिया है। भाव अमूर्त से होते हैं उन्हें चयन मूर्त बनाता है। चयन ही यह निर्धारित करता है कि रचना का स्वरूप क्या होगा, रचना की शब्दावली कैसी होगी, रचना में भाव–प्रवाह कैसा होगा। यह चयन प्रक्रिया ही एक रचनाकार की विशिष्ट शैली निर्धारित करती है। इसी से हम किसी रचनाकार की रचना विशेष से ही पहचान लेते हैं।

'कभी–कभी रचनाकार का विशिष्ट चयन विशेष प्रिय हो जाता है और वह रचना में यथास्थान उसी संदर्भ में उसका आवर्तन करता है, जो उस रचनाकार की शैली का परिचायक तत्व कहलाता है।'(एन.ई. एंक्विस्ट, आन डिफाइनिंग स्टाइल, लीगुइस्टिक्स एंड स्टाइल, पृष्ठ 34)

यह चयन प्रक्रिया भाषिक और भाषिकेतर, दो स्तरों पर होती है। भाषिकेतर चयन में रचना की विषयवस्तु चयन, भाषा चयन, साहित्यिक शैली चयन, विधा चयन आदि महत्वपूर्ण होते हैं। जैसे प्रसाद जी ने अपने मनोभावों को व्यक्त करने के लिए विरह संपृक्त विषय 'आँसू' चुना और इस करुण पुकार के लिए ठीक ही था कि उन्होंने अन्य विधाओं(निबंध आदि) का चयन न कर काव्य को चुना। जो भावाभिव्यक्ति के लिए सहज है। इसमें प्रसाद जी ने एक विशिष्ट शैली का प्रयोग किया है कि पढ़ने वाला एक धार में बहता हुआ क्रमश: करुण पुकार से अभिसिक्त हुए बिना नहीं रह सकता। यही प्रसाद जी की और 'आँसू' की विशेषता है। प्रसाद जी अपनी शैली से सहज ही सुष्क हृदय में भी रस धार की वर्षा करने में सफल हुए हैं–

'शीतल ज्वाला जलती हैं
ईधन होता दृग जल का।
यह व्यर्थ साँस चल–चल कर
करती हैं काम अनल का।।'
बाड़व ज्वाला सोती थी
इस प्रणय सिन्धु के तल में।
प्यासी मछली–सी आँखें
थी विकल रूप के जल में।।'

इसी प्रकार भाषिक चयन के प्रमुख पाँच स्तर शैलीविज्ञान के विद्वानों ने निर्धारित किये हैं– (1)ध्वनि चयन (2)शब्द चयन (3)रसचयन (4)वाक्यचयन (5)अर्थचयन ।

ध्वनि भाषा की लघुत्ताम इकाई है, जो भाषा में सार्थक ध्वनि–समूहों–शब्दों–के रूप में उपस्थित होती है। अनेक प्रकार की समानार्थक ध्वनियों में से अभीष्ट कलात्मक प्रभाव के अनुरूप किसी एक ध्वनि का निर्वाचन 'ध्वनि–चयन' कहलाता है, जो वस्तुत: शब्द–चयन के माध्यम से सम्पन्न होता है। (भोलानाथ तिवारी, शैलीविज्ञान, पृष्ठ 81)

प्रसाद ने 'आँसू' में भिन्न–भिन्न ध्वनियों का चयन भिन्न–भिन्न संदर्भों में किया है, जैसे–

'मेरे क्रंदन में बजती क्या वीणा, जो सुनते हो' (आँसू, पृष्ठ 10)

काव्यशास्त्र में ध्वनिकार ने भी शब्दों से निकलने वाली ध्वनि के अर्थ को ही सार्थक माना है, वाच्यार्थ को नहीं। इसी प्रकार आँसू से एक और उदाहरण देखा जा सकता है–

'झंझा झकोर गर्जन था बिजली थी नीरद माला' (आँसू, पृ.10)

तेज हवा, आँधी, तूफान, बिजली–गर्जन की ध्वनि के लिए ये पंक्ति प्रयुक्त सी लगती है। वास्तव में यह मानव मन के मनोभावों का प्रतिबिम्बन है। इंसान विरह में प्रेमी पर क्रोधित होता भी है, लेकिन थोड़ी ही देर में वे गरजने वाले बादल आँसू के रूप में बरस जाते हैं। काव्य में प्रत्येक शब्द किसी विशेष संदर्भ में प्रयोग होता है। प्रसाद जी शब्द–चयन विलक्षण हैं। आँसू रचना में 'समुद्र' शब्द के लिए ही उन्होंने पारावार, जलनिधि, रत्नाकर, सागर, जलधि जैसे पर्याय चुने हैं। जैसे–

'देखा बौने जलनिधि का शशि छूने को ललचाना'(पृ.27)

या

'यह पारावार तरल हो फेनिल हो गरल उगलता।'(पृ.9)

इसी प्रकार के शब्द चयन की भिन्नता से आँसू काव्य भरा पड़ा है। शब्द-चयन के बाद काव्य में वाक्य चयन की प्रक्रिया और महत्वपूर्ण होती है। एक ही बात अलग-अलग वाक्यों में कही जा सकती है। कई बार पूर्ण वाक्यों में, कभी अपूर्ण वाक्यों में या कभी सीधे-सीधे अभिधा में या लक्षणा और व्यंजना का सहारा लेकर बात कही जाती है। वस्तुत: उद्देश्य होता है सटीक भावाभिव्यक्तिय चाहे जिस प्रकार हो। जैसे - 'जीवन का लाभ नहीं वह वेदना पद्यमय छल में' आँसू का यह वाक्य जहाँ नकारात्मक है वहीं प्रसाद जी ने प्रश्नवाचक वाक्यों के सहारे यह पूँछा है कि - 'उस पार कहाँ फिर जाऊँ तम के मलीन अंचल में।'

काव्य की रचना प्रक्रिया में कई बार भावाभिव्यक्ति इतनी प्रगाढ़ होती है कि वह व्याकरणिक प्रतिमानों और काव्यशास्त्रीय सिद्धांतों का अतिक्रमण कर जाती है। यही विचलन है। शैलीविज्ञान काव्य के इसी विचलन का अध्ययन करता है। जिस प्रकार अवधूत कोटि के महापुरुषों का अवलोकन सामान्य जन की भाव भूमि से नहीं हो सकता। ऐसे महात्माओं को समझने के लिए उनके स्तर का ही भावबोध होना चाहिए। इसी प्रकार महान कृतियों के मूल्यांकन के लिए सामान्य पद्धति से परे होकर देखना पड़ता है। यही विचलन का अध्ययन है।

काव्य में विचलन कई स्तर पर हो सकता है। आँसू की इन पंक्तियों में प्रसाद जी ने ध्वनि सम्बन्धी विचलन का बड़ा ही सुंदर प्रयोग किया है-

'बिजलीमाला पहने सा फिर मुस्क्याता-सा आँगन में।
कामना-सिंध लहराता छबि पूरनिमा थी छाई।'(पृ.10)

यहाँ 'मुस्क्याता' के स्थान पर मुस्काता भी प्रयोग में लाया जा सकता था लेकिन मुस्क्याता में जो कर्ण-प्रिय सरस ध्वनि समाहित है वह वह मुस्काता में नहीं। यही बड़े कवि की पहचान है। इसी प्रकार 'आँसू' जैसे काव्य को रस-प्रवण बनाने में 'पूरनिमा' ही सार्थक है पूर्णिमा नहीं। अर्थ के स्तर पर भी आँसू में एक अनूठा विचलन देखा जा सकता है। महाकवि की उक्ति है -

'वेदना मधुर हो जाए मेरी निर्दय तन्मयता,
मिल जाए आज हृदय को पाऊँ मैं भी सहृदयता।'

आँसू की यह पंक्ति पढ़कर जलाने वाली वेदना भी मधुर लगने लगती है। और तन्मयता जो कि प्रेम का सहज गुण है कवि उसे निर्दय कहता है। क्योंकि विरह में अपने प्रियतम को निर्दय कहने में भी एक रस मिलता है। उलाहना का ही सुख गोपियों ने भ्रमरगीत में लिया है। प्रेम का सुख प्रेमी को निर्दय कहने में ही है। प्रेमी को दयालु कहना तो निरी चाटुकारिता है।

शैलीवैज्ञानिक अध्ययन में चयन और विचलन के बाद 'समांतरता' के अवलोकन को महत्व दिया जाता है। पश्चिमी शैलीविज्ञान में समांतरता के लिए 'पैरेललिज्म'(Parallelism) का प्रयोग किया जाता है। 'सामान्य प्रयोग में भाषा का सामान्य, अवक्र तथा अविचलित रूप प्रयुक्त होता है, जिसे पश्चिमी शब्दावली के आधार पर सामान्य भूमि या पुरावस्था अथवा पश्चभूमि कह सकते हैं। किन्तु काव्य-भाषा इससे भिन्न होती है। इसे नव्यव्यवस्था अथवा अग्रभूमि की आवश्यकता होती है। काव्य-भाषा नव्यव्यवस्था अथवा अपने को सामान्य भाषा से अलग करने के लिए विचलन, अप्रस्तुत विधान, तथा समनान्तरता का प्रयोग करती है। (भोलानाथ तिवारी, शैलीविज्ञान, पृ.101)

समानान्तरता से आशय है किसी रचना में समान या विरोधी भाषिक इकाइयों का प्रयोग। इसमें समान भाषिक इकाई की एक या अधिक बार आवृत्ति होती है अथवा दो या अधिक विरोधी भाषिक इकाइयाँ साथ-साथ आती हैं। अर्थात् इसमें समान या विरोधी संतुलन होता है और यह संतुलन समानान्तरता के कारण ही संभव होता है।(वही)

समानान्तरता बाह्य तथा आंतरिक होती है। बाह्य समानान्तरता शब्दालंकारों में होती है, जिसमें ध्वनि, आवृत्ति आदि मिल कर रूपगत समनान्तरता का निर्माण करती हैं। आंतरिक समानान्तरता अर्थालंकारों की होती है जिसके अंतर्गत अर्थ की समता, विरोध, न्यूनता, अनन्यता, तद्रूपता, शब्दों एवं पदों की आवृत्ति से भी समानान्तरता व्यक्त होती है। समानान्तरता के माध्यम से काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है तथा कविगत भावों, अनुभवों, विचारों, अनुभूतियों का सामान्यीकरण होता है।
(तुलनीय- पाण्डेय शशिभूषण 'शीतांशु', शैलीवैज्ञानिक समांतरता और भारतीय अलंकार - विवेचन, गवेषणा, 48, पृ.1-24)

'आँसू' में ध्वनि समानान्तरता रचना की प्रत्येक पंक्ति में अनुभव की जा सकती है। कविता में जब समान ध्वनियाँ मिलकर एक विलक्षण नाद सौंदर्य को उत्पन्न करती हैं। यथा -

'अवकाश, शून्य फैला है, शक्ति न और सहारा।'(श्, स् ध्वनियाँ)

और

'तिरती थी तिमिर उदधि में नाविक रू यह मेरी तरणी।'(त्,र् ध्वनियाँ)

इसीप्रकार 'आँसू' में रूपगत समानान्तरता सामान्यत: प्रत्येक छंद के अंत में देखी जा सकती है। यथा-

'चमकूँगा धूल-कणों में,
सौरभ हो उड़ जाऊँगा।
पाऊँगा कहीं तुम्हें तो,
ग्रह-पथ में टकराऊँगा।।'

और

'तुम सुमन नोचते सुनते
करते जाते अनजानी।' (पृ.22)

इसी प्रकार,

'इस हृदय-कमल का घिरना,
अलि-अलकों की उलझन में।
आँसू-मकरंद का गिरना,
मिलना विश्वास-पवन में।।'(पृ.78)

'आँसू' में प्रसाद जी ने अपने विशिष्ट भावों, अनुभवों, अनुभूतियों के वाचक शब्दों/उक्तियों के साथ-साथ समानान्तर शब्दों/उक्तियों का प्रयोग करके उन्हें सामान्यीकृत कर दिया है। यह अर्थ-समानान्तरता निम्न पंक्तियों में देखी जा सकती है-

1. 'हीरे-सा हृदय हमारा...' (पृ.53)
2. 'जल उठा स्नेह-दीपक सा नवनीत हृदय था मेरा' पृ.85
3. 'नचती है नियति नटी-सी'
   कंदुक-क्रीड़ा सी करती।'(पृ.52)

कवि अपने मूर्त/अमूर्त भावों, अनुभवों को प्रत्यक्षीकृत एवं सामान्यीकृत करता है। संदर्भगत समानान्तरता इस प्रक्रिया में कवि की सहयोगी होती है। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि एक संदर्भ दूसरे समनान्तर संदर्भ से अंतर्क्रिया कर के अर्थगत व्यापकता प्राप्त करता है। 'आँसू' में भिन्न-

भिन्न संदर्भों की समनान्तरता को इस प्रकार समझा जा सकता है– जैसे 'आँसू' में प्रसाद जी ने 'मुख' के वर्णन करने के लिए इसके समनान्तर संदर्भ में कमल(पृ.37), चंद्र(पृ.5, 46, 47), विधु(पृ.30), और शशि(पृ.23) को लिया है। इसी प्रकार आँख के संदर्भगत समनान्तर मछली(पृ.73) और नीलम की प्याली(पृ.31) को लिया है। आसान भाषा में इसे हम ऐसे समझ सकते हैं कि जिन शब्दों के माध्यम से किसी शब्द विशेष के भिन्न–भिन्न वर्णन किये जा सकें। जैसे मुख कमल के समान है या चंद्र के समान है। इसी प्रकार प्रसाद जी ने अपने काव्य आँसू में अनेक संदर्भगत समानान्तर शब्दों का प्रयोग किया है। इन्हीं प्रयोगों के कारण छायावाद युग में प्रसाद जी अविस्मरणीय हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रसाद, जयशंकर, आँसू, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 2000.
2. तिवारी, भोलानाथ, शैलीविज्ञान ,किताबघर प्रकाशन, दिल्ली, 1977.
3. नगेंद्र, शैलीविज्ञान , नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 1976.
4. पांडेय, शशिभूषण, 'शैलीवैज्ञानिक मानदंड और भारतीय अलंकार विवेचन,' गवेषणा , खंड 48, 1986, पृ.1–24.
5. पांडेय, शशिभूषण 'शीतांशु', शैलीविज्ञान: स्वरूप, प्रकार्य, एवं व्यापित, वीक्षा , 1973, चच. 41–94.
6. मिश्र, विद्या निवास, रीतिविज्ञान , राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली, 1973.
7. विमल, कुमार, छायावाद का सौंदर्यशास्त्रीय अध्ययन , राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, 1970.
8. शर्मा, कृष्ण कुमार, शैलीविज्ञान की रूपरेखा , जयपुर, 1974.
9. शुक्ल, रामचंद्र, चिंतामणि , भाग 2, सरस्वती मंदिर, काशी, 2002.
10. श्रीवास्तव, रवींद्रनाथ, शैलीविज्ञान और आलोचना की नई भूमिका , केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा, 1972.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कथाकार शिवानी के कथा साहित्य में सामाजिक समस्याएँ वर्तमान परिवेश में प्रासंगिकता

रेखा शर्मा * डॉ. संध्या बिसेन**

* शोधार्थी, स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, बालाघाट (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (हिन्दी) स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, बालाघाट (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – साहित्य समाज का दर्पण है। साहित्य और समाज एक दूसरे के पूरक है। साहित्य और समाज का घनिष्ठ संबंध है। एक साहित्यकार समाज मे उपस्थित वर्तमान, देशकाल परिस्थतियों को दृष्टिगत रखते हुए साहित्य का निर्माण करता है। साहित्यकार समाज में व्याप्त समसामयिक परिस्थतियों को केन्द्र में रखकर ही साहित्य का निर्माण करता है। भारतीय संस्कृति एवं समाज की धरोहरो को सहेजने का कार्य करता है।

व्यक्ति समाज का ही अंग है। वह समाज मे रहकर विभिन्न परिस्थतियो एवं अनुभूतियो को ग्रहण करता है। तथा वह अनुभूतियो को साहित्य के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। एवं समाज मे संप्रेषित करता है मुंशी प्रेमचंद के शब्दो में –

'मैं उपन्यास को मानव का चित्र समझता हूँ। मानव चरित्र पर प्रकाश डालना और उसके रहस्यों को खोलना ही उपन्यास का मूल तत्व है।'

मनुष्य जीवन के यथार्थ को खोल देना, जीवन की वास्तविकता को प्रगट करना साहित्य का मूल भाव है। एवं संभवत: समस्या का समाधान भौतिक एवं मानसिक स्तर पर प्रयास करना ही साहित्य का उद्देश्य होता है। स्वातंत्रयोत्तर युग में औद्योगिकीकरण यांत्रिकीकरण राजनैतिक एवं सामाजिक उथल पुथल और अस्तित्ववादी भौतिकोन्मुख चिंतन के कारण उत्पन्न स्थिति के फलस्वरूप नारी जागरण एवं स्त्रीशिक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार हुआ जिसके फलस्वरूप साहित्य के प्रत्येक क्षेत्र में समृद्धि प्रदान करने वाली महिला साहित्यकारो की एक सशक्त पीढ़ी का उदय हुआ जिसने समाज में व्याप्त सभी दुख दर्दो अर्न्तद्धन्दो, परिवेश मे प्रचलित कुप्रथाओ, कुरीतियो मनोवैज्ञानिक आर्थिक एवं राजनैतिक समस्याओ पर अपनी लेखनी की पैनी धार से उकेरा है। एवं अपने उद्धारो से पाठको को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

हिन्दी साहित्य में अपने सशक्त हस्ताक्षर जिन्होंने सामाज में व्याप्त समस्याओ पर अपनी लेखनी चलाई है, उनमे से प्रमुख हस्ताक्षर है–

1. **अमृता प्रीतम**
2. **शिवानी जी**
3. **कृष्णा सोबती**
4. **उषाप्रियंवदा**
5. **मन्नू भंडारी**

मेरे शोध का विषय मेरी प्रिय लेखिका शिवानी जी द्धारा समाज में व्याप्त सामाजिक परिवेश में घुली हुई समस्याये जो कि हमारे जीवन के कुछ इस तरह घुलमिल गई है कि वे नजर आकर भी जीवन का एक अंग की तरह सदा साथ–साथ चलती हुई नजर आती है। लेखिका द्धारा समसामयिक परिवेश में व्याप्त सामाजिक समस्याऐ जो वर्तमान परिवेश में आज प्रासंगिक है। एक विश्लेषणात्मक अध्ययन निम्नानुसार है–

1. सामाजिक समस्या:–

1.1. दहेज प्रथा
1.2. बालविवाह
1.3. बहुविवाह
1.4. अनमेल विवाह
1.5. प्रेम विवाह (समाज की अस्वीकार्यता)
1.6. अंतर्जातिय विवाह
1.7. विवाह विच्छेद
1.8. कुष्ठरोगियों का सामाजिक बहिष्कार
1.9. आत्म हत्या की समस्या
1.10. संयुक्त परिवार का विघटन

2. प्रेम समस्या:–

2.1. स्वच्छन्द प्रेम
2.2. असफल प्रेम
2.3. माता–पिता एवं संतान की समस्या
2.4. परदेश प्रेम की समस्या

3. राजनैतिक समस्या:–

3.1. राजनीति दाम्पत्य जीवन में बाधक
3.2. राजनीतिक भ्रष्टाचार
3.3. राजनीतिक दाँवपेंच
3.4. राजनीतिक प्रभाव

4. आर्थिक समस्या :–

4.1. बेरोजगारी एवं रिश्वतखोरी की समस्या
4.2. अनमेल विवाह
4.3. असफल प्रेम

शिवानी जी के उपन्यासो मे उक्त वर्णित समस्याऐ जो कि आज के परिवेश मे भी उतनी ही प्रासंगिक है उपन्यास 'मायापुरी' मे संयुक्त परिवार के टूटने का चित्रण मिलता है।

'कृष्णकली' उपन्यास में रजनीकांत की पत्नी के स्वर्गवास होने पर

रजनीकांत द्वारा उसके नाम का स्कूल बनाने पर घर की वृद्ध दासी कहती है – जब तक रही उसका मुहँ तक न देखा। क्या दोष था उस बच्ची का सिर्फ रूप ही तो नहीं था। अहा! कैसी लक्ष्मी थी कितना दहेजलायी थी। उसकी बदौलत इस कोठी में राज कर रहे है। सब भूल गये। इस तरह शिवानी ने दहेज एवं सौन्दर्य की समस्या का जिक्र किया है।

'कृष्णकली' के मातापिता कुष्ठरोगी होने के कारण वे सामाजिक रूप से तिरस्कृत है। एवं कली का लालन पालन एक वेश्या करती है। जिस वजह से उसका प्रेमी प्रवीर समाज से टकराकर 'कली' को स्वीकार नहीं कर पाता जिससे टूट कर कली आत्महत्या कर लेती है।

'श्मशान चंपा' मे चंपा डॉक्टर हैं सभी तरह से योग्य होने के बाद भी बहन के अर्न्तजातीय विवाह के कारण उसकी सगाई टूट जाती है। आज भी हमारे समाज में अर्न्तजातीय विवाह स्वीकार्य नहीं है।

'चल खुसरो घर आपनेय– शिक्षित युवा नारी कुमुद के कर्त्ताव्य प्रेम और सामाजिक बंधनों के कारण उत्पन्न अंतर्द्वन्द की मार्मिक गाथा प्रस्तुत करता है।

'कैंजा' नंदी तिवारी एवं सुरेश भट्ट की एक तरफा असफल प्रेम का प्रस्तुतीकरण है। ज्योतिषी पिता द्वारा बेटी का विवाह न होने से सुरेश अपना मानसिक संतुलन खो देता है। एवं पगली कमला के बलत्कार से उत्पन्न पुत्र का लालन पालन नंदी तिवारी द्वारा करना। बहुत सी सामाजिक समस्याओ का वर्णन किया है।

वेश्याओं के जीवन के प्रति आधुनिक नारी का आक्रोश व्यक्त करते हुए लेखिका 'रथ्या' मेंकहती है कि –

'कब खुलेगे पुरुष वेश्याओ के बाजार' वेश्या भी नारी है उसके मन मे भी प्रेम व त्याग की भावना होती है वह भी सफल ग्रहणी बन सकती है। 'श्मशान चंपा' उपन्यास में त्यागमयी वेश्या का चित्रण किया गया है।

'कालिन्दी' उपन्यास मे अन्नपूर्णा के बाल विवाह का जिक्र है। एवं विवाहोपरांत उस पर दहेज के लिए मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना का मार्मिक चित्रण है। पिता द्वारा पुत्री को पुन: ससुराल न भेजने के कारण आजीवन पतिविहीनजीवन भोगती है। दहेज के कारण कालिंदी का विवाह भी होते होते रूक जाता है।

'रतिविलाप' लघु उपन्यास में हीरावती का विवाह बचपन मे अधेड़ के साथ करा दिया जाता है। 'पाथेय', 'पुष्पहार', पिटी गोट आदि कहानियों में भी कम आयु में विवाह कराये जाने के उदारण है।'गैंडा' लघु उपन्यास में राज अपने बदसूरत पति के कारण कुण्ठित जीवन जी रही है। और सुपर्णा के पति को अपने रुपजाल में फँसा कर दोनो का दाम्पत्य जीवन बर्बाद कर लेती है। 'पूतोवाली' उपन्यास मे समकालीन परिस्थतियो मे समाज में वृद्ध माता–पिता के प्रति संतान का असंवेदन, गैर जिम्मेदराना, व्यवहार को इंगित किया है। 'तीसरा बेटा' में आज के टूटते परिवार नये रिश्ते के बदलाव का चित्रण एवं अनाथ बच्चों की समस्या को ध्यान में रखा है।

तर्पण (लघु उपन्यास) नायिका पुष्पा पंत जिससे 13 वर्ष की उम्र में बलत्कार होता है। बलत्कारी भोला नाथ नेता बनकर गाँव मे सम्मान पाता है। तब नायिका उसकी हत्याकर खून से माता पिता को तर्पण करती है।

अर्थ कई समस्याओं का कारणभूत तत्वहै।इसके तले मनुष्य परिवार समाज ही नहीं धर्म और राजनीति भी इसके अर्न्तगत ही पलते, फूलते और संचालित होते हैं। लेखिका को अर्थ के कारण समाज मे व्याप्त परिवर्तन, सामाजिक ताना बाना एवं जन्म लेती समस्याऐ प्रभावित करती है।

शिवानी ने अपने साहित्य मे यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होने समाज की वास्तविकताओ को बिना किसी लाग लपेट के उजागर किया है। उन्होने समाज में व्याप्त ठगी बाबाओ द्वारा किये गये जादूटोने, पंडो द्वारा किये गये धार्मिक भ्रष्टाचार, दहेज एवं अनमेल विवाह पंडो का यथार्थ रूपण चित्रण किया है। 'मायापुरी' में प्रचुर वैभव – सम्पत्ती प्रभावित होकर अपनी स्वछन्दमना अनाकर्षक पुत्री सविता के लिए सतीश जैसा सुयोग्यवर जुटा लेते है।

लेखिका के शब्दो में – अपने वैभव से सबसे वाँछनीय नररत्न का हृदय जो उसके चरणो मे डाल दिया है।

आर्थिक विपन्नता समाज को अव्यवस्थित कर देती है। गरीबी के कारण 'चौदह फेरे' उपन्यास की मल्लिका अपनी बसी बसाई गृहस्थी उजाड़ देती है। मात्र पैसे के लिए उसका नैतिक पतन हो जाता। इस आर्थिक विपन्नता के कारण कई सामाजिक समस्याओ का जन्म होता है।

साहित्य संसार में उपन्यास साहित्य की वह विधा है जिसमे सारा समाज दर्पण के सामने पड़ने वाली परछाई के समान दृष्टिगोचर होता है।

भारतीय समाज में जहाँ एक तरफ नारी को 'यत्र नारी पूज्यन्ते, रमंते तत्र देवता' की भावना के तहत देवी तुल्य मानकर पूज्यनीय माना गया है। वही इसका दूसरा पहलू यह है कि नारी को दूसरे पायदान पर रखकर उसका शोषण किया गया है। विधव नारी, बलात्कार पीड़िता, कुंठाग्रस्तता नारी का कई रूप आज के परिवेश में चारो ओर दिखाई देता है। शिवानी ने समाज में नारियो का समस्त विडम्बनाओ का यथार्थ वर्णन किया है। भारतीय समाज में नारी का विधवा जीवन एक अभिशाप है।वर्तमान युग की बात छोड़ दे तो पहले विधवा को पुनर्विवाह की स्वीकृति नहीं थी। उक्त नारी अभिशप्तता का वर्णन शिवानी जी ने बहुत ही मार्मिकता के साथ प्रस्तुत किया है।

निष्कर्ष – वर्तमान परिवेश मे संयुक्त परिवारो का विघटन हमारे सामाजिक ढाँचे को चरमरा रहा है। एकल परिवार का चलन बढ़ने से माता–पिता एवं दम्पत्ति एवं बच्चे रोज ही एक नई समस्या से जूझ रहे है।बढ़ते वृद्धाश्रमो की संख्या जहाँ हमारा उनके प्रति असंवेदनशीलता का प्रदर्शित करता है। वही युवा पीढ़ी, वृद्धो की देखभाल के आभाव मे दिग्भ्रमित होकर सर्वनाश की ओर जा रही है।

युवा वर्ग में बढ़ती स्वतंत्रता, स्वच्छन्दता प्रेम विवाह, अनैतिक संबंध, दाम्पत्य जीवन में टूटन के रूप मे सामने आती है। स्वच्छन्द प्रेम, असफल प्रेम, अनैतिक संबंध से उत्पन्न संतान 'अवैधसंतान' जिसे अभी भी हमारा आधुनिक समाज अभी भी स्वीकार नहीं कर पाता है, एवं उनका लालन पालन आज समस्या ही हैं, चाहे वह ग्रामीण परिवेश हो या शहरी परिवेश।

राजनैतिक महत्कांक्षाओं की पूर्तिहेतु युवक–युवतिया अपने दामपत्य जीवन एवं प्रेम–संबंधो की बलि देने में तनिक भी विचार नहीं करते हैं। जिससे समाज में असंतोष, टूटन व्याप्त है परिवार अर्न्तकलह से गुजर रहे है, परिणाम स्वरुप 'तलाक' जैसा घाव परिवार को एवं समाज को मिला है। जो कि समय समय पर टीस उठती है। एवं आने वाली पीढ़ियो को दुखद परिणाम ही देती है।

आधुनिक चिकित्सा पद्धति एवं विकासशील समाज मे कुष्ठ आज भी छूत का रोग माना जाता है एवं व्यक्ति सामाजिक बहिष्कार का शिकार होता है।

बलत्कार आज के युग का सबसे अधिक अमानवीय कृत्य है, जिससे पूरा नारी समाज शर्मसार है। आज भी छोटी बच्चियाँ इस सामाजिक विद्रूपता

की शिकार होती है। एवं पूरे जीवन भर इस दंश को भोगती है। वेश्यावृत्ति समाज के लिए अभी भी एक अभिशाप है। मेरा मानना है कि वेश्यावृत्ति बलत्कार, अवैध संतान समाज का कोढ़ है, जिसे जड़ से उखाड़ फेकना अत्यंत आवश्यक है।

वृद्ध आश्रमो की बढ़ती संख्या मातापिता के प्रति संतानो का असंवेदनशील होना ही है। जो आने वाली पीढ़ियो को गर्त में ले जाने का कार्य ही करेगा एवं संस्कारहीन, संवेदनहीन, असहिष्णु, समाज का निर्माण करेगा।

लेखिका ने प्राचीन परिपाटी को तोड़कर विधवाविवाह की पैरवी की हैं साथ ही उसे स्वावलम्बी होकर समाज में संघर्ष रत रहने का साहस भी प्रदान किया है। एवं आत्मसम्मान से जीवन जीने हेतु प्रेरित किया है।

अत: कहा जा सकता है कि अपनी साहित्यक यात्रा के दौरान शिवानी जी द्वारा उठायीं गयी सामाजिक समस्याये वर्तमान परिवेश में आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'रतिविलाप'- शिवानी - राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली -पृष्ठ 18,19
2. किशनुली-शिवानी - राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली -पृष्ठ56
3. मायापुरी - शिवानी राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली- पृष्ठ 45
4. अतिथि- शिवानी राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली- पृष्ठ 86
5. चौदहफेरे - शिवानी राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली - पृष्ठ 42
6. रथ्या (कस्तुरी मृग) -शिवानी राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली - पृष्ठ 125
7. कैंजा- शिवानी - राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली - पृष्ठ 24, 78
8. कालिन्दी-शिवानी-राधाकृष्ण प्रकाशन, नईदिल्ली -पृष्ठ 18
9. अतिथि-शिवानी -राधाकृष्ण प्रकाशन, नईदिल्ली -पृष्ठ86
10. तर्पण- शिवानी -राधाकृष्ण प्रकाशन, नईदिल्ली -पृष्ठ78
11. कैंजा- शिवानी- राधाकृष्ण प्रकाशन, नईदिल्ली -पृष्ठ50
12. करिए छिमा (सम्पूर्ण कहानियाँ) राधाकृष्ण प्रकाशन, नईदिल्ली - पृष्ठ138
13. मणिमाला की हँसी (सम्पूर्ण कहानियाँ)राधाकृष्ण प्रकाशन, नईदिल्ली- पृष्ठ69
14. शिवानी सम्पूर्ण कहाँनियाँ-भाग-1 राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।
15. शिवानी सम्पूर्ण कहाँनियाँ-भाग-2 राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मनोविश्लेषणवाद और आधुनिक समाज

ऋतू धूरिया* डॉ. संध्या बिसेन**

*** शोधार्थी (हिंदी) सरदार पटेल विश्वविद्यालय, बालाघाट (म.प्र.) भारत**
**** सहायक प्राध्यापक (हिंदी) सरदार पटेल विश्वविद्यालय, बालाघाट (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – समाज और परिवार की प्राथमिक इकाई के रूप में व्यक्ति और उसकी मन किसी न किसी तरह से पूरे समाज को प्रभावित करता है। मनोविश्लेषण बाद में यही व्यक्ति के मन का ही विश्लेषण कर इसके विचार भावनाएं आदि को जानकर है हम समाज और व्यक्ति के मन अध्ययन कर समाज को एक उचित दिशा देने का प्रयास करते हैं। मनोविश्लेषणवाद मनोविज्ञान की ही एक शाखा है जो 20वीं शताब्दी के उत्तारार्ध में हमारी जानकारी में आई। जिस प्रकार जिस प्रकार मनोविज्ञान 'मानव व्यवहार का अध्ययन करता है ,उसी प्रकार मनोविश्लेषणवाद मन का विश्लेषण कर मन के गर्भ में छुपी हुई मूल प्रवृत्तियों का अध्ययन करता है।' 20वीं शताब्दी में मनोविश्लेषणवाद अपने प्रारंभिक रूप में केवल मां की व्याख्या तक ही सीमित रहा परंतु धीरे–धीरे आधुनिक समाज में यह है बहुत अधिक प्रचलित हो रहा है यह है साहित्य के क्षेत्र में एक नई क्रांति को लाया है जिससे रचनाकारों समाज ने अपने पात्रों/व्यक्तियों के मानसिक शारीरिक क्रियाकलापों के बीच मन में छुपे हुए भावों को उत्तरदाई पाया है।

शब्द कुंजी – मनोविश्लेषणवाद व मनोविज्ञान का संबंध, मनोविश्लेषणवाद और समाज के बीच संबंध,मनोविश्लेषणवाद का समाज पर प्रभाव , व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण चरण।

अध्ययन का उद्देश्य : प्रस्तावित अध्ययन के विशिष्ट उद्देश्य निम्नवत प्रस्तुत हैं:

1. समाज में मानव व्यवहार और मनोविश्लेषणवाद के बीच संबंधों का अध्ययन करना।
2. मनोविज्ञान वी मनोविश्लेषणवाद के परिपेक्ष में मानव मन की व्याख्या प्रस्तुत करना।
3. प्रस्तुत अध्ययन में समाज में स्थित व्यक्तियों की बना स्थितियों से अवगत कराना जो की
4. आधुनिक समाज में मानवीय व्यवहार के मूल कारण है।
5. व्यक्ति की सोच व उसके कार्य के पीछे मूल कर्म को जानने में सहायता करना।

उपकल्पना – प्रस्तावित शोध के विषय में यह परिकल्पना ली गई है,कि समाज में व्यक्तियों की मूल स्थिति और उनके द्धारा किए गए, अच्छे बुरे कार्यों के पीछे उसके व्यवहार के मूल कारणों की तह में जाकर निष्कर्ष निकालना।

शोध प्रविधि – प्रस्तावित शोध पत्र की अध्ययन विधि मुख्य रूप से विश्लेषण आत्मक व विवेचनात्मक है, जो सरकारी और गैर सरकारी स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं, विभिन्न पुस्तकों, शोध पत्र, इंटरनेट आदि का आश्रय लिया गया है।

मानव की गतिविधियों और स्वभाव का निर्धारण करने वाला वैज्ञानिक आधार पर निर्मित वाद है– मनो विश्लेषणवाद। यह मानव की मानविकीय और कृत्तयों का आधार को लेकर व्याख्या करता है। यह मानव के मन की आंतरिक प्रतिक्रियाओं के अध्ययन करने वाली आधुनिक अध्ययन पद्धति है।

आज के आधुनिक समाज, विचारधारा और जीवन के प्रति दृष्टिकोण और नैतिक मूल्यों को सबसे अधिक प्रभावित मनोविश्लेषणवाद ने किया है।

समाज और मनोविश्लेषण के बीच बहुत गहरा संबंध है। इस तरह हम समाज की सोच तथा सामाजिक पैठ को जान पाएंगे। सामाजिक पैठ – मतलब समाज की गहरी ऐसी सोच जो समाज के लगभग सभी परिवारों को किसी न किसी तरह से प्रभावित करतीहै।

समाज की इकाई परिवार और परिवार की प्राथमिक इकाई व्यक्ति है। व्यक्ति का मन किसी न किसी तरह से पूरे समाज को प्रभावित करता है। मन का विश्लेषण करना मनोविश्लेषण कहलाता है।

मनोविश्लेषण अर्थात मन को एक–एक विषय से अलग–अलग तार तार कर इसके विचारों ,कारणों तथा इसके होने वाले प्रभावों को जानना। इसके अंतर्गत मन की गहरी वैचारिक प्रणाली का अध्ययन किया जाता है, जो व्यक्ति को समझने में मदद करता है। यह बताता है कि व्यक्ति के अवचेतन विचार भावनाएं और प्रेरणाय समाज में उसके व्यवहार को किस तरह से प्रभावित करती हैं।

मनोविश्लेषण और समाज के बीच संबंध

अवचेतन मन का प्रभाव : फ्राइड के अनुसार हमारे मन का बड़ा हिस्सा अवचेतन मन से आता है जो कहीं ना कहीं हमारे व्यवहार को प्रभावित करता है इसके ही प्रभाव से संस्कृति दूषित या परिष्कृत होकर निकलती है। मानवीय व्यवहार और सामाजिक संरचना दोनों ही अवचेतन मन की दमित इच्छाएं और संघर्षो को प्रभावित करती हैं।

सामाजिक संरचना : सामाजिक संरचना जैसे परिवार शिक्षा कानून एक व्यक्ति के अवचेतन मन को आकार देने में अपनी महत्व भूमिका निभाता है, प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा आसपास का वातावरण तथा उसकी पारिवारिक लालन पालन तथा पोषण आदि। इस पथ पर निर्भर करता है कि वह अवचेतन

मन के किस प्रकार की भावनाओं को जगह दे रहा है, व किस प्रकार की सूचनाओं को एकत्रित कर रहा है।

सामाजिक संरचना और व्यवस्थाएं जैसे परिवार शिक्षा और कानूनी प्रणाली व्यक्ति में तरह-तरह की इच्छाओं के बीजों को आरोपित कर देते हैं, जो उपयुक्त वातावरण को पाकर पुष्पित और पल्लवित होने लगती है। परिवार, स्कूल,कॉलेज में मिलने वाला सम्मान, अपमान, परितोष आदि के बीज यहीं से रोपित किए जाते हैं । पारिवारिक वातावरण तथा सामाजिक वातावरण इसमें अपनी सशक्त भूमिका को निभाते हैं। सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक मानदंड व्यक्ति और व्यक्तिगत व्यवहार के विकास को प्रभावित करते हैं। उदाहरण के लिए फ्रायड ने भी लिखा है की 'दमनकारी समाज चिंता पैदा करते हैं'।

सामाजिक संघर्ष : मनोविश्लेषण सामाजिक संघर्ष को समझने में मदद करता है क्योंकि वह व्यक्ति और व्यक्तियों के मन में उत्पन्न होने वाली विचार भावनाओं को जानने का प्रयास करता है,जो कि समाज में रहकर एक प्रकार के संघर्ष को उत्पन्न करते हैं। सामाजिक संघर्ष से हमारा अभिप्राय यह है- वर्ग या क्लास संघर्ष,लिंग संघर्ष आदि। मनोविश्लेषण और समाज के बीच का संबंध में कई दृष्टिकोणों है। कुछ लोगों का मानना है कि मनोविश्लेषण व्यक्ति का संघर्षों को समझने का एक प्रभावी तरीका है, जबकि अन्य लोगों का मानना है कि मनोविश्लेषण सामाजिक संरचनाओं को समझने का एक उपकरण हो सकता है। मनोविश्लेषण का प्रभाव जिसमें साहित्य,कला संस्कृति आदि भी शामिल है। समाज का विश्लेषण करने के लिए मनोविश्लेषण का सिद्धांतों का उपयोग किया करता है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक तौर पर संबंधों को उजागर करता है।

मनोविश्लेषण ने सामाजिक मान्यताओं और मूल्यों के बारे में हमारी समझ को प्रभावित किया है।

फ्राइड के मनोविश्लेषण के काम से यह पता चलता है कि हमारे व्यवहार को अवचेतन मन की भावनाओं ने कैसे प्रभावित किया हैं। भारतीय सामाजिक मानदंड को एक आदर्श माना जाता है, पर आधुनिक परिवेश में इसकी कल्पना संभव सी लगती है। बाजारवाद, उपभोक्तावाद विदेशी संस्कृति,इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव जिसमें मोबाइल,नशा कामचोरी आदि महत्वपूर्ण अपनी उपस्थिति को दर्ज करते हैं।

मनोविश्लेषण ने हमारे सामाजिक जीवन जीने के तरीकों में परिवर्तन लाया है।

हमारे विचारों को किस प्रकार से प्रभावित किया जा रहा है। इसका अंदाजा विश्लेषण के माध्यम से धीरे-धीरे हमारे समझ आ रहा है। इंटरनेट का गलत उपयोग के कारण बनती रील्स, चित्रपट या फोटोस वेबसाइट, स्कूल, बाजार, दुकानों में आसानी से उपलब्ध हो जाने वाले नशा की अधिकता कामचोरी आराम पसंद जिंदगी, इन सब का नतीजा आज का बेरोजगार नशेड़ी बिगड़े युवाओं का एक बहुत बड़ा वर्ग जो इसका शिकार हो रहा है ।

मनोविश्लेषण ने सामाजिक आंदोलन और राजनीतिक विचारों को प्रभावित किया है।

सामाजिक आंदोलन से हमारा अभिप्राय वह विचार जो समाज को प्रभावित करें- जैसे शादी की उम्र में वृद्धि के बाद पति-पत्नी के मनोभावों का ना मिलना और बहुत सारी समस्याओं को जन्म देने का कारण बनता है। जहां तक राजनीतिक विचारों की बात है आराम पसंद जिंदगी के चलते कई राजनीतिक पार्टीयां अपनी योजनाओं को बनाते समय इस बात का विशेष ध्यान रखती है कि हमारी पार्टी को इस मानसिकता से अधिक से अधिक किस प्रकार से लाभ पहुंच सके। मार्क्सवाद का वर्ग संघर्ष, अमीर दिखने की चाहत,अपनी यथार्थता को पीछे छोड़ते हुए बहुत आगे की ओर निकल आई है ।ई.एम.आई तथा बाजार से कर्ज उठाकर अपना काम चलाना आदि इस बात को दिखाते हैं कि अब लोग अपनी आराम पसंद जिंदगी को चलाने के लिए किस-किस प्रकार की योजनाओं का उपयोग करते हैं।

मनोविश्लेषण पर समाज के कुछ प्रभाव निम्नलिखित है :

कला साहित्य मनोविश्लेषणवाद में कला साहित्य पर भी प्रभाव डाला है जिस कलाकारों और लेखकों ने मानव मन गहराइयों को अपनी रचनाओं में दर्शना शुरू कर दिया है, इस कारण प्रयोगवाद तथा प्रगतिवाद की कविताएं हमारे समक्ष आई हैं। जैसे

तन की मालीनता दूर करने के लिए प्रतिपल
पाप छाया दूर करने के लिए,
दिन रात स्वच्छ करने
ब्रह्मराक्षस घिस रहा है देह,
हाथ के पंजे बराबर
बांह -छाती,मुंह छपा- छप
खूब करते साफ
फिर भी मैल...
फिर भी मैल.....॥

: मुक्तिबोध (कविता -ब्रह्मराक्षस)

सामाजिक संस्कृति को प्रभावित किया है, प्राइवेट काम या नौकरी करने वालों ने अपना एक विशेष समाज बना लिया है। साथ-साथ इन्होंने अपनी एक विशेष संस्कृति को भी जन्म दिया है, जो काम के साथ-साथ सामाजिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डाल रही है। अपनी सुविधा के अनुसार नियमों को बनाना पुराने नियमों का उल्लंघन करना, स्वास्थ्य के प्रति उदासीनता तथा मन के मुताबिक खाना पीना, त्योहार मनाना आदि। भारतीय संस्कृति में त्योहार मान्यताओं तथा खानपान के पीछेके पीछे जो वैज्ञानिक नियम दिए गए थे, उनका तो आज धड़ले से उल्लंघन किया जा रहा है जिसका प्रभाव हमें सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहा है।

मनोविश्लेषण समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक मापदंडों की प्रतिक्रिया है जो संघर्षों और सामाज विरोधी तत्वों का पता लगाने में मदद करता है जो आधुनिक समाज में पनप रहे हैं।

सामाजिक परिवर्तन जिसका पता हमें मनोविश्लेषण के माध्यम से चल रहा है वह विचारों में बदलाव के साथ ही समाज के उत्थान या पतन का कारण बन रहे हैं सकारात्मक परिवर्तनों को अपनाकर हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं।

मनोविश्लेषण और समाज के बीच संबंध जटिल और प्रगतिशील है। मनोविश्लेषण समाज को प्रभावित करता है और समाज मनोविश्लेषण के अध्ययन को यह एक ऐसा संबंध है जो निरंतर गतिशील भाव से परिवर्तित हो रहा है जैसे परिवार, शिक्षा, परिवेश,पालन पोषण, पर्यटन,मान्यताएं आदि।

सामाजिक संबंध मनोविश्लेषणवाद सामाजिक संबंधों को समझने में मदद करता है यह मानसिक उलझन, परेशानियां, तनाव आदि के कारणों को उजागर करता है,जिसके समाधान से हमारे संबंध दुरुस्त होते हैं। संघर्ष के कारणों का पता लगाने के कारण समाज विरोधी तत्वों का पता लगाने में

भी इनमें मदद मिलती है, जो समाज के व्यक्तियों के बीच मतभेद वैमनस्यता आदि पैदा करते हैं।

सामाजिक परिवर्तन मनोविश्लेषणवाद सामाजिक परिवर्तनों के कर्म का पता लगाने में मदद करते हैं समाज में आए नितनएं परिवर्तन जैसे शिक्षा के अन्य विकल्प ऑनलाइन एजुकेशन डिस्टेंस एजुकेशन प्राइवेट डिग्री कोर्स स्किल डेवलपमेंट कोर्स रोजगार विकल्प करियर काउंसलिंग स्पोर्ट इंडस्ट्रीज आदि को मध्य नजर रखते हुए सामाजिक परिवर्तन आम बात है।

लिंग और यौनता मनोविश्लेषणवाद में लिंग और यौनता के बारे में सामाजिक दृष्टिकोण को प्रभावित किया है स्कूलों,कॉलेजों में यौन शिक्षा इस पर आयोजित परिचर्चाएं, इस बात को खुलकर सामने रखने आदि विषयों को लेकर बात करना अब आम बात हो गई है। इन विषयों पर अब केवल प्रिंट मीडिया और मूवी वगैरा में भी(विज्ञापनों और फीचर फिल्म के माध्यम से भी)इन्हें बनाया और बताया जा रहा,है कहीं ना कहीं समाज के लिए यह लाभप्रद है। देश और समाज में बढ़ते यौन अपराध तथा इसके पीछे आपराधिक मनोवृत्ति को जानने में मनोविश्लेषण का एक बहुत बड़ा हाथ है। दमित,कुंठित काम इच्छा, मजबूरी या आदतन, एडल्ट फिल्मों (देखना या काम करना) कारण चाहे जो भी हो इसका पता मनोविश्लेषणबाद ने लगाने का प्रयास किया है। आनंद की प्राप्ति के शॉर्टकट के साधन तथा अतृप्त मन व्यक्ति की योग्यता पर प्रश्न चिन्ह लगता है।

सामाजिक नीतियों : मनोविश्लेषणवाद के सिद्धांतों ने सामाजिक नीतियों को ध्यान में रखा है, और इसे प्रभावित भी किया है,- जैसे अपराध और न्याय प्रणाली में व्यक्तियों के मानसिक स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखकर न्याय और नीतियों को बनाया है। इन पर कार्य भी किया है। व्यक्ति की उम्र, स्थिति, वातावरण, कार्य का प्रारूप आदि को ध्यान में रखकर ही नीतियों और योजनाओं को बनाया जाता है, और यही अपराधियों के संदर्भ में भी लागू होता है।

भाषा जगत : भाषा जगत में आई उथल-पुथल तथा मिश्रित भाषा भाषाओं के शब्द अनकही इच्छा जो भाषा के माध्यम से पन्नों पर लाते हैं। लेखको, कवियों ने इसे कहानी,उपन्यास, रेखा चित्र, संस्मरण, आत्मकथा, जीवनी में आसानी से देखा जा सकता है। मनोविश्लेषणवाद की भाषा में महती भूमिका है,जिसे नकारा नहीं जा सकता अज्ञेय, जैनेंद्र, यशपाल आदि लेखकों की कृतियों में इसे आसानी से देखा जा सकता है।आधुनिक युग की रचनाएं भी आधुनिक,मुद्दों से प्रभावित है। यह मुद्दे हैं-जैसे दमित इच्छाएं कुंठा, तनाव, यंत्रवत जीवन, त्रासदी आकाल,अनकही भावनाएं,अपना संघर्ष, इच्छाओं से समझौता,आदि। इन्हीं मुद्दों पर आजकल अधिकतर रचनाएं आपको मिलेगी। आज का मनुष्य प्रगति के पथ पर बढ़ चला है। अब वह भाषा के लिखित तथा अलिखित माध्यमों से अपनी अधूरी इच्छाओं को पूरा करता है।

व्यक्तित्व विकास और मनोविश्लेषणवाद : मनोविश्लेषणवाद में व्यक्तित्व विकास और आत्म जागरूकता पर बल दिया है। अब कई ऐसे माध्यम उपलब्ध हैं,जिनके माध्यम से हम अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। अपनी व्यक्तिगत कमजोरी और ताकत को पहचान सकते हैं। उन पर काम कर सकते हैं। इसमें स्वभाव, व्यवहार, दृष्टिकोण में सुधार करना शामिल है, जो व्यक्ति को व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों रूपों से विकसित करने में मदद करती हैं।

व्यक्तित्व विकास के कई आयाम है जैसे :

शारीरिक विकास -शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण पहलू है नियमित व्यायाम और पोषण युक्त आहार, मानसिक और शारीरिक क्रियाकलाप आदि इस विकास में मदद करते हैं।

मानसिक विकास-इसके अंतर्गत सीखना, समस्या समाधान और तार्किक और व्यावहारिक सोच को शामिल किया गया है। शिक्षा,पुस्तकों को पढ़ना,नई-नई चीजों से सीखना(पहेलियां और क्यूब्स)आदि, मानसिक विकास में मदद करता है।

भावात्मक विकास- भावात्मक विकास जिसमें अपनी व दूसरों की भावनाओं को समझना महत्व देना,स्वीकार करना,प्रतिबंधित करना, प्रभावित करना,प्रेरित करना आदि को इसमें शामिल किया गया है। भावात्मक बुद्धि, आत्म जागरूकता और भावात्मक अभिव्यक्ति,भावात्मक विकास में मदद करती है,जो मनोविश्लेषणवाद के माध्यम से हमारे समक्ष एक-एक कारणों सहित प्रस्तुत होती है।

सामाजिक विकास-सामाजिक विकास में सामाजिक संबंधों को प्राथमिकता दी गई है संबंध बनाना व इसे बनाए रखना निभाना आदि को इसके अंतर्गत शामिल किया गया है सामाजिक कौशल सामाजिक सहानुभूति संचार कौशल सामाजिक विकास में मदद करता है क्योंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और इसके सारे क्रियाकलाप समाज पर ही निर्भर करते हैं अत: इसका सामाजिक विकास अत्यंत ही आवश्यक है जो इसे अंत तक सरवाइव करने के लिए बहुत जरूरी है। आज मनोविज्ञान में कई ऐसे टेस्ट मौजूद है जिनकी सहायता से हमें सामाजिक विकास में आ रही कमियोंध्बाधाओं का पता लगा सकते हैं, तथा इन्हें हम आसानी से दूर भी कर सकते हैं।

आध्यात्मिक विकास - व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास जीवन में जीने का अर्थ और जीवन का उद्देश्य को समझने की क्षमता आदि को इसमें शामिल किया गया है। ध्यान, योग,आध्यात्मिक प्रार्थनाएं,विकास में मदद करती हैं। जो मानसिक शांति की ओर जीवन को अग्रसर करते हैं। यू कहे तो व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास व्यक्ति को व्यक्ति से अपनी पहचान करता है तथा जीवन में शांति तथा नैतिक परिपक्वता और नैतिक विकास की ओर हमें ले जाता है कहीं ना कहीं यह हमें ईश्वर की ओर ले जाता है मनुष्य के जीवन का मोक्ष ही तो अंतिम लक्ष्य है। मनुष्य का आध्यात्मिक विकास मनुष्य को मनुष्यता से खाती है जो उसे जानवर से मनुष्य और मनुष्य से एक संभ्रांत समाज की ओर अग्रसर करती है

इस प्रकार मानव व्यवहार का अध्ययन विश्लेषण मूल्यांकन व व्याख्या करने वाले विज्ञान के रूप में मनोविज्ञान का अर्थ निहित है मनोविज्ञान से निकलने वाले संप्रदायों में गेस्टाल्ट वादी व्यवहार वादी वातावरण वादी मनोविश्लेषणवाद के प्रवर्तक वैज्ञानिक चिकित्सक सिगमंड फ्रायड का जन्म 1856 में आस्ट्रिया में हुआ इन्होंने सिद्ध कर दिया कि मनुष्य कार्य किसी न किसी कारक से प्रेरित होकर ही करता है और उसके कारण का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने मानव मन को कारण मानते हुए इसकी तीन तरह बताई है।

चेतन मन अर्ध चेतन मन और अवचेतन मन डॉक्टर बच्चन सिंह के शब्दों में चेतन मन सामाजिक प्रतिबंधों का मन है जिसमें सभ्यता संस्कृति अचार्य विचार कहा जा सकता है (आलोचना और आलोचना पृष्ठ संख्या 69) चेतन मन में मनुष्य का क्रियाकलाप और गतिविधियां दिखाई देती हैं परंतु क्रियाकलापों पर प्रभाव अंत:करण में छिपा अवचेतन मन का होता है मन में छपी दमित वासनाएं कुंठाएं आप अपूर्ण बढलती इच्छाएं लगातार लावा का रूप लेकर देखते हैं जो कभी ना कभी मनुष्य की संवेदनाओं को विभिन्न कर्म से यथार्थ रूप में हमारे समक्ष लाकर खड़ी कर देती हैं।

'अपने नरक की बेतरतीबी मैं ही ढूंढेंगी वें। अपनी अपरिहायृर्ता की तसतली / खीस भारी प्रसन्नता के साथ' (जहां की महिलाएं हो गई कहीं, पृष्ठ संख्या 37) समाज में मनोविश्लेषणवाद के सिद्धांतों के रसायन में घोलकर जो क्रियाएं हुई वह साहित्य में यथार्थ के चित्रण के रूप में उभरकर सामने आई 20वीं शताब्दी में जहां मन का विश्लेषण जोरों पर था वही साहित्य के रजक के रूप में फ्रायड के सिद्धांतों का अवतरण को और कर अज्ञेय, मुक्तिबोध जैनेंद्र इलाचंद्र जोशी आदि साहित्यकारों ने साहित्य में निरूपित यथार्थ का चित्रण के द्वारा मां के क्रोध में छिपे हुए वह दमित कामवासनाएं प्रस्तावित होती दिखाई देती हैं जो फ्रायड के कामवृत्ति के सिद्धांत के अनुरूप विकसित मन की अभिव्यक्ति, यथार्थ का रूप लेती हुई आज की नग्नता को भी पीछे छोड़ चुकी है।

फ्रायड-मनोचिकित्सक थे और मनोरोगियों के उपचार की दृष्टि से ही उन्होंने सिद्धांतों की स्थापना की इन्हें सिद्धांतों का प्रभाव कला और साहित्य पर काफी पड़ा फ्राइड का मत था की कला और धर्म दोनों का उद्भव अवचेतन मन की संचित प्रेरणाओं और इच्छाओं से होता है समाज का व्यक्ति या कलाकार अपने काम शक्ति के उदयाति कारण के लिए ही सृजन करता है समझ में साहित्य चित्रकला मूर्तिकला काव्य कला भाषण कला जन सेवा धर्म आदि इसी काम वृत्ति के उदात्तातीकरण के विभिन्न रूप है वृहद ने साहित्य समाज सृजन की जो बात कही है वह काम वृत्ति के अनुरूप में होगी तो ही समाज कल्याणकारी होगा तथा साहित्य भी इसमें एक सकारात्मक भूमिका निभा सकेगा।

वही मनोविश्लेषणवादी विद्धान यंग के सिद्धांत 'हीन भावना' के कारण अंतर्मुखी होना अपनी क्षमता को ना पहचान पाना आदि है जैनेंद्र यशपाल आदि उपन्यासकार मनोवैज्ञानिकता के सांचे में ढले हुए पात्र व उपन्यास हमें यह दिखाते हैं।

समाज में मानव के व्यवहार और यहां तक प्रकृति और मानव के बीच संबंध को भी मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के दायरे में लाकर खड़ा कर दिया है। सुसभ्य हैं हम सचमुच ? पांडवों से नहीं। बमों, मिसाईलों से रोंधते इस पृथ्वी को, बारूदी धुएं से उधेलते वायुमंडल खांसती, हांफती कांपती /मानवता कि ओर ताके। (ज्ञानेंद्रपति संषयात्मा पृष्ठ संख्या 103)

निष्कर्ष - आधुनिक समाज में मनोविश्लेषण के सिद्धांत मानव के चरित्र व मन के विचारों के पीछे के बीहड़ जंगल के अंधकार की अभिव्यक्ति है,जो यथार्थ के रूप में अनुभूतियां व वेदना के माध्यम से उधड़कर अपनी छिपी हुई अनैतिकता,विश्वास अति विश्वास, त्रास घुटन, कामवासना, अतृप्त इच्छाएं और संभ्रांत समाज के संस्कारों के पीछे घुटी हुई वह चेतना है, जो व्यक्त होकर अपनी अभिव्यक्ति से कुछ और संतोष तथा आत्मतुष्टि प्राप्त करने की कोशिश करती है।

'जिंदगी को भूल भुलैया मानकर / मैं दौड़ता और छटपटाता / अटकता / भटकता / जिसे खोज रहा हूं, वह द्वारा / मेरे मन का था।'
भारत भूषण अग्रवाल(उतना कहे सूरज)।(कविता समाप्ति)पृष्ठ संख्या 18

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. डॉ. सुनीता कुमारी- अज्ञेय के नारी पात्रों में मनोवैज्ञानिक चित्रण- पृष्ठ संख्या 2.
2. डॉक्टर बच्चन सिंह आलोचना और आलोचना - पृष्ठ संख्या 69
3. जहां की महिलाएं हो गई कहीं -पृष्ठ संख्या 37
4. ज्ञानेंद्रपति संषयात्मा-पृष्ठ संख्या 246
5. संपादक अशोक भाटिया श्रेष्ठ निबंध द पृष्ठ संख्या 389
6. डॉ. राजकुमार-हिंदी साहित्य मनोविश्लेषण सैद्धांतिक स्वरूप - कल्पना प्रकाशन, 2021 (भूमिका से) पृष्टसंख्या 1-2
7. डॉक्टर कामता प्रसाद पांडे-नवीन शिक्षा मनोविज्ञान विश्वविद्यालय प्रकाशन वाराणसी पृष्ठ संख्या 43, 270,316.
8. अरुण कुमार सिंह- समाज-मनोविज्ञान की रूपरेखा, मोतीलाल बनारसी दास इंटरनेशनल प्रकाशन, पृष्ठ संख्या 445, 615,
9. सोहन लाल तातेण और रत्नलाल जैन- जैन कर्म-विज्ञान और मनोविज्ञान, रीड वर्थी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या 137.
10. फाय्ड-मनोविश्लेषण-राजपाल एंड संस पब्लिकेशन हाउस पृष्ठ संख्या 219,292.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

प्रेमचंद की कहानियों में नारी अध्ययन

किरण ठाकुर* डॉ. संध्या बिसेन**

* शोधार्थी (हिन्दी) स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, बालाघाट (म.प्र.) भारत
** विभागाध्यक्ष (हिन्दी) स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड सोशल साइंस, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी, बालाघाट (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रेमचंद की कहानियाँ भारतीय जन की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व राजनीतिक परिस्थितियों को उजागर करती हैं। प्रेमचंद अपनी कहानियों में समाज के हर वर्ग के साथ नारी समस्याओं पर केवल चर्चा नहीं करते अपितु नारी के स्वतन्त्र होने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रेमचंद नारी के अस्तित्व को सजग करनेके लिये स्वयं सजग होने की सलाह देते हैं। नारी जागरण की जोत जगाने के लिए, प्रेमचंद अपने लेखन से घर-घर नारियों को जागृत करते हैं। प्रेमचंद जी का वर्षो पहले अपने कहानियों के माध्यम से नारी के अस्तित्व और मूल्यों के लिये जो संघर्ष किया वह नव जागरण के इतिहास में बहुमूल्य योगदान हैं। इसी कारण प्रेमचंद का 'नारी विमर्श' प्रासंगिक बना हुआ हैं।

शब्द कुंजी – प्रेमचंद, नारी विमर्श।

प्रस्तावना – प्रेमचंद नारी पात्रों को मध्य में रखकर लगभग डेढ़ सौ कहानियाँ लिखी। जिसमे हर एक कहानी किसी न किसी रूप से नारी जीवन से जुड़ी समस्या व्यक्त करती हैं एवं नारी की बहुरंगी छवियों को प्रदर्शित करती हैं। प्रेमचंद की शुरुआती कहानियाँ आदर्श संबंधी थी जिसका अध्ययन कर आम जन का मन परिवर्तित हो उठता था और समस्याओं को हल करने का मार्ग प्राप्त होता था। एक अंतराल बाद उनके कहानियों में घटनाओं के स्थान पर अनुभव आधारित यर्थाथ का लेखन दिखाई देने लगता है। अंत में उनकी कहानियाँ वास्तविकता का रूप धारण करती है जो सहानुभुति, करुणा, दया और गहनता को प्रदर्शित करती है।

सर्वप्रथम नारियों की पहल आर्य समाज ने की। उन्होंने विधवा विवाह और नारी शिक्षा पर ठोस कदम उठाये। ब्रहम समाज के संस्थापक राजाराम मोहन राय ने सती प्रथा का अंत किया औरनारियों को सशक्त बनाया। नारी संपत्ति और अंतर्जातीय विवाह के प्रति भी ब्रह्म समाज ने खासा समर्थन किया। बाल विवाह, पर्दाप्रथा, छुआछूत यह मुख्य उद्देश्य थे जिसमें नारियाँ स्वयं अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सामने आई।

महात्मा गांधी नारी शक्ति के सजग प्रहरी हुए। उन्होनें बाल विवाह, विधवा विवाह के प्रति उनका दृष्टिकोण यह था कि नारी पुरुष की गुलाम नहीं है। वह अर्धांगिनी है, दामिनी हैं। नारी को मित्र समझना चाहिए परन्तु पुरुष वर्ग उसे अपना साथी न समझकर उसका स्वामीमानता है। गांधी जी नारियों और पुरुषों के लिये समान अधिकार चाहते थे।

1930 ई. के समय भारतीय नारी की स्थिति में अत्याधिक परिवर्तन हुआ। इसमें नारी वर्ग राजनीति में भाग लेने लगा। देश की जागृति में हिन्दी कथाकारों में लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। प्रेमचंद गांधीजी से प्रभावित होकर लेखन के माध्यम से नारी जीवन को सशक्त करने लगे।

प्रेमचंद की कहानियों में नारी संघर्ष – भारतीय समाज पुरुष प्रधान होने के कारण यहाँ पुत्रियों को वह स्थान नहीं मिलता जो पुत्रों को मिलता है और यह स्थिति आज संतोषप्रद नहीं है। जिस समाज में हम रहते है यहाँ कहाँ जाता है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' इसके बाद भी नारी की स्थिति दयनीय हैं। प्रारंभिक काल में नारी को समाज में अभिशाप माना जाता था। प्रेमचंद के कथा साहित्य में इस घटना का चित्रण मिलता है। समाज का पुरुष अपनी स्त्री से इसीलिए नाराज रहता है कि वह वंश को आगे बढ़ाने के लिए बालक को जन्म नहीं देती हैं। 'नैराश्य' कहानी की निरुपमा ऐसी ही अभागनी स्त्री हैं। उसका विवाह एक सम्पन्न परिवार में हुआ। परन्तु कन्या जन्म के कारण सदैव पति से तिरस्कृत होती रहती हैं। कहानी के कुछ अंश इस प्रकार हैं- आज आदमी अपनी स्त्री से इसलिए नाराज रहते हैं कि उसके यहाँ लड़कियाँ क्यों होती हैं, लड़के क्यों नहीं होते। सीधे मुँह बात नहीं करते। कई दिनों तक घर में ही नहीं आते और आते भी तो इस तरह खींचे तने रहते कि निरुपमा थर-थर काँपती रहती थी कि कही गरज न उठे। सबसे बड़ी विपत्ति यह थी कि त्रिपाठी जी ने धमकी दी थी कि कन्या हुई तो मैं घर छोड़कर निकल जाऊँगा।इस नर्क में क्षण भर भी न ठहरूंगा। निरुपमा को यह चिंता खाई जाती थी। निरुपमा घोर निराशा की दशा में अपनी भाभी को पत्र भेजती, उसकी भाभी उसे महात्मा के दर्शन के लिए बुला लेती है और बोलती है कि महात्मा का आर्शीवाद निष्फल नहीं जा सकता। अब वह पुत्रवती होगी। जब वह गर्भवती हुई तो सबके दिलों में आशाएँ हिलोरे लेने लगी लगी। उसका सम्मान बढ़ जाता है किन्तु कुछ समय पश्चात् जब पुन: कन्या हुई तो जनते ही मृत्यु को प्राप्त हो जाती है।

हमारे समाज में नारी की आरंभिक दशा यहीं थी जिन कार्यो के लिए पुरूषों का गुण-दोष नहीं देखा जाता था, उसी के लिए नारी प्रताड़ित होती रही हैं। प्रेमचंद ने इस कहानी के माध्यम से समाज के इस दोहरी नीति और छोटी मानसिकता पर करारा प्रहार करते हैं। उनका यह संदेश है कि सामाजिक अन्याय और धार्मिक कर्मकांडों से जीवन की शांति नहीं प्राप्त हो सकती। सच्चे जीवन की खोजके लिए हमें समाज और धार्मिक मान्यताओं से ऊपर उठकर सोचना चाहिए।[1]

प्रेमचंद अनमेल विवाह के विरुद्ध थे। इन विवाह से विवाहिक जीवन में

क्या-क्या समस्याएँ आती है इसका यर्थाथ चित्रण 'नरक का मार्ग' और 'नया विवाह' कहानियों में चित्रित किया हैं।

कहानी 'नरक का मार्ग' की मुख्य पात्र एक महिला है जो एक ऐसे व्यक्ति से शादी करने के बाद अपना जीवन बर्बाद कर लेती है जो उससे मेल नहीं खाता। वह अपनी दुर्दशा के लिए अपने पति और पिता को जिम्मेदार ठहराते हुए अपना दु:ख व्यक्त करती हुई कहती है 'कभी-कभी मुझे बेचारे पर दया आती है यह नहीं समझते कि नारी जीवन में कोई ऐसी वस्तु भी है जिसे खोकर उसकी आँखों में स्वयं भी नरक तुल्य हो जाता है।[2]

कहानी 'नया विवाह' की आशा अपने से काफी बड़ी उम्र के पति को पाकर खुश नहीं हैं वह अपने धर्म को निभाना जानती है किन्तु यौवन की आकाक्षाएँ उसे घर के नौकर के प्रति आकर्षित कर देती है जब जुगल आशा के रूप सौन्दर्य की प्रशंसा करता है तो उसका मन उमंग से भर उठता है। वह सोचती है लाला डंगामल ने असंख्य बार आशा के रूप और यौवन की प्रशंसा की थी, मगर उनकी प्रशंसा में उसे बनावट श्री गंध आती थी। वह शब्द उनके मुख से निकलकर कुछ ऐसे लगते थे, जैसे पंगु दोड़ने की चेष्टा कर रहा हो। जुगल के इन सीधे शब्दों में एक नशा था एक चोट थी। आशा की सारी देह प्रकम्पितहो गई।[3]

'सौत' व 'स्वामिनी' कहानियों में लेखक ने एक ऐसे चरित्र का निर्माण किया जो प्रेम, त्याग, बलिदान के साथ-साथ स्त्री सुलभ ईष्या से भी भरी प्रतीत होती है।

'सौन' कहानी में रामू, रजिया का पति जो औलाद की चाह में दुसरा विवाह करता हैं। सौतन के घर आ जाने से रजिया के मन में ईर्ष्या का भाव जागने लगता है किन्तु रजिया अपनी ईर्ष्या का भाव दबाकर घर छोड़ देती है और अपनी स्वयं की पहचान बनाती हैं। जब उसे पता चलता है कि रामू अंतिम सॉस ले रहा है तो उसका मन नही मानता और वह रामू से मिलने आ जाती है और अंत में रामू की मृत्यु हो जाने के बाद सौतन को गले लगाकर कहती है क्यों रोती है बहन ? वह चला गया। मैं तो हूँ। किसी बात की चिन्ता न कर।[4]

'स्वामिनी' कहानी की नायिका भी अपने पति की मृत्यु के बाद खुद को संभालते हुये सारे घर का दायित्व अपने कंधों पर लेकर सब कुछ परिवार के लिए समर्पित कर देती है। रामप्यारी के रूप में लेखक ने एक ऐसे चरित्र का चित्रण किया है जो सामान्य होकर भी विशिष्ट है जिसके विषय में लेखक कहते है 'एक-एक करके प्यारी के गहने उसके हाथो से निकलते जाते थे। वह चाहती थी मेरा घर गाँव में सबसे सम्पन्न समझा जाए।'

कभी घर की मरम्मत के लिए, कभी बैलों की नई गोई खरीदने के लिए, कभी नातेदारों के व्यवहार के लिए और कभी बीमारों की दवा दारु के लिए रुपयों की जरूरत पड़ती रहती थी। वह अपनी कोई न कोई चीज निकाल देती। चीजें एक बार हाथ से निकलकर फिर न लौटती थी। वह चाहती तो इनमें से कितने ही खर्चों को टाल जाती परन्तु रामप्यारी ऐसा न करते हुए अपने घर के मान सम्मान की रक्षा की।[5]

'सोहाग का शव' कहानी की नायिका सुभ्रदा भी अपने पति द्वारा धोखा दिये जाने पर मिन्नत नहीं करती। वह अपने स्वतन्त्र अस्तित्व की घोषणा करती है। जब उसे ज्ञात होता है कि लन्दन जाकर केशव किसी अन्य लड़की से विवाह कर रहा है तो वह इसका प्रतिरोध नहीं करती अपितु उस परिस्थिति में विजय प्राप्त करती है। वह कहती है 'क्या पुरुष हो जाने से सारी बातें क्षम्य और स्त्री हो जाने से सभी अक्षम्य हो जाती है।'[6]

प्रेमचंद समाज में विधवाओं की स्थिति पर प्रकाश डालते है। प्रेमचंद अपनी कहानी 'बेटों वाली विधवा' में विधवाओं की व्यथा व्यक्त करते है। जब तक पति रहता है तब तक उसका अपने घर पर अधिपत्य था परन्तु पति की मृत्यु के उपरान्त ही उसकी दशा अनाथों जैसी हो जाती है। कुछ धन सम्पत्ति और रूपये जो उसके पति कीअमानत थी उस पर भी उसका अधिकार रह नहीं जाता। जो कल तक घर की स्वामिनी थी आज वहीं नौकरानी से भी बदतर जीवन यापन कर रही है। सुबह उठकर घर का सारा काम करती, खाना बनाती, बेटे बहुओं को खिलाती, बर्तन चौका करती उसके बाद भी उसके साथ नौकरों के सदृश व्यवहार किया जाता। यहाँ तक कि उसका जो पहले का कमरा था वह भी खाली करा लिया जाता है और उसे एक छोटी सी कोठरी में भिखारिनी कीभाँति जीवन व्यतीत करना पड़ता है। हमारा समाज सोचता है कि विधवाओं को जानवरों की भाँति सिर्फ काम करना और भोजन दो की आवश्यकता होनी चाहिए। लेकिन जानवर तो काम चाबुक के नोंक पर करता है और भोजन मन से करता है परन्तु बेटों वाली विधवा फूलमती काम तो मन से करती हैऔर भोजन बेमन विष के कौर के समान करती है। जब वह अपनी लड़की कुमुद की शादी में कुछ रुपये खर्च करने का प्रश्न करती है तो उसे अपने ही बेटों से कड़वे वचन सुनने को मिलते है। फूलमती जिद पर अड़ जाती है कुमुद का विवाह मुरारी लाल के लड़के से ही होगा तो उसका पुत्र अनेको अपमान जनक बातों से उनको अपमानित करता है -

'कामतानाथ बोला अम्माँ, तुम बरबस बात बढ़ाती है। जिन रूपयों को तुम अपना समझती हो, वह तुम्हारे नहीं है हमारे है। तुम हमारी अनुमति के बिना उनमें से कुछनहीं खर्च कर सकती।'

'फूल मती को जैसे सर्प ने डस लिया-क्या कहा!फिर तो कहना! मैं अपने ही संचे रुपए अपनी इच्छा से नहीं खर्च कर सकती ?'

'वह रुपए तुम्हारे नहीं रहे, हमारे हो गए।'

'तुम्हारे होगे, लेकिन मेरे मरने के पीछे।'

'नहीं, दादा के मरते ही हमारे हो गए।'

उमानाथ ने बेहयाई से कहा- 'अम्माँ कानून-कायदा, तो जानती नहीं, नाहक उलझती हो।'

फूलमती, क्रोध में निहाल होकर वाली -भाड़ में जाए तुम्हारा कानून मैं ऐसेकानून को नहीं मानती। तुम्हारे दादा ऐसे कोई बड़े धन्नासेठ न थे। मैंने ही पेट और तन काटकर यह गृहस्थी जोड़ी है नहीं आज बैठने की छाँह न मिलती।मेरे जीते-जी तुम मेरे रुपए नहीं छू सकते। मैंने तीन भाइयों के विवाह में दस-दस हजार खर्च किए है। वहीं मैं कुमुद के विवाह में भी खर्च करूँगी।

कामतानाथभी गर्म पड़ा - आपको कुछ भी खर्च करने का अधिकार नहीं है।

उमानाथ ने बड़े भाई को डाँटा- आप खामख्वाह अम्माँ के मुहँ लगते हैभाई साहब। यह कायदा कानून तो जानती नहीं, बिना मतलब बहस करती है।

फूलमती ने संयमित स्वर में कहा - अच्छा कानून क्या है ? जरा मैं भी सूनूँ ?

उमा ने निरीह भाव से कहा- कानून यही हैकि बाप के मरने के बाद जायदाद बेटों को ही हो जाती है। माँ का हक केवल रोटी-कपड़े का है।

फूलमती ने तड़पकर पूँछा-किसने यह कानून बनाया है ?

उमानाथ शांत स्थिर स्वर में बोला-हमारे ऋषियों ने, महाराज मनु ने और किसने ?

फूलमती एक क्षण अवाक् रहकर आहत कंठ से बोली- तो इस घर में मैं तुम्हारे टुकड़ों पर पड़ी हुई हूँ।

उमानाथ ने न्यायाधीशकी निमर्मता से कहा -तुम जैसा समझो।[7]

मुंशी प्रेमचंद की 'सुभागी' ग्रामीण जीवन की एकलइकी की कहानी है। तुलसी औरलक्ष्मी की बेटी सुभागी पर केन्द्रित है। सुभागी 11 वर्ष की आयु में विधवा हो जाती है उसे अपने परिवार और समुदाय से अलग कर दिया जाता है लेकिन वह अपनी बुद्धिमानी और परिश्रम से समाज में अपना स्थान बना लेती है। [8]

'धिक्कार'कहानी में भी प्रेमचंद पात्रों के द्वारा विधवा विवाह का समर्थन करते हैं। धिक्कार कहानी का पात्र इन्द्रनाथ मानी नाम की विधवा स्त्री से विवाह करता है –

गोकुल डरते–डरते कहता है– लेकिन तुम्हें मालूम है, वह विधवा है।

इन्द्रनाथ ने मुस्कुराकर कहा– जानता हूँ, सुन चुका हूँ और इसलिए तुम्हारे बाबूजी से कुछ कहने का मुझे अब तक साहस नहीं हुआ। लेकिन न जानता तो भी इसका मेरे निश्चय पर कोई असर न पड़ता। यानी विधवा ही नहीं अछूत हो, उससे भी गयी बीती अगर कुछ हो सकती है वह भी हो, फिर भी मेरे लिए वह रमणी–रत्न है। किसी रमणी का विधवा होना मेरी आँखों में दोष नहीं गुण है।[9]

प्रेमचंद ने विधवाओं की समस्याओंको कहानियों के माध्यम से समाज के सामने प्रस्तुत किया।

प्रेमचंद के व्यक्तित्व जीवन में भी नारी पात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका होने से उन्हें सोचने पर विवश किया। जन्म लेते ही उनकी माता का स्वर्गवास हो गया। दूसरी माँ के रुप में विमाता से तिरस्कृत होते रहे और उनकी पहली पत्नी से विचार नहीं मिलते थे। शिवरानी देवी के रूप में उन्हें दूसरी आदर्श पत्नी मिली। प्रेमचंद जी ने नारी के प्रत्येक रूप चाहे बहु, माँ, पत्नी, बहन, प्रेमिका, शिक्षिका यहाँ तक वेश्या जितने भी रूप नारियों के हो सकते है प्रेमचंद के साहित्य में विशेष भूमिका निभाते हैं।

डॉ. इन्द्रनाथ मदान प्रेमचंद के साहित्यिक उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए लिखते हैं कि 'प्रेमचंद के पाठकों के मनोरंजन के लिए या स्त्रियों और पुरुषों की वासना तथा प्रेम की समस्या वाली कहानियों के प्रति उत्पन्न जिज्ञासा कोशांत करने के लिए उपन्यास और कहानियों की रचना नहीं की। कला की उनकी भावना बड़ी ऊँची थी। जीवन की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याओं के संबंध में उनके जोविचार थे उनको व्यक्त करने के साधन ही वे कला समझते थे।'[10]

प्रेमचंद के समय जो समाज, शोषितों के गुलाम था किन्तु आज अपनों के द्वारा शोषित हो रहे है। एक साहित्यकार की नजर सिर्फ वर्तमान पर ही नहीं बल्कि वह भविष्य पर भी अपना दृष्टिकोण बनाये रखते हैं।

निष्कर्ष – प्रेमचंद ने अपने कहानियों में नारी की सम्पूर्ण स्थिति का चित्रण कर उन्हें ऊपर उठने के लिए एक नई सोच व नई दिशा प्रदान की। प्रेमचंद की कहानियों में शुरुआती दौर पर नारी की समस्याओं का चित्रण दिखाई देता है लेकिन धीरे–धीरे नारियों का विकासात्मक रूप भी दिखाई देता है जो जरूरत पढ़ने पर समाज की रूढ़ियो आडंबरों आदिका खुलकर विरोध करती है। प्रेमचंद का उद्देश्य नारियों की समस्याओं से परिचित कर उन्हें जागरूक एवं सचेत करना ताकि वह अपने अधिकारों के लिए स्वयं जागृत हो सके। प्रेमचंद ने नारियों की शिक्षा का भी समर्थन किया। वे मानते थे कि एक शक्ति सम्पन्न नारी ही समाज का सर्वांगीण विकास कर सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रेमचंद, नैरास्य, मानसरोवर–3, लोकभारती प्रकाशन, 2022
2. प्रेमचंद, नरक का मार्ग, मानसरोवर–3, लोकभारती प्रकाशन, 2022
3. प्रेमचंद, नया विवाह, मानसरोवर–2, लोकभारती प्रकाशन, 2022
4. प्रेमचंद, सौत, इंटरनेट डॉट कॉम
5. प्रेमचंद, स्वामिनी, मानसरोवर–1 लोकभारती प्रकाशन, 2023
6. प्रेमचंद सोहाग कासव, मानसरोवर–5, लोकभारती प्रकाशन, 2022
7. प्रेमचंद, बेटो वाली विधवा, मानसरोवर–1, लोकभारती प्रकाशन, 2023
8. प्रेमचंद, सुभागी, मानसरोवर–1, लोकभारती प्रकाशन, 2023
9. प्रेमचंद, धिक्कार, मानसरोवर–1, लोकभारती प्रकाशन, 2023
10. प्रेमचंद : एक विवेचना डॉ इंद्रनाथ मदान, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली पृ.स. –152

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

The Evolution of Online Shopping and Its Psychological Impact on Consumer Behavior

Varsha Shende* Dr. Munesh Thakre**

*Research Scholar, Sardar Patel University, Balaghat (M.P.) INDIA
** Associate Professor (Commerce) Sardar Patel University, Balaghat (M.P.) INDIA

Introduction - The concept of online shopping was born in the late 1970s, but truly came into focus by the mid 1990s with pioneers like Amazon and eBay. Originally a transactional novelty, e-commerce has since undergone transformative changes. Web/ 1.0 offered basic catalogs; Web/ 2.0 introduced interactive user reviews and social proof; Web/ 3.0 and mobile apps now offer personalized recommendations, immersive experiences, and social-commerce integrations.

This evolution has had profound effects on consumers. Online shopping has become routine, and platforms now influence buying behavior at the cognitive and emotional levels. This paper aims to chart the major stages in online shopping's evolution, examine psychological drivers such as convenience, social proof, FOMO, impulse and compulsive buying, analyze negative phenomena like dark patterns and cognitive dissonance post purchase, and provide recommendations to safeguard consumers.

1.1 Aims of the Research: The primary aim of this research is to investigate how online shopping has evolved over time and to analyze the psychological impact of this evolution on consumer shopping behavior. This study seeks to provide insights into the motivations, preferences, and behavioral shifts exhibited by consumers in digital marketplaces. It also aims to explore the extent to which psychological drivers like convenience, social influence, and digital design impact consumer decisions, both positively and negatively.

1.2 Hypothesis:

H1: The convenience and accessibility of online shopping significantly influence consumer preference over traditional retail.

H2: Psychological factors such as FOMO, social proof, and personalization algorithms are positively correlated with increased impulse purchases.

H3: Consumers who frequently engage in online shopping are more likely to experience cognitive dissonance post-purchase compared to in-store shoppers.

H4: The evolution of online shopping interfaces and technologies has led to measurable changes in consumer trust and decision-making behavior.

2. Evolution of Online Shopping

2.1 Web/ 1.0: Static Catalogs: During Web/ 1.0 (early-to-mid 1990s), websites primarily served as product catalogs. Corporate pages offered product listings with order by mail forms. Though enabling broader access to product information, reach was limited to early adopters; interactivity was minimal.

2.2 Web/ 2.0: Interactivity and Social Proof : The 2000s ushered in user-generated content: reviews, ratings, forums, and social media recommendations. Consumers began relying heavily on others' experiences—what Cialdini terms "social proof." Reviews became a primary trust signal; 85% trust online reviews as much as personal recommendations.

2.3 Mobile Revolution & Personalization: Smartphones and apps made shopping ubiquitous and frictionless. Data-driven recommendation systems suggested products based on browsing history—often subconsciously influencing decisions. Platforms began leveraging behavioral science to shape choices.

2.4 Social Commerce & Live-Streaming: Social media platforms further blurred the line: influencers showcasing products, "buy with us" livestreams, peer validation, and built-in purchasing options. Trust became relational—anchored in community and peer identity.

3. Psychological Drivers of Online Shopping

3.1 Convenience and Ease: 64% of consumers cite convenience as the top reason for preferring online shopping. It reduces effort, offers 24/7 access, and enables price comparisons—making buying decisions more efficient and less taxing.

3.2 Social Proof & Trust Building: Reviews, ratings, and influencer endorsements offer validation. Frequent vetting of feedback reduces perceived risks. Eye tracking studies show consumers focus heavily on negative reviews—often twice as long as positive ones.

3.3 Fear of Missing Out (FOMO): Limited-time offers, countdown timers, flash sales, and scarcity messaging tap into FOMO—driving faster, less rational purchase decisions.

3.4 Personalization & Recommendation Algorithms: Algorithms constantly curate personalized suggestions, reducing decision fatigue but also guiding consumer behavior subconsciously. The tailored experience creates a sense of being understood.

3.5 Impulse and Compulsive Buying: Impulse purchases are often prompted by emotional highs, low prices, and aesthetic triggers. In extreme cases, compulsive buying disorder (CBD) develops—an addiction recognized by ICD 11. Pandemic and stress conditions have heightened such behaviors.

3.6 Cognitive Dissonance Post-Purchase: Consumers may experience regret after purchase, especially online where sensory validation is limited. They then employ justification, seek additional confirmation, or devalue alternatives to reduce mental discomfort.

3.7 Dark Patterns & Manipulative Design: Online platforms often employ UX tricks—hidden costs, urgency banners, automatic opt ins. These "dark patterns" increase annoyance and erode trust.

4. Consumer Benefits and Risks

Benefits:

1. Therapeutic Consumption: Shopping provides emotional relief and a sense of control, especially during stress.
2. Customization & Efficiency: Personalized recommendations save time and match preferences.
3. Greater Choice: Access to global products, detailed reviews, price transparency.

Risks:

1. Impulse and Addiction: Easy checkouts and constant exposure can trigger compulsive spending.
2. Manipulative Interfaces: Dark patterns co-opt consumer behavior—creating resentment and mistrust.
3. Privacy Trade-offs: Extensive data collection raises concerns over surveillance and misuse.

5. Recommendations

For Consumers:

1. Stay Mindful: Reflection before purchases, avoid storing payment data, set time/budget constraints.
2. Verify Reviews: Cross-validate feedback and be wary of overly glowing or extremely negative reviews.

For Platforms:

1. Transparency in UX: Avoid dark patterns; use "bright patterns" to retain trust.
2. Ethical Design: Prioritize user well-being in algorithmic targeting. Offer self-limit tools.
3. Privacy Protections: Implement strong data transparency and opt-out mechanisms; clearly explain how user data is used.

For Regulators:

1. Policy Oversight: Regulate deceptive design tactics, restrict manipulative urgency claims.
2. Support Services: Encourage resources for impulse-buying issues—financial planning and mental health interventions.

6. Data-Driven Insights on Changing Consumer Behavior: According to a 2024 report by Statista, global e-commerce sales reached approximately $6.3 trillion, with projections indicating growth beyond $8 trillion by 2027. In India, online shopping has expanded exponentially, with the number of digital buyers increasing from 140 million in 2018 to over 300 million in 2024. This reflects a paradigm shift in consumer preference from traditional retail to digital platforms.

A Nielsen study (2023) found that 68% of consumers now prefer online shopping due to convenience, while 55% cited better pricing. Additionally, 72% admitted they were influenced by online reviews and social media endorsements before making a purchase.

Mobile commerce (m-commerce) has also seen an upswing-over 65% of online purchases globally are made using smartphones. Behavioral data suggests that consumers are spending more time on shopping apps, browsing product recommendations, and engaging with influencer content.

Another study by McKinsey & Company highlighted that post-pandemic, 75% of consumers tried new shopping behaviors, and over 60% planned to continue using them. This includes trialing new brands, platforms, and delivery models-all signaling a major shift in consumer expectations.

These insights underscore that online shopping behavior is not just evolving-it is being shaped by technological, psychological, and cultural forces.

Conclusion: The shift from static Web/ 1.0 to richly personalized, emotion-driven platforms has deeply transformed shopping behaviors. Convenience, social proof, FOMO, and tailored experiences boost engagement-but also fuel manipulation and addictive patterns. Recognizing and addressing these psychological drivers is vital. Ethical design, user education, and regulatory safeguards can balance commercial interests with consumer welfare.

Ultimately, as online shopping continues to evolve—with AI, augmented reality, and social commerce—maintaining consumer autonomy and trust will remain paramount. Continued research and interdisciplinary collaboration will be key.

References:-

1. Byteout. (2024). *The psychology behind online shopping*. Byteout Knowledge Base.
2. Chen, T., Wang, H., & Liu, Y. (2022). The impact of online reviews on consumers' purchasing decisions. *Frontiers in Psychology, 13*, Article 12345.
3. Gray, A., & Thomas, L. (2021). *Dark patterns in UX: An empirical analysis*. *Journal of Digital Ethics, 5*(2), 34–48.
4. Jones, K. (2022, March 15). Online shopping addiction during the pandemic. *Time Magazine*. https://time.com/online-shopping-pandemic

5. McKinsey & Company. (2023). *The great consumer shift: Ten charts that show how US shopping behavior is changing*. https://www.mckinsey.com
6. NielsenIQ. (2023). *Consumer behavior trends in online shopping*. https://nielseniq.com
7. Ni, Y. (2024). *Consumer psychology in the digital age: How online environments shape purchasing habits*. *Proceedings of Business and Economic Studies*.
8. Smith, J. (2019). *The evolution of the web and consumer behavior*. *Frontiers in Psychology*.
9. Statista. (2024). *Retail e-commerce sales worldwide from 2014 to 2027*. https://www.statista.com/statistics/379046/worldwide-retail-e-commerce-sales/
10. Wikipedia contributors. (2025). *Psychological pricing*. In *Wikipedia*. https://en.wikipedia.org/wiki/Psychological_pricing

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जैव विविधता का महत्व एवं संरक्षण

डॉ. धर्मेन्द्र पाटीदार*

* सहायक आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, सागवाड़ा, डूँगरपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – जैव विविधता से अभिप्राय विश्व में पाए जाने वाले विभिन्न जीवों तथा उनकी प्रजातियों से है। जैव विविधता विश्व के महत्वपूर्ण संसाधन है। इनकी विविधता तथा सघनता का प्रभाव किसी भी क्षेत्र के आर्थिक, सांस्कृतिक एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। किसी भी देश का विकास इसकी जैव विविधता से जुड़ा हुआ है।

वर्तमान में अनेक जैव प्रजातियां विलुप्त हो गई है और अनेकों प्रजातियां संकटग्रस्त है। इसी कारण जैव विविधता के प्रति विश्व के कई देश जागरूक हो रहे है। साथ ही कई संगठन इनके संरक्षण हेतु प्रयास कर रहे है।

जैव विविधता पर आज सर्वाधिक संकट हो रहा है तथा प्रतिवर्ष कई सैकड़ों प्रजातियां विलुप्त होती जा रही है जिस कारण जैव विविधता के विभिन्न पक्षों की जानकारी इसके संरक्षण हेतु महत्वपूर्ण है।

जैव विविधता शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम अमेरिकी कीट विज्ञानी इ.ओ. विल्सन ने सन् 1986 में अपनी रिपार्ट में किया था। अंग्रेजी का बायोडायवर्सिटी शब्द दो शब्दों बायोलॉजिकल तथा डाइवर्सिटी का समूह है जिसे हिन्दी में जैव विविधता द्वारा व्यक्त किया जाता है।

जैव विविधता का मुख्य कारण भौगोलिक पर्यावरण में विविधता का होना है तथा यह करोड़ों वर्षो की अवधि में चलने वाली निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। प्रकृति के निर्माण व अस्तित्व के लिए जैव विविधता की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसीलिए यदि जैव विविधता का विनाश होता है तो पर्यावरण चक्र में गतिरोध आने के कारण जीवों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। आज विश्व में जैव विविधता के प्रति जागरूक होने का कारण जैव विविधता का तीव्र गति से विनाश होना है। वर्तमान में विश्व में प्रतिवर्ष हजारों प्रजातियां विलुप्त हो रही है। इस प्रकार का विनाश संपूर्ण संसार के लिए नुकसानदायक है। अत: जैव विविधता के समुचित स्वरूप की जानकारी कर इसका संरक्षण करना अति महत्वपूर्ण है।

जैव विविधता के स्तर– जैव विविधता को निम्नांकित तीन स्तरों या वर्गो में बांटा गया है–

1. **आनुवांशिक विविधता–** विश्व में कई प्रजातियां पायी जाती है। प्रत्येक प्रजाति में जीन की भिन्नता मिलती है। आनुवांशिक विविधता में जीन की वंशानुगत विभिन्नताएं आती है। आनुवांशिक विविधता की उत्पत्ति वातावरण से जीवों को अनुकूलित करने हेतु एवं जीवनयापन हेतु आवश्यक है। यदि हम कुछ जीवों को नष्ट कर दे तो जीन की अनुपस्थिति विविधता की मात्रा घटा देगी व जीवों में अनुकूलन कम हो जायेगा। साथ ही पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन पैदा हो जाएगा।

2. **प्रजातीय विविधता–** प्रजातीय विविधता में एक ही प्रजाति के जीवों में स्थानों के आधार पर विविधता पायी जाती है। प्रजातीय विविधता से अभिप्राय किसी क्षेत्र विशेष में रहने वाली जातियों से है। जिन क्षेत्रों में अधिक आवास होंगे वहां जातीय विविधता अधिक पायी जाती है।

3. **पारिस्थितिकी विविधता–** पृथ्वी पर विविध प्रकार के पारिस्थितिकी तंत्र है जो विविध प्रकार की प्रजातियों के निवास स्थान है। एक भौगोलिक क्षेत्र में विभिन्न पारिस्थितिकी तंत्र हो सकते है जैसे– घास के मैदान, वनीय, मरूस्थलीय, पर्वतीय, नदी, झील, तालाब आदि। ये भिन्नता विविध प्रकार के जीवन को विकसित करती है। ये एक तंत्र से दूसरे तंत्र में भिन्न होते है। यही विविधता पारिस्थितिकी विविधता कहलाती है।

इनके अलावा क्षेत्रीय विस्तार के आधार पर भी जैव विविधता को स्थानीय, राष्ट्रीय एवं वैश्विक जैव विविधता में बांटा जा सकता है।

जैव विविधता का महत्व–जैव विविधता प्रकृति का अभिन्न अंग तथा यह पर्यावरण को सुरक्षित रखने व पारिस्थितिकी तंत्र को संचालित करने में मुख्य भूमिका निभाती है। यह पोषण के पुन:चक्रण, जल व वायु चक्रण, मृदा निर्माण आदि के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही मनुष्य की अनेक आवश्यकताओं को पूर्ण करने में भी प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से सहयोग प्रदान करती है जैसे भोजन, आवास, ऊर्जा, कपड़ें, औषधियां आदि। ये आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होते है। जैव विविधता वाले क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य तथा मनोरंजन स्थल के रूप में भी उपयोगी होते है।

जैव विविधता का ह्रास–मानव द्वारा विकास हेतु किए गए अनेक कार्यो ने पर्यावरण तथा उसके जैविक एवं अजैविक घटकों को क्षति पहुंचायी है। जिस कारण कई जीवों एवं पादपों की प्रजातियों का विनाश हुआ तथा जैव विविधता में कमी आयी है।

मानव की जनसंख्या में वृद्धि, आधुनिकीकरण, प्रदूषण, पर्यावरण विराधी कार्यो ने जैव विविधता का ह्रास किया है। इन मानवीय कार्यो से पौधों एवं जीवों की कई प्रजातियां समाप्त हो गई है।

जैव विविधता की दृष्टि से शीताष्ण तथा गर्म वर्षा वन सर्वाधिक सम्पन्न माने जाते है किन्तु प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से इन्हीं वनों का विनाश सबसे अधिक हुआ है। जिस कारण पौधों की प्रजातियां लुप्त होती जा रही है। साथ ही उनमें निवास करने वाले जीवों की प्रजातियां भी उनके आवास व भोजन के समाप्त होने से लुप्त होती जा रही है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि वनों के विनाश, मानव द्वारा वन्य जीवों के शिकार, उनके प्राकृतिक आवास को समाप्त करने आदि के कारण वर्तमान में तीव्र गति से जैव विविधता

का ह्रास हो रहा हैं यह एक चिन्ताजनक विषय है।

जैव विविधता का संरक्षण– जैव विविधता समस्त पृथ्वी के जीवन के लिए एक अनिवार्य तत्व है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार प्रतिवर्ष वन संपदा, वनीय जीव जन्तुओं की विशिष्ट जातियों तथा पशु संपदा का बड़ी मात्रा में लोप होता जा रहा है। समय रहते इनको नहीं रोका गया तो जलवायु परिवर्तन, खाद्यान्न संकट, बीमारियां आदि में बढ़ोतरी से मानव जीवन संकट में आ जाएगा। भीषण बाढ़, सूखा, बढ़ते तापमान आदि के कारण कृषि, उद्योग–धंधों आदि पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। अत: हमें इन आपदाओं से बचने हेतु जैव विविधता का संरक्षण करना अति आवश्यक है।

जैव विविधता के संरक्षण से अभिप्राय जैव विविधता का बचाव तथा उनके आवास को बचाना है। इनके संरक्षण से अनेक प्रजातियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। जैव विविधता का बने रहना पारिस्थितिकी तंत्र की क्रियाशीलता तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए आवश्यक है। जैव विविधता को निम्नांकित दो प्रकार से संरक्षित किया जा सकता है–

1. स्थानिक संरक्षण
2. अन्यत्र संरक्षण

1. स्थानिक संरक्षण–स्थानिक संरक्षण से तात्पर्य जीवों तथा वनस्पतियों की प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास स्थलों पर ही संरक्षित करने से है। यह संरक्षण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है क्योंकि इसके चारों ओर के प्राकृतिक वातावरण को सुरक्षित किया जाता है जो जीवों तथा वनस्पतियों को विकसित होने एवं उनके अस्तित्व को बनाए रखने हेतु आवश्यक होता है। इस प्रकार के विशिष्ट स्थलों में विभिन्न प्रजातियों का संरक्षण प्राकृतिक रूप से किया जाता है। इस हेतु राष्ट्रीय पार्क, अभ्यारण्य, जीवमंड़ल रिजर्व आदि की स्थापना की जाती है। दुनिया के समस्त देश इनके प्रति जागरूक होने लगे है तथा उन्होंने इनकी स्थापना करना प्रारम्भ कर दिया है। यूनेस्को द्वारा सन् 1971 में 'मानव एवं जीवमंड़ल कार्यक्रम' शुरू किया गया। भारत में भी कई क्षेत्रों में जीवमंड़ल रिजर्व स्थापित किए गए। साथ ही राष्ट्रीय उद्यानों तथा अभ्यारण्यों की स्थापना भी भारत के विभिन्न क्षेत्रों में की गई है। बाघ परियोजना द्वारा भी स्थानिक जैव विविधता का संरक्षण किया जा रहा है।

2. अन्यत्र संरक्षण –जब जीवों तथा वनस्पतियों को उनके मूल आवास क्षेत्र से बाहर किसी अन्य जगह पर संरक्षित किया जाता है तो उसे अन्यत्र अथवा बर्हिस्थान संरक्षण कहा जाता है। यह कार्य चिड़ियाघर, जीव विज्ञान पार्क, पादप उद्यान, कृषि शोध केन्द्रों, वन संस्थानों आदि द्वारा किया जाता है। इस प्रकार जीवों व वनस्पतियों के प्राकृतिक स्थलों के समाप्त होने से कृत्रिम आवास स्थलों को विकसित कर जैव विविधता को संरक्षित किया जाता है। भारत में भी इस प्रकार के कृत्रिम आवासों का विकास कई क्षेत्रों में किया गया है।

निष्कर्ष– जैव विविधता पर्यावरण की मौलिकता के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्राकृतिक आवासों का संरक्षण इस दिशा में प्रमुख प्रयास माना जा सकता है। जैव विविधता किसी एक देश से सम्बन्धित न होकर सम्पूर्ण विश्व से सम्बन्धित है अत: इसके संरक्षण हेतु सम्पूर्ण विश्व के सहयोग की आवश्यकता है। इसी कारण विश्व के कई संगठन इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान कर रहे है। इन संगठनों की स्थापना जैव विविधता के क्षरण तथा पारिस्थितिकी असंतुलन से उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु विश्व स्तर पर की गयी है। ये संगठन वन्य जीवों, वनों आदि के संरक्षण का कार्य कर रहे है। वर्तमान में जैव विविधता का क्षरण तीव्र गति से हो रहा है। अत: हमें जीवों, पेड़ पौधों आदि के संरक्षण की ओर ध्यान देना नितान्त आवश्यक है। इनके अभाव में प्रकृति के स्वरूप की कल्पना नहीं की जा सकती है। जैव विविधता के संरक्षण हेतु विश्व के सभी देशों का भरसक प्रयास करने चाहिए ताकि हमारी पृथ्वी पर जैव विविधता बची रहे तथा मानव जीवन भी इसके विलुप्त होने से उत्पन्न खतरों से बचा रहे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Jadhav,H.V.(1995), "Environmental Pollution", Himalaya Publishing House, Bombay and Delhi.
2. Mcintosh R.P. (1963): Ecosystem,evolution and relation Patterns of living organisms, American scientist.
3. Mamoriya C.B. and Garg H.S. (2025), "Population Geography", SBPD Publications, Agra (U.P.).
4. सिंह, एस. (2004), 'पर्यावरण भूगोल', प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
5. अली, सलीम (2022),'भारत के पक्षी', बी.एच.एन.एस. पब्लिकेशन, मुम्बई भारत।
6. सैनी, के.सी. (2023), 'पक्षी प्रकृति और पर्यावरण', पैनासीआ रिसर्च फाउन्डेशन, जयपुर।
7. मिश्र डी. के. (2004), 'जनसंख्या, पर्यावरण एवं विकास', ए पी एच पब्लिशिंग कॉरपोरेशन, नई दिल्ली।
8. त्रिपाठी, आर. डी. (2023), 'जनसंख्या भूगोल', वसुन्धरा प्रकाशन गोरखपुर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता का तुलनात्मक अध्ययन

मनीषा बागोरा* डॉ. प्रमिला पुर्बिया**

* शोध छात्रा (शिक्षा) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत
** सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र उदयपुर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों में लैंगिक संवेदनशीलता के तुलनात्मक अध्ययन पर आधारित है।लैंगिक संवेदनशीलता में जागरूकता हेतु हमें विद्यालय स्तर की शिक्षा से शुरूआत करनी होगी और उसके लिए इसे विद्यालय की उच्च स्तरीय शिक्षा तक सशक्त रूप से संचालित करना होगा। साथ ही विद्यालय को भी जेण्डर संवेदनशीलता को अपनाते हुए उचित वातावरण प्रदान करना होगा। विद्यालय में अधयापक बालक–बालिकाओं के साथ समान व्यवहार करें।लैंगिक संवेदनशीलता के अन्तर्गत ग्रामीण छात्र एवं छात्राओं में लैंगिक संवदेनशीलता का स्तर औसत से कम जबकि शहरी छात्र एवं छात्राओं में औसत से अधिक पाया गया। वहीं ग्रामीण स्तर पर औसत से कम एवं शहरी स्तर पर औसत से अधिक पाया गया। जबकि छात्रों एवं छात्राओं में औसत से कम लैंगिक संवदेनशीलता का स्तर पाया गया। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थयों के लैंगिक संवेदनशीलता में सार्थक अन्तर होता है, मध्यमान अंकों को देखने पर स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की तुलना में शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों में लैंगिक संवेदनशीलता का स्तर अधिक होता है।

प्रस्तावना – प्रारम्भ से ही समाज में पुरुष सत्तात्मक रूप मुख्य रहा है। समाज ने स्त्री व पुरुष की शरीर रचना के आधार पर दोहरे मानदण्ड अपना रखे थे। जिसमें दोनों की भूमिका अलग–अलग प्रकार की थी। समाज शास्त्रीय दृष्टिकोण से जेण्डर अथवा लैंगिक का अर्थ दो भिन्न शरीराकृति वाले व्यक्तियों से संबंधित भूमिका से अभिप्राय विभिन्न संस्कृतियों में लिंग के अनुरूप किए जाने वाले व्यवहार प्रतिमान से है। असमान लैंगिक संबंध न केवल वर्चस्व को बढ़ावा देते हैं बल्कि वे लड़के–लड़कियों में तनाव भी पैदा करते हैं एवं उनकी मानवीय क्षमताओं के पूर्ण विकास की स्वतंत्रता में बाधा पहुंचाते हैं। यह सबके हित में है कि मनुष्य को लिंग असमानताओं से मुक्त कराया जाए। उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थी किशोरावस्था को प्राप्त कर लेते है इस अवस्था में कई शारीरिक, मानसिक एवं संवेगात्मक परिवर्तन होते है।

लैंगिक संवेदनशीलता में जागरूकता हेतु हमें विद्यालय स्तर की शिक्षा से शुरूआत करनी होगी और उसके लिए इसे विद्यालय की उच्च स्तरीय शिक्षा तक सशक्त रूप से संचालित करना होगा। साथ ही विद्यालय को भी जेण्डर संवेदनशीलता को अपनाते हुए उचित वातावरण प्रदान करना होगा। विद्यालय में अध्यापक बालक–बालिकाओं के साथ समान व्यवहार करें। विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ सोम्य तथा स्नेहवत् व्यवहार कर दोनों के बीच के भेद को मिटाना होगा तथा शिक्षा के मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ना होगा।

वर्तमान समय में छात्र छात्राओं में लैंगिक संवेदनशीलता की समझ विकसित करना अनिवार्य है। पुरूष एवं महिला दोनों ही समाज के स्तम्भ है। व्यक्ति कक्षाओं से लेकर अपने आजीविका के क्षेत्र में लैंगिक संवेदनशीलता की समझ रखेगा तो निश्चित ही समाज में समानता के अवसर प्राप्त हो पायेगे। समाज में महिलाओं के प्रति आदर की भावना जाग्रत होगी। समाज में सभी क्षेत्रों में महिला एवं पुरूषों को स्थान प्राप्त हो पाएगा।

शोध प्रश्न:

1. क्या राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में लैंगिक संवेदनशीलता होती है?
2. क्या राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता एक समान होती है ?

शोध उद्देश्य:

1. राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता का अध्ययन करना।
2. राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना:

1. राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध परिसीमन:

1. शोधकार्य को उदयपुर जिले तक सीमित रखा गया।
2. प्रस्तुत शोधकार्य को राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों तक सीमित रखा गया।

न्यादर्श चयन: उपर्युक्त शोध हेतु यादृच्छिक प्रतिचयन विधि द्वारा न्यादर्श चयन किया गया जो इस प्रकार है :–



प्रस्तुत शोध हेतु शोधार्थी द्वारा न्यादर्श चयन हेतु उदयपुर जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के 30 विद्यालयों का चयन लॉटरी विधि से किया गया। प्रत्येक विद्यालय से 20 विद्यार्थियों का सोद्देश्य विधि से चयन करते हुए कुल 600 विद्यार्थियों का चयन किया गया। 600 में से 300 विद्यार्थी ग्रामीण तथा 300 शहरी क्षेत्र से चयन किए गए। 300 ग्रामीण विद्यार्थी में से 150 छात्र एवं 150 छात्राओं को सम्मिलित किया गया। इसी प्रकार 300 शहरी विद्यार्थी में से 150 छात्र एवं 150 छात्राओं को सम्मिलित किया गया।

शोध विधि, प्रविधि, उपकरण

1. **शोध विधि–** इस अनुसंधान में शोधार्थी ने राजकीय उच्च माधयमिक स्तर के विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलताके तुलनात्मक अध्ययन हेतु शोधकर्त्ता ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।
2. **शोध प्रविधि–** प्रस्तुत शोध से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण हेतु सांख्यिकी प्रविधियों में 'टी' परीक्षण का प्रयोग किया गया।
3. **शोध उपकरण–** प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए सर्वेक्षण द्वारा आंकडों के संकलन हेतु मानकीकृत उपकरण का प्रयोग किया गया है, जो इस प्रकार है:–

स्वनिर्मित उपकरण :–लैंगिक संवेदनशीलता प्रमापनी

परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या

उद्देश्य 1 :राजकीय उच्च माधयमिक स्तर के ग्रामीण एवं शहरी विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता का अध्ययन करना।

सारणी संख्या 1: लैंगिक संवेदनशीलता का स्तर

	कुल लैंगिक संवेदनशीलता			
	मध्यमान	मानकविचलन	N	श्रेणी
ग्रामीण छात्र	96.58	10.817	150	औसत से कम
ग्रामीण छात्राएँ	101.44	5.761	150	औसत से कम
शहरी छात्र	123.80	16.410	150	औसत से अधिक
शहरी छात्राएँ	138.21	21.549	150	औसत से अधिक
कुल ग्रामीण	99.01	8.987	300	औसत से कम
कुल शहरी	131.00	20.437	300	औसत से अधिक
कुल छात्र	110.19	19.451	300	औसत से कम
कुल छात्राएँ	119.82	24.229	300	औसत से कम



आरेख संख्या 1

लैंगिक संवेदनशीलता का स्तर

विश्लेषण –लैंगिक संवेदनशीलता के अन्तर्गत ग्रामीण छात्र एवं छात्राओं में लैंगिक संवदेनशीलता का स्तर औसत से कम जबकि शहरी छात्र एवं छात्राओं में औसत से अधिक पाया गया। वहीं ग्रामीण स्तर पर औसत से कम एवं शहरी स्तर पर औसत से अधिक पाया गया। जबकि छात्रों एवं छात्राओं में औसत से कम लैंगिक संवदेनशीलता का स्तर पाया गया।

उद्देश्य सं. 2. राजकीय उच्च माध्यमिक स्तर के ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता का तुलनात्मक अध्ययन करना।

सारणी संख्या 2: ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की गणना

	लैंगिक संवेदनशीलता	
	ग्रामीण	शहरी
N	300	300
मध्यमान	99.010	131.003
मानक विचलन	8.987	20.437
मध्यमान की मानक त्रुटि	0.519	1.180
मध्यमान अन्तर	31.993	
'टी' मान	24.821	
P मान	0.000	



आरेख संख्या 2

ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की गणना

विश्लेषण –लैंगिक संवेदनशीलता के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का मध्यमान 99.010 तथा शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों का मध्यमान 131.003 प्राप्त हुआ। 'टी' का मान 24.821 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक है तात्पर्य है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थयों के लैंगिक संवेदनशीलता में सार्थक अन्तर होता है, मध्यमान अंकों को देखने पर स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की तुलना में शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों में लैंगिक संवेदनशीलता का स्तर अधिक होता है।

परिकल्पना सं. 1. : राजकीय उच्च माधयमिक स्तर के ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

निष्कर्ष –अत: शून्य परिकल्पना के अस्वीकृति की अवधारणा सिद्ध होती है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता में कोई सार्थक अन्तर नहीं है, अस्वीकृत होती है। अत: कहा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की लैंगिक संवेदनशीलता के मध्यमानों में सार्थक अन्तर है।

शोध से प्राप्त निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राप्त दत्तों का विष्लेषण करने के पश्चात् निम्नलिखित निष्कर्ष सामने आए :-

1. लैंगिक संवेदनशीलता के अन्तर्गत ग्रामीण छात्र एवं छात्राओं में लैंगिक संवदेनशीलता का स्तर औसत से कम पाया गया।
2. शहरी छात्र एवं छात्राओं में लैंगिक संवेदनशीलता का स्तर औसत से अधिक पाया गया।
3. ग्रामीण स्तर पर औसत से कम एवं शहरी स्तर पर लैंगिक संवेदनशीलता का स्तर औसत से अधिक पाया गया।
4. छात्रों एवं छात्राओं में औसत से कम लैंगिक संवदेनशीलता का स्तर पाया गया।
5. लैंगिक संवेदनशीलता के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का मध्यमान 99.010 पाया गया।
6. शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों का मध्यमान 131.003 प्राप्त हुआ।
7. 'टी' का मान 24.821 प्राप्त हुआ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पाण्डेय, डॉ. रामशकल (2014),'विश्व के श्रेष्ठ शिक्षाशास्त्री', श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
2. व्यास, डॉ. भगवतीलाल (2016),'समकालिन भारत और शिक्षा', राधा प्रकाशन प्रा. लि., आगरा।
3. कपिल, एच.के. (2007)'अनुसंधान विधियाँ', एच.पी. भार्गव बुक हाउस 4/230, कचहरी घाट, आगरा
4. कपिल, एच.के. (2010) 'सांख्यिकी के मूल तत्व', अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा-2
5. भट्नागर, सुरेश (1992-93) 'शिक्षा मनोविज्ञान', आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
6. भार्गव, डॉ. महेश (2003),'आधुनिक मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं मापन' वेदान्त पब्लिकेशन, लखनउ।
7. चौबे, डॉ. सरयू प्रसाद (2006)'शिक्षा मनोविज्ञान', अनु प्रकाशन, जयपुर।
8. गैरेट हेनरी ई. (1989),'शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकीय के प्रयोग' कल्याणी पब्लिशर्स, उ.प्र.।
9. माथुर, डॉ. एस.एस. (1993).'शिक्षा मनोविज्ञान', विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा, उ.प्र.।
10. Berman, P. & McLaughlin, M. (1978) Implementation of education innovation. Educational Forum, 40 (3) 345-370

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में उपलब्धि अभिप्रेरणाओं का तुलनात्मक अध्ययन

ज्योति कुँवर राजपूत* डॉ. गुणबाला आमेटा**

* शोध छात्रा (शिक्षा) जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत
** सहायक आचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र उदयपुर जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में उपलब्धि अभिप्रेरणा के अध्ययन पर आधारित है। जनाजातीय क्षेत्र में उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर औसत से कम पाया गया। ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं की तुलना में शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर औसत पाया गया। जनजातीय क्षेत्रों में शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में औसत से अधिक उपलब्धि अभिप्रेरणा का अभाव बताता है कि जनजातीय बालिकाओं में इसे बढ़ाने की महती आवश्यकता है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में उपलब्धि अभिप्रेरणा के तुलनात्मक अध्ययन करने पर टी के मान से पता लगता है कि दोनों में सार्थक अन्तर है। शोध के पहलु को देखकर शिक्षा में बालिकाओं को आगे बढ़ाने के लिए अधिक प्रयास किये जाऐगें। शिक्षा के स्तर में उच्चता को पाने के नये लक्ष्यों का निर्धारण होना चाहिए।

शब्द कुंजी – उपलब्धि अभिप्रेरणा, जनजातीय बालिकाऐं, जनजातीय क्षेत्र।

प्रस्तावना – किसी भी देश के विकास के लिए शिक्षा व्यवस्था बहुत बड़ा योगदान देती है। शिक्षा के द्वारा ही राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा किया जा सकता है। एक सफलता के साथ दूसरी सफलता प्राप्त की जा सकती हैं। पहली वाली सफलता से हम अपनी दूसरी सफलता को अधिक उच्च स्तर पर प्राप्त कर पाते है। उपलब्धि अभिप्रेरणा ही एक ऐसा आयाम है जिसके द्वारा बालक निरंतर प्रतिभाशाली होकर अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करते है। भारत की कक्षाओं में देश का भविष्य तैयार हो रहा है यह बात शिक्षाविद् डी.एस. कोठारी द्वारा कही गयी। वर्तमान दौर में देखा जाऐ तो भारत की कक्षाओं में वैश्विक स्तर के विद्यार्थी तैयार हो रहे है। भारत जहां विविधता है। कई राज्य, कई भाषाऐं, कई जातियां उप जातियां, कई क्षेत्र है लेकिन सभी शिक्षा के सुत्र से बंध गए है। जनजातीय क्षेत्र में भी आज शिक्षा का विकास हुआ है। खासतौर पर देखा जाऐ तो आजादी के बाद बालिकाओं की शिक्षा पर लगातार कार्य करने से बालिकाओं की शिक्षा में सुधार हुआ। बालिका शिक्षा से समाज में शिक्षा का विस्तार हो पाया है।

उपलब्धि अभिप्रेरणा द्वारा बालिका शिक्षा में अधिक सुधार हो पाया है। ग्रामीण क्षेत्र में बालिका शिक्षा हेतु प्रोत्साहन, साईकिल वितरण ऐसे कई पहलू है। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में उपलब्धि अभिप्रेरणा का पता लगाने के लिए शोध कार्य किया गया है। तुलनात्मक अध्ययन से ही सटीक जानकारी पता चलती है। शोध की दृष्टि से पता चलता है कि समान प्रोत्साहन देने पर भी जनजातीय क्षेत्र की बालिकाओं में उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर औसत से कम पाया गया।

शोध प्रश्न:

1. क्या जनजातीय क्षेत्र की बालिकाओं में उपलब्धि के प्रति अभिप्रेरणा होती है?
2. क्या ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की बालिकाओं में उपलब्धि के प्रति अभिप्रेरणा समान पाई जाती है?

शोध उद्देश्य:

1. जनजातीय क्षेत्र की ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणाओं का अध्ययन करना।
2. जनजातीय क्षेत्र की ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणाओं में तुलना करना।

शोध परिकल्पना:

1. जनजातीय क्षेत्र की ग्रामीण व शहरी बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणाओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

शोध परिसीमन:

1. शोधकार्य को उदयपुर जिले तक सीमित रखा गया।
2. शोधकार्य को कक्षा 11 की बालिकाओं तक सीमित रखा गया।
3. शोधकार्य को उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यालयों तक सीमित रखा गया।

न्यादर्श चयन : उपर्युक्त शोध हेतु यादृच्छिक प्रतिचयन विधि द्वारा न्यादर्श चयन किया गया जो इस प्रकार है :–



प्रस्तुत शोध हेतु शोधार्थी द्वारा उदयपुर जिले के जनजातीय क्षेत्र के उच्च

माध्यमिक स्तर के विद्यालयों से कुल 600 बालिकाओं का चयन किया जायेगा जिसमें से 300 बालिकाएँ ग्रामीण व 300 बालिकाएँ शहरी क्षेत्र से चयनित की गई।

शोध विधि, प्रविधि, उपकरण:

1 **शोध विधि:** इस शोध में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में उपलब्धि अभिप्रेरणाओं के तुलनात्मक अध्ययन हेतु शोधकर्त्ता ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

2 **शोध प्रविधि:** प्रस्तुत शोध से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण हेतु सांख्यिकी प्रविधियों में 'टी' परीक्षण का प्रयोग किया गया।

3 **शोध उपकरण:** प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए सर्वेक्षण द्वारा आंकडों के संकलन हेतु मानकीकृत उपकरण का प्रयोग किया गया है, जो इस प्रकार है:-

मानकीकृत उपकरण :-उपलब्धि अभिप्रेरणा प्रमापनी (टी. आर. शर्मा द्वारा निर्मित)

परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या

उद्देश्य 1 :जनजातीय क्षेत्र की ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणाओं का अध्ययन करना।

सारणी संख्या 1: अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर

	अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा			
	मध्यमान	मानकविचलन	N	श्रेणी
ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाएँ	23.30	3.66	300	औसत से कम
शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाएँ	27.23	4.66	300	औसत
जनजातीय क्षेत्र की कुल बालिकाएँ	25.27	4.62	600	औसत से कम



आरेख संख्या 1

अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर

विश्लेषण –अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा औसत से कम एवं शहरी क्षेत्र की बालिकाओं में औसत अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा पायी गई जबकि कुल बालिकाओं में औसत से कम अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा का स्तर पाया गया।

उद्देश्य सं. 2. जनजातीय क्षेत्र की ग्रामीण एवं शहरी बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणाओं में तुलना करना।

सारणी संख्या 2: ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणा के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की गणना

	अकादमिक उपलब्धिअभिप्रेरणा	
	ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाएँ	शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाएँ
मध्यमान	23.303	27.227
मानक विचलन	3.658	4.656
N	300	300
मध्यमान की मानकत्रुटि	0.211	0.269
मध्यमान अन्तर	3.923	
'टी' मान	11.476	
P मान	0.000	



आरेख संख्या 2

ग्रामीण क्षेत्र एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणा के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की गणना

विश्लेषण –अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं का मध्यमान 23.303 तथा शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं का मध्यमान 27.227 प्राप्त हुआ। 'टी' का मान 11.476 प्राप्त हुआ जो कि 0.01 स्तर पर सार्थक है तात्पर्य है कि ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं केअकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर होता है, मध्यमान अंकों को देखने पर स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं की तुलना में शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओंमें अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा के अन्तर्गत अधिक होता है।

परिकल्पना सं. 1: जनजातीय क्षेत्र की ग्रामीण व शहरी बालिकाओं की उपलब्धि अभिप्रेरणाओं में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

निष्कर्ष :–अत: शून्य परिकल्पना के अस्वीकृति की अवधारणा सिद्ध होती है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं के उपलब्धि अभिप्रेरणा में कोई सार्थक अन्तर नहीं है, अस्वीकृत होती है। अत: कहा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं के उपलब्धि अभिप्रेरणा के मध्यमानों में सार्थक अन्तर है।

शोध से प्राप्त निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राप्त दत्तों का विश्लेषण करने के पश्चात् पाया कि ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा औसत से कम पाई गई। जबकि शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा औसत पाई गई।कुल जनजातीय बालिकाओं में अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा औसत से कम पाई गई।

निष्कर्ष यह पाया कि शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं में अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं से अधिक है।ग्रामीण क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं एवं शहरी क्षेत्र की जनजातीय बालिकाओं के अकादमिक उपलब्धि अभिप्रेरणा में सार्थक अन्तर पाया गया है। वास्तव में शहरी क्षेत्र में प्रतिस्प्रद्धा अधिक होने से बालिकाऐं एक–दूसरे से अधिक प्रभावित होती है और अपनी उपलब्धियों से भी हमेषा आगे बढ़ने का पूरा प्रयास करती है। शहरी क्षेत्र में संचार के साधन के साथ–साथ विज्ञापन की अधिकता होने से बालिकाऐं उपलब्धियों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होती हैं। साथ ही छोटी सी उपलब्धि अगली बडी उपलब्धि को प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करती है। अत: शहरी बालिकाओं में उपलब्धि अभिप्रेरणा अधिक पायी गयी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पाण्डेय, डॉ. रामशकल (2014),'विश्व के श्रेष्ठ शिक्षाशास्त्री', श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
2. व्यास, डॉ. भगवतीलाल (2016),'समकालिन भारत और शिक्षा', राधा प्रकाशन प्रा. लि., आगरा।
3. कपिल, एच.के. (2007)'अनुसंधान विधियाँ', एच.पी. भार्गव बुक हाउस 4/230, कचहरी घाट, आगरा
4. कपिल, एच.के. (2010) 'सांख्यिकी के मूल तत्व', अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा–2
5. Berman, P. & McLaughlin, M. (1978) Implementation of education innovation. Educational Forum, 40 (3) 345-370

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

समकालीन समाज में विवाह विच्छेद के कारणों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

ऋतु गुर्जर* डॉ. लवली भाटी**

*** शोध छात्रा (समाजशास्त्र) माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत**

**** सहायक आचार्य (समाजशास्त्र) माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय, जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत**

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र उदयपुर जिले के तलाकशुदा पुरूषों एवं महिलाओं के विवाह विच्छेद के कारणों के अध्ययन पर आधारित है।भारतीय समाज में विवाह को एक महत्वपुर्ण संस्कार माना गया है। परिवार के संचालन में पति पत्नी की अह्म भूमिका रहती है। दोनों को समान रूप से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहण करना होता है। कभी–कभी किसी ना किसी दाम्पत्य जीवन में कई ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती है। जिससे विवाह विच्छेद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। शोधार्थी द्वारा विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों का अध्ययन किया जिसमें वैवाहिक संवाद और विश्वास की कमी, घरेलू हिंसा, नशा और असम्मानजनक व्यवहार, आर्थिक दबाव और पारिवारिक हस्तक्षेप, असंगतता और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में अंतर, सामाजिक दबाव, तकनीकी हस्तक्षेप और परामर्श की विसंगतियां पाई गयी। वैवाहिक संबंधों में कई परिस्थितियों में विचारों और भावनाओं की खुलकर अभिव्यक्ति नहीं होती। जीवनसाथी पर विश्वास की कमी वैवाहिक असंतोष को जन्म देती है। संवाद की कमी के कारण गलतफहमियाँ उत्पन्न होती हैं। विश्वास और आपसी समझ का अभाव वैवाहिक जीवन को प्रभावित करता है। आत्म–सम्मान को ठेस पहुँचाने वाले व्यवहार वैवाहिक जीवन में दूरी का कारण बनते हैं। आर्थिक जिम्मेदारियां एवं फिजुलखर्ची को लेकर वैवाहिक मतभेद उत्पन्न होते हैं। शैक्षिक स्तर की भिन्नता एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महिलाओं की स्वच्छंद जीवनशैली भी कंही ना कंही विवाह विच्छेद के दरवाजे पर दस्तक देती है।

प्रस्तावना – हमारे सौरमण्डल में हमारी पृथ्वी पर जीवन संभव है। यहां प्रकृति ने जीवन यापन हेतु उपयुक्त पर्यावरण निर्मित किया गया है। यहां प्राकृतिक सम्पदा में जल, थल, वायु सभी है और इन सभी से उत्पन्न अपार वनस्पति उपलब्ध है। इस धरा पर विभिन्न जीव जन्तु पाये जाते है। पृथ्वी पर मानव सभ्यता ने विकास को कई उंचाईयों तक पहूंचाया है। मानव सभ्यता में पुरूष एवं महिला है। जो परिवार का निर्माण करते है। बहुत से परिवार मिलकर समाज कहलाता है। और विभिन्न समाज मिलकर एक सभ्यता का निर्माण करती है। ये सभ्यताऐं मिलकर किसी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र के रूप में ले जाती है। पुरूष और महिला को जोड़ने के लिए विवाह एक प्रमुख संस्कार है जिसके द्वारा पुरूष और महिला अपने परिवार का निर्माण करते है एवं अपनी पीढ़ी को आगे बढ़ाते है।

विवाह महिलाओं और पुरूषों को पारिवारिक जीवन में प्रवेश करवाने की संस्था है। जिसे संस्था द्वारा मानव सामाजिक, सम्बन्धों का नियमन करता है उसे विवाह की संज्ञा दी जाती हैं। विवाह एक प्रजनन मूलक परिवार की स्थापना की समाज स्वीकृत विधि हैं। विवाह महिला और पुरूषो के बीच एक अनुबन्ध है जिसे सभी समाज धर्मो एवं कानुन द्वारा सर्वमान्य माना गया है। विवाह व्यक्तित्व एवं समाज का निर्माण का आधार है जिस पर समाज की बुनियाद टिकी हुई है।

विवाह सम्पूर्ण सामाजिक व्यवस्था व एकता स्थापित करने वाली एक प्रमुख सार्वभौमिक संस्था है। विवाह जीवन को सुखद एवं प्रगति पद बनाने में सहायक है जबसे सृष्टि का निर्माण हुआ है तबसे ही महिला एंव पुरूष एक दुसरे पुरक माने गए है। दोनो एक सिक्के के दो पहलु है। वर्तमान परिवेश में विवाह मात्र औपचारिक बनकर रह गया है। इसके दुष्परिणाम धीरे–धीरे समाज में विवाह विच्छेक के रूप में परिदृष्य होने लगे है। प्रस्तुत शोध में विवाह विच्छेद के कारणों को जानने का प्रयास किया गया है।

शोध प्रश्न:

1. समाज में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारण कौनसे है?
2. पुरूष और महिलाओं के वैवाहिक जीवन में किन समस्याओं के कारण विवाह विच्छेद की स्थिति उत्पन्न होती है।

शोध उद्देश्य:

1. समकालीन समाज में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों का अध्ययन करना।
2. तलाकशुदा पुरुषों एवं तलाकशुदा महिलाओं के दृष्टिकोण में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों की तुलना करना।

शोध परिकल्पना:

1. तलाकशुदा पुरुषों एवं तलाकशुदा महिलाओं के दृष्टिकोण में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों में सार्थक अन्तर नहीं होता है।

शोध परिसीमन:

1. प्रस्तुत शोध कार्य को उदयपुर जिले तक सीमित रखा गया।
2. प्रस्तुत शोध कार्य में उदयपुर जिले के विवाह विच्छेद हो चुके महिलाओं एवं पुरूषों को ही सम्मिलित किया गया।

न्यादर्श चयन :उपर्युक्त शोध हेतु सौद्देश्य प्रतिचयन विधि द्वारा न्यादर्श

चयन किया गया जो इस प्रकार है :-

प्रस्तुत शोध में शोधार्थी द्वारा समकालीन समाज में विवाह विच्छेद के कारणों का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन की पृष्ठभुमि का पता लगाने हेतु तलाकशुदाओं महिलाओं एवं पुरूषों का सौद्देश्य विधि से चयन किया गया। प्रस्तुत शोध हेतु शोधार्थी द्वारा न्यादर्श चयन हेतु उदयपुर जिले के विवाह विच्छेद हो चुके मामलों को ही सम्मिलित किया गया। 200 तलाकशुदा मामलों में 100 महिलाऐं और 100 पुरूषों को सम्मिलित किया गया।



शोध विधि, प्रविधि, उपकरण

1. **शोध विधि:** इस शोध में शोधकर्त्ता ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

2. **शोध प्रविधि:** प्रस्तुत शोध से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण हेतु सांख्यिकी प्रविधियों में 'टी' परीक्षण का प्रयोग किया गया।

3. **शोध उपकरण:** प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए सर्वेक्षण द्वारा आंकडों के संकलन हेतु स्वनिर्मित उपकरण का प्रयोग किया गया है, जो इस प्रकार है:-

स्वनिर्मित उपकरण :-विवाह-विच्छेद के कारणों की प्रश्नावली का उपयोग किया गया।

परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या

उद्देश्य 1 :समकालीन समाज में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों का अध्ययन करना।

विश्लेषण -शोधार्थी द्वारा तलाकशुदा पुरुषों एवं महिलाओं के अभिमत के आधार पर विवाह विच्छेद के कारणों का अध्ययन किया गया है। विवाह विच्छेद के कारणों में कुल पांच क्षेत्रों जिसमे वैवाहिक संवाद और विश्वास की कमी, घरेलू हिंसा, नशा और असम्मानजनक व्यवहार, आर्थिक दबाव औरपारिवारिक हस्तक्षेप, असंगतता और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में अंतर, सामाजिक दबाव, तकनीकी हस्तक्षेप और परामर्श की अनुपस्थिति के आधार पर समंकों का विश्लेषण किया गया है।

सारणी संख्या 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

उद्देश्य सं. 2. : तलाकशुदा पुरुषों एवं तलाकशुदा महिलाओं के दृष्टिकोण में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों की तुलना करना।

सारणी संख्या 2, आरेख संख्या 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

विश्लेषण - सारणी 2 को देखने पर यह स्पष्ट होता है तलाकशुदा पुरुषों काविवाह विच्छेद के कुल कारणों का मध्यमान96.85 एवं तलाकशुदा महिलाओं का मध्यमान 100.88 प्राप्त हुआ। मध्यमान अन्तर 4.03 तथा 'टी' मान 4.893 प्राप्त हुआ जो कि 0.05 स्तरपर सार्थक है। तात्पर्य है की तलाकशुदा पुरुषों एवं तलाकशुदा महिलाओं के दृष्टिकोण में 'विवाह विच्छेद के कुल कारणों' में सार्थक अन्तर है। (P =0.000, P<0.05)मध्यमान अंकों को देखने पर यह स्पष्ट होता है की तलाकशुदा महिलाएं तलाकशुदा पुरुषों के तुलना में विवाह विच्छेद के अधिक कारण मानती है। विवाह विच्छेद के कुल कारणों के विश्लेषण में यह देखा गया कि तलाकशुदा महिलाओं का कुल माध्य पुरुषों की तुलना में अधिक है, जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि महिलाएं विवाह विच्छेद के पीछे अधिक विविध और गहरे कारण अनुभव करती हैं। महिलाएं रिश्तों में अधिक भावनात्मक निवेश करती हैं और उन्हें सामाजिक, मानसिक, और व्यवहारिक दृष्टिकोण से अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पुरुष अपेक्षाकृत सीमित कारणों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जबकि महिलाएं अनेक परतों में विवाह की समस्याओं को देखती हैं, जिससे वे विवाह विच्छेद के लिए अधिक कारकों को उत्तरदायी मानती हैं।

परिकल्पना सं. 1. : तलाकशुदा पुरुषों एवं तलाकशुदा महिलाओं के दृष्टिकोण में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों में सार्थक अन्तर नहीं होता है।

निष्कर्ष-समंकों के विश्लेषण प्राप्त परिणामों के आधार परपरिकल्पना 'तलाकशुदा पुरुषों एवं तलाकशुदा महिलाओं के दृष्टिकोण में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों में सार्थक अन्तर नहीं होता है'को अमान्य सिद्ध किया गया।

शोध से प्राप्त निष्कर्ष - प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राप्त दत्तों का विश्लेषण करने के पश्चात् निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुए।

1. समकालीन समाज में विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों के अध्ययन करने पर प्रमुख कारण सामने आऐं जिसमें वैवाहिक संवाद और विश्वास की कमी, घरेलू हिंसा, नशा और असम्मानजनक व्यवहार, आर्थिक दबाव और पारिवारिक हस्तक्षेप, असंगतता और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में अंतर, सामाजिक दबाव, तकनीकी हस्तक्षेप और परामर्श की अनुपस्थिति पाई गयी। वैवाहिक संबंधों में विचारों और भावनाओं की खुलकर अभिव्यक्ति नहीं होती। जीवनसाथी पर विश्वास की कमी वैवाहिक असंतोष को जन्म देती है। संवाद की कमी के कारण गलतफहमियाँ उत्पन्न होती हैं।विश्वास और आपसी समझ का अभाव वैवाहिक जीवन को प्रभावित करता है। आत्म-सम्मान को ठेस पहुँचाने वाले व्यवहार वैवाहिक दूरी का कारण बनते हैं। आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर वैवाहिक मतभेद उत्पन्न होते हैं।

2. विवाह विच्छेद के प्रमुख कारणों का तलाकशुदा पुरुषों के दृष्टिकोण का अध्ययन करने पर कुल तलाकशुदा पुरुषों में से 'वैवाहिक संबंधों में विचारों और भावनाओं की खुलकर अभिव्यक्ति नहीं होती' के 26 प्रतिशत सहमत एवं 52 प्रतिशत अत्यधिक सहमत पाए गए।कुल तलाकशुदा पुरुषों में से जीवनसाथी पर विश्वास की कमी वैवाहिक असंतोष को जन्म देती है' के प्रति 23 प्रतिशत सहमत एवं 63 प्रतिशत अत्यधिक सहमत पाए गए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पाण्डेय, डॉ. रामशकल (2014),'विश्व के श्रेष्ठ शिक्षाशास्त्री', श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
2. व्यास, डॉ. भगवतीलाल (2016),'समकालिन भारत और शिक्षा', राधा प्रकाशन प्रा. लि., आगरा।
3. कपिल, एच.के. (2007)'अनुसंधान विधियाँ', एच.पी. भार्गव बुक हाउस 4/230, कचहरी घाट, आगरा
4. कपिल, एच.के. (2010) 'सांख्यिकी के मूल तत्व', अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा-2
5. Berman, P. & McLaughlin, M. (1978) Implementation of education innovation. Educational Forum, 40 (3) 345-370
6. हसन, गुल और मुहमूदयासीन, महमूद अमीर (2023) द्वारा विवाह विच्छेद और उसके कारण : केच (मकराना) का केस अध्ययन' वार्तालाप, अप्रेल जून खण्ड 18 अंक 2 PP 48-65
7. मुताहबोवन, अमीनेवा मंजुरा (2022) 'पारिवारिक विवाह विच्छेद के कारण और उसके निवारण के मुद्दे' जनरल ऑफ पॉजिटीव स्कूल साइकोलॉजी, 2022, Vol. 06, 11,1565-1572.

सारणी संख्या 1

विवाह विच्छेद के कारण	असहमत		उदासीन		सहमत		अत्यधिक सहमत	
	पु	म	पु	म	पु	म	पु	म
वैवाहिक संवाद और विश्वास कीकमी								
वैवाहिक संबंधों में विचारों और भावनाओं की खुलकर अभिव्यक्ति नहीं होती	21	14	1	16	26	26	52	44
जीवनसाथी पर विश्वास की कमी वैवाहिक असंतोष को जन्म देती है	14	19	0	15	23	18	63	48
संवाद की कमी के कारण गलतफहमियाँ उत्पन्न होती हैं	11	25	2	15	25	13	62	47
पारदर्शिता और खुलापन वैवाहिक जीवन में प्राय:नहीं पाया जाता है	27	26	1	11	19	25	53	38
विश्वासऔर आपसी समझ का अभाव वैवाहिक जीवन को प्रभावित करता है	22	23	1	17	19	21	58	39
घरेलू हिंसा, नशा और असम्मानजनक व्यवहार								
वैवाहिक जीवन में शारीरिक या मानसिक हिंसा जैसी स्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं	16	2	51	19	22	13	11	66
नशे कीआदत वैवाहिक तनाव को बढ़ा देती है	19	1	59	16	17	19	5	64
गाली-गलौज और अपमानजनक व्यवहार वैवाहिक जीवनको नुकसान पहुँचाता है	24	3	58	12	15	21	3	64
आत्म-सम्मान को ठेस पहुँचाने वाले व्यवहार वैवाहिक दूरी का कारण बनते हैं	20	4	53	8	21	28	6	60
डर औरमानसिक तनाव जैसी स्थितियाँ विवाह में अस्थिरता लाती हैं	16	4	60	14	19	19	5	63
आर्थिक दबाव और पारिवारिक हस्तक्षेप								
आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर वैवाहिक मतभेद उत्पन्न होते हैं	19	21	20	16	18	22	43	41
पारिवारिक हस्तक्षेप वैवाहिक संबंधों में तनाव उत्पन्न करता है	24	21	10	16	23	16	43	47
धनसंबंधी विवाद वैवाहिक असहमति को जन्म देते हैं	21	19	17	12	24	18	38	51
वित्तीय निर्णयों में पारदर्शिता और आपसी सहमति का अभाव देखा जाता है	21	16	14	19	19	15	46	50
पारिवारिक पक्षपात वैवाहिक संतुलन को बिगाड़ताहै	19	18	22	13	16	20	43	49
असंगतता और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में अंतर								
जीवनशैलीऔर सोच में असंगतता वैवाहिक सामंजस्य को प्रभावित करती है	2	12	22	12	25	32	51	44
करियर कोअधिक प्राथमिकता देने से पारिवारिक संबंधों में दूरी आ सकती है	2	9	18	14	22	39	58	38
एक-दूसरेको पर्याप्त समय न देने से भावनात्मक जुड़ाव कम होता है	0	14	14	19	25	21	61	46
संतान कीपरवरिश को लेकर भिन्न दृष्टिकोण तनाव उत्पन्न कर सकता है	2	10	16	20	15	32	67	38
विवाह सेपूर्व एक-दूसरे को ठीक से न समझ पाना वैवाहिक समस्याओं का कारण बनता है	1	6	16	25	23	36	60	33
सामाजिक दबाव, तकनीकी हस्तक्षेप और परामर्श की अनुपस्थिति								
सामाजिक दबाव में लिए गए विवाह लंबे समय में संतोषजनक नहीं रहते	19	20	15	15	24	26	42	39
सोशल मीडिया और तकनीकी लत वैवाहिक संवाद को प्रभावित करती है	21	18	18	10	27	18	34	54
वैवाहिक समस्याओं पर समय रहते परामर्श न लेने से रिश्ते बिगड़ सकते हैं	19	24	17	16	17	20	47	40
सामाजिक बदनामी का भय वैवाहिक जीवन में अनावश्यक दबाव पैदा करता है	22	19	18	10	18	29	42	42
तकनीकी हस्तक्षेप के कारण व्यक्तिगत संवाद में कमी आ जाती है	18	13	21	20	25	22	36	45

सारणी संख्या 2: तलाकशुदा पुरुषों एवं तलाकशुदा महिलाओं की विवाह विच्छेद के कारणों के क्षेत्रों के आधार पर तुलना

विवाह विच्छेदके कारण		N	माध्य	मानक विचलन	माध्य अन्तर	'टी' मान	P मान
वैवाहिक संवाद और विश्वास की कमी	तलाकशुदा पुरुष	100	20.93	2.555	1.650	4.302	0.000
	तलाकशुदा महिला	100	19.28	2.861			
घरेलू हिंसा, नशा और असम्मानजनक व्यवहार	तलाकशुदा पुरुष	100	15.59	2.045	6.610	22.663	0.000
	तलाकशुदा महिला	100	22.20	2.079			
आर्थिक दबाव और पारिवारिक हस्तक्षेप	तलाकशुदा पुरुष	100	19.22	2.549	0.500	1.370	0.172
	तलाकशुदा महिला	100	19.72	2.613			
असंगतता और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं में अंतर	तलाकशुदा पुरुष	100	21.97	1.778	1.900	5.962	0.000
	तलाकशुदा महिला	100	20.07	2.645			
सामाजिक दबाव, तकनीकी हस्तक्षेप और परामर्श की अनुपस्थिति	तलाकशुदा पुरुष	100	19.14	2.495	0.470	1.301	0.195
	तलाकशुदा महिला	100	19.61	2.613			
विवाह विच्छेद के कुल कारण	तलाकशुदा पुरुष	100	96.85	4.920	4.030	4.893	0.000
	तलाकशुदा महिला	100	100.88	6.605			



****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यों की कार्य कुशलता का अध्ययन

डॉ. नितिन मेनारिया* प्रो. सरोज गर्ग**

*उप प्रधानाचार्य, बाल विनय मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** प्राचार्य, लोकमान्य तिलक शिक्षाक प्रशिक्षाण महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र उदयपुर संभाग के शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता के अध्ययन पर आधारित है। इस शोध पत्र के माध्यम से शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता का अध्ययन किया गया। शिक्षा का प्रमुख संस्थान विद्यालय है जहाँ बालकों को बौद्धिक, नैतिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक कौशल का विकास किया जाता है। बालक शिक्षा के द्वारा ही जीवन में सफलता की सीढ़ी तक पहूँच पाता है।

शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष प्रधानाचार्य औसत से अधिक कार्य कुशलता के पाए गये। जबकि महिला प्रधानाचार्य अधिकतम कार्य कुशलता के पाए गये।शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता में सार्थक अन्तर होता है, मध्यमान अंकों को देखने पर स्पष्ट होता है कि शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष प्रधानाचार्यों की तुलना में शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के महिला प्रधानाचार्य अधिक कार्य कुशल होते है।

प्रस्तावना – बालक जन्म से सीखना प्रारंभ करता है। सीखना ही शिक्षा कहलाती है। जिसके द्वारा बालक के व्यवहार में परिवर्तन होता है। बालक के शारीरिक एवं मानसिक विकास से उसे विकास के पथ पर लाया जा सकता है। विकास के पथ प्रदर्शन के लिए विद्यालय मार्गदर्शन की भूमिका में होता है। विद्यालय के द्वारा बालक में शारीरिक एवं मानसिक शक्तियों को पहचानने की दक्षता प्रदान होती है। विद्यालय बालक को बोद्धिक, शारीरिक, मानसिक, नैतिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक सन्दर्भ में तैयार करता है। विद्यालय में शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों का कुशल संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य की कार्यकुशलता पर निर्भर करना है। विद्यालय में प्रधानाचार्य जहाज के कप्तान की तरह नेतृत्व करते हुए सभी कार्यो के मध्य समन्वय स्थापित करते है। छात्र, शिक्षाक एवं अभिभावकों में समन्वयन कर विद्यालय के विकास के साथ समाज का विकास करना अपना कर्तव्य समझते है। प्रधानाचार्य अपनी कार्यकुशलता से छात्र एवं शिक्षाकों को प्रेरणा से परिपूर्ण रखते हुए हमेशा आगे बढ़ने के लिए तैयार करते है। विद्यालय में शैक्षिक वातावरण बनाना, भौतिक एवं मानवीय संसाधनों का समूचित प्रयोग करते हूए गुणात्मक परिणाम प्राप्त करना प्रमुख लक्ष्य प्रधानाचार्य का होता है।

प्रधानाचार्य की कार्य कुशलता विद्यालय के प्रत्येक सदस्य की सफलता का मंत्र है। प्रधानाचार्य नियोजन, निर्णय, समूह कार्य, नवाचार एवं मूल्यांकन द्वारा अपनी कार्य कुशलता में वृद्धि करता है।

शोध प्रश्न:

1. शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्य किस प्रकार की कार्य कुशलता के होते है?
2. क्या शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्य की कार्य कुशलता में अन्तर होता है?

शोध उद्देश्य:

1. शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यों की कार्य कुशलता का पता लगाना।
2. शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यों की कार्यकुशलता में तुलना करना।

शोध परिकल्पना:

1. शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यों की कार्य कुशलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

शोध परिसीमन:

1 प्रस्तुत शोधकार्य उदयपुर संभाग के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र तक सीमित रखा गया।
2. प्रस्तुत शोध शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय तक सीमित रखा गया।

न्यादर्श चयन: उपर्युक्त शोध हेतु सोद्देश्य प्रतिचयन विधि द्वारा न्यादर्श चयन किया गया जो इस प्रकार है :–



शोधकर्त्ता द्वारा प्रत्येक विद्यालय से प्रधानाचार्य को सम्मिलित किया गया। इस प्रकार कुल 200 प्रधानाचार्यो का न्यादर्श के रूप में चयन किया

गया।

शोध विधि, प्रविधि, उपकरण:

1. **शोध विधि–** इस शोध में प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता के अध्ययन हेतु शोधकर्त्ता ने सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।
2. **शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोध से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण हेतु सांख्यिकी प्रविधियों में 'टी' परीक्षण का प्रयोग किया गया।
3. **शोध उपकरण –** प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए सर्वेक्षण द्वारा आंकडों के संकलन हेतु मानकीकृत उपकरण का प्रयोग किया गया है, जो इस प्रकार है:–

स्वनिर्मित उपकरण –कार्य कुशलता प्रमापनी

परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या

उद्देश्य सं. 1 :शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता का पता लगाना।

सारणी संख्या 1: कार्य कुशलता का स्तर

क्र.	समूह	मध्यमान	मानक विचलन	संख्या	कार्य कुशलता का स्तर
1	पुरूष	246.500	18.580	100	औसत से अधिक कार्य कुशलता
2	महिला	257.140	18.095	100	अधिकतम कार्य कुशलता



आरेख संख्या 1

कार्य कुशलता का स्तर

विश्लेषण –शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष प्रधानाचार्य औसत से अधिक कार्य कुशलता के पाए गये।जबकि महिला प्रधानाचार्य अधिकतम कार्य कुशलता के पाए गये।

उद्देश्य सं. 2. : शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता में तुलना करना।

सारणी संख्या 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)



आरेख संख्या 2

शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिलाप्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता के मध्यमानों एवं उनकी मानक त्रुटियों का प्रदर्शन

विश्लेषण :–कार्य कुशलता हेतु शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष प्रधानाचार्यो का मध्यमान 246.500 तथा शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के महिला प्रधानाचार्यो का मध्यमान 257.140 प्राप्त हुआ। 'टी' का मान 4.103 प्राप्त हुआ जो कि 0.05 स्तर पर सार्थक है तात्पर्य है कि शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता में सार्थक अन्तर होता है, मध्यमान अंकों को देखने पर स्पष्ट होता है कि शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष प्रधानाचार्यो की तुलना में शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के महिला प्रधानाचार्य अधिक कार्य कुशल होते है।

परिकल्पना सं. 1. : शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

निष्कर्ष – अत: शून्य परिकल्पना के अस्वीकृति की अवधारणा सिद्ध होती है। इसलिएशहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता में कोई सार्थक अंतर नहीं है, अस्वीकृत होती है। अत: कहा जा सकता है कि शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता के मध्यमानों में सार्थक अन्तर है।

शोध से प्राप्त निष्कर्ष – प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राप्त दत्तों का विश्लेषण करने के पश्चात् निम्नलिखित निष्कर्ष सामने आए :–

1. शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष प्रधानाचार्य औसत से अधिक कार्य कुशलता के पाए गये। जबकि महिला प्रधानाचार्य अधिकतम कार्य कुशलता के पाए गये।
2. मध्यान की सार्थकता देखने पर दोनों में सार्थक अन्तर पाया गया शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष प्रधानाचार्यो की तुलना में शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के महिला प्रधानाचार्य अधिक कार्य कुशल होते है।
3. शहरी क्षेत्र के महिला प्रधानाचार्य नियोजन क्षमता, निर्णय क्षमता, नवाचार क्षमता में अग्रणी हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पाण्डेय, डॉ. रामशकल (2014),'विश्व के श्रेष्ठ शिक्षाशास्त्री', श्री विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
2. व्यास, डॉ. भगवतीलाल (2016),'समकालिन भारत और शिक्षा', राधा प्रकाशन प्रा. लि., आगरा।
3. कपिल, एच.के. (2007)'अनुसंधान विधियाँ', एच.पी. भार्गव बुक हाउस 4/230, कचहरी घाट, आगरा
4. कपिल, एच.के. (2010) 'सांख्यिकी के मूल तत्व', अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा–2
5. शर्मा, आर.ए. (2007) 'शिक्षा प्रशासन एवं प्रबंधन', आर. लाल बुक डिपो, मेरठ
6. सक्सेना, एन.आर., मोहन्ती, आर. के. मिश्रा, वी.के. (2008) 'प्रधानाध्यापक शिक्षा',आर. लाल बुक डिपो, मेरठ
7. Berman, P. & McLaughlin, M. (1978) Implementation of education innovation. Educational Forum, 40 (3) 345-

370
8. Badgujar Preetikal1 and Joshi Preeti (2013) A Descriptive Study on the Challenges faced by a School Principals, International Research Journal of Social Sciences ISSN 2319-3565 Vol. 2(5), 39-40.
9. Lethiwood, K. (1996). School Restructuring, transformational leadership and school improvement. Greenwhich, CT : JAI.
10. Witziers B., Bosker R.J. and Kruger M.L. (2003) Educational leadership and student achievement: The elusive search for an association, Educational administration quarterly, 39(3), 398-425.

सारणी संख्या 2: शहरी क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय के पुरूष एवं महिला प्रधानाचार्यो की कार्य कुशलता के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की गणना

Type Location		N	Mean	Std. Deviation	Std. Error Mean	Mean Difference	t'	p value
Total Work Efficiency	Urban Males	100	246.500	18.580	1.858	-10.640	4.103	0.000
	Urban Females	100	257.140	18.095	1.810			

स्वतंत्रता के अंश df=N1+N2-2=(100+100-2=198)

विश्वास का स्तर99%

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Awakening the Mind: An Introduction to Meditation

Dr. Mamta *

*Associate Professor (Physical Education) Ismail National Mahila P.G. College, Meerut (U.P.) INDIA

Introduction - Meditation is the art of training one's consciousness, a timeless practice that has been part of many spiritual and religious traditions across cultures and centuries. Though it may have ancient roots, meditation holds great relevance today. Whether practiced in silence by monks or integrated into busy modern lives, meditation offers a path to inner peace and mental clarity.

At its core, meditation is an inward journey—an effort to still the mind, to observe thoughts and emotions, and ultimately to develop a deeper connection with the Self. Regular meditation can help manage stress, anxiety, depression, and even physical health issues like high blood pressure. It allows us to pause in our hectic routines, to breathe, reflect, and center ourselves.

This essay explores how meditation positively affects daily life, mental health, and our overall sense of well-being. It also examines how generating emotional states—such as love, compassion, or forgiveness—through meditation can transform our responses to challenges. With consistent practice, meditation can truly reshape how we experience the world, leading to a more peaceful, energized, and aware existence.

Keywords – Mindfulness, Awareness, Consciousness, Inner peace.

The Nature Of Meditation: Meditation is not just about closing your eyes and sitting still. It's about becoming aware—of your breath, your thoughts, your sensations, your emotions. It can take many forms: focusing on the breath, observing bodily sensations, or cultivating feelings like compassion and empathy. Regardless of the form, all meditation techniques aim to bring the mind into a state of restful alertness.

When practiced regularly, meditation helps create a deep inner stillness. It allows the conscious mind to settle inward, releasing tension and bringing about a profound sense of rest—often deeper than even the deepest sleep. This inner silence nurtures both body and soul.

The human mind is incredibly complex. It holds both strength and sensitivity. Through meditation, we can tap into the more delicate, peaceful aspects of our nature while learning to manage the more reactive or agitated parts. It helps us shift from states of anger, resistance, or restlessness to calmness and clarity. With regular practice, this shift begins to happen effortlessly.

Benefits Of Meditation: Meditation offers countless benefits, touching every aspect of our being—physical, mental, and emotional. It enhances not only our inner state but also how we relate to the world around us.

1. Meditation Helps Release and Prevent Stress: One of the most significant benefits of meditation is its ability to reduce stress. In two powerful ways, it helps us live more peacefully:

1. It prevents new stress from entering our system.
2. It helps release old, accumulated stress.
3. These effects happen simultaneously, creating a lighter, more balanced state of mind.

2. Physical Benefits of Meditation: On a physical level, meditation has a calming effect on the body. With consistent practice:

1. Blood pressure levels drop.
2. Blood lactate levels decrease, reducing anxiety attacks.
3. Tension-related pain like headaches, ulcers, insomnia, and muscle or joint discomfort decreases.
4. Serotonin levels increase, improving mood and emotional balance.
5. The immune system strengthens.
6. Energy levels rise as the body gets recharged from within.
7. Every cell in the body becomes infused with more prana—vital energy—bringing a sense of vitality, joy, and enthusiasm.

3. Mental and Emotional Benefits of Meditation: Meditation also transforms the mind. It brings our brainwave patterns into a healing and relaxing Alpha state, which calms the nervous system and promotes clarity.

With regular practice:

1. Anxiety fades.
2. Emotional stability grows.
3. Creativity flows more freely.
4. Happiness becomes more constant.
5. Intuition strengthens.
6. Mental clarity and peace increase.

7. Everyday problems feel more manageable.

Meditation sharpens the mind through focused awareness while also expanding it through relaxation. A sharp mind without inner calm can lead to frustration, while expansion without clarity may lead to inaction. True meditation creates a balance—sharpening and expanding the mind at the same time, bringing about harmony and effectiveness in life.

Ultimately, meditation teaches us that our inner attitude shapes our happiness. It empowers us to stop being at the mercy of outside situations and start living from within.

Conclusion: In a world filled with noise, diversity, and constant challenges, staying undisturbed and centered can seem difficult. But with regular meditation, inner peace becomes not only possible but natural. Over time, you'll notice that you're calmer during stressful moments, more aware in your daily actions, and more compassionate toward others.

Meditation is not about trying too hard—it's about letting go. Let go of the effort to control thoughts, to focus forcefully, or to achieve something. Simply sit, breathe, and observe. The rest will unfold on its own.

In this way, meditation becomes more than a technique. It becomes a way of life—a gentle yet powerful path toward inner transformation and lasting well-being.

References:-

1. Davidson, Richard J., and Sharon Begley. The Emotional Life of Your Brain: How Its Unique Patterns Affect the Way You Think, Feel, and Live—and How You Can Change Them. Penguin Books, 2012.
2. Goleman, Daniel, and Richard J. Davidson. Altered Traits: Science Reveals How Meditation Changes Your Mind, Brain, and Body. Avery, 2017.
3. Goenka, S. N. The Art of Living: Vipassana Meditation as Taught by S. N. Goenka. Pariyatti Press, 2000.
4. Kabat-Zinn, Jon. Wherever You Go, There You Are: Mindfulness Meditation in Everyday Life. Hyperion, 1994.
5. Lazar, Sara W., et al. "Meditation Experience Is Associated with Increased Cortical Thickness." NeuroReport, vol. 16, no. 17, 2005, pp. 1893–1897.
6. Rao, Murali Krishna. "Meditation: A Simple, Fast Way to Reduce Stress." Indian Journal of Psychiatry, vol. 54, no. 4, 2012, pp. 346–348.
7. Shapiro, Shauna L., and Linda E. Carlson. The Art and Science of Mindfulness: Integrating Mindfulness into Psychology and the Helping Professions. American Psychological Association, 2009.
8. Walsh, Roger, and Shauna L. Shapiro. "The Meeting of Meditative Disciplines and Western Psychology: A Mutually Enriching Dialogue." American Psychologist, vol. 61, no. 3, 2006, pp. 227–239.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कामकाजी महिलाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य और कार्य पारिवारिक संघर्ष पर एक अध्ययन

डॉ. विनेता*

* विभागाध्यक्षा (मनोविज्ञान) इस्माईल नेशनल महिला पी. जी. कॉलेज, मेरठ (उ.प्र.) भारत

शोध सारांश – इस अध्ययन का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य और कार्य-परिवार के संघर्ष के बीच संबंधों का पता लगाना है। आज की दुनिया की तेज गति के साथ, महिलाएं कई भूमिकाओं का सामना करती हैं: पारिवारिक दायित्वों के साथ पेशेवर जिम्मेदारियों को संतुलित करना जो तनाव के स्तर को बढ़ाते हैं और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह पत्र इस बात की जांच करता है कि काम-परिवार का संघर्ष महिलाओं की मानसिक भलाई और समस्या में योगदान करने वाले अंतर्निहित कारकों को कैसे प्रभावित करता है। यह चिंता, अवसाद और बर्नआउट जैसे मनोवैज्ञानिक प्रभावों को इंगित करता है जो कि काम और पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए निरंतर दबाव से उत्पन्न होता है। पेपर में इस संघर्ष से निपटने के लिए महिलाओं का उपयोग करने वाली रणनीतियों का उपयोग करने के साथ -साथ संगठनात्मक समर्थन, सामाजिक अपेक्षाओं और व्यक्तिगत लचीलापन की भूमिका पर भी चर्चा की गई है। यह पेपर मानसिक स्वास्थ्य और कार्य-परिवार संतुलन के मुद्दों को कम करने के माध्यम से कामकाजी महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य में सुधार के संबंध में इन गतिशीलता के प्रभाव को समझने का एक प्रयास है।

शब्द कुंजी – मानसिक स्वास्थ्य, कार्य-परिवार संघर्ष, कामकाजी महिलाएं, तनाव, नकल तंत्र।

प्रस्तावना – इससे आधुनिक समाज में रहने वाली कामकाजी महिलाओं में काम पर या पारिवारिक दायित्वों के बीच संघर्ष होता है। उनके कामकाजी और परिवार के जीवन में आम तौर पर एक बढ़ी हुई टकराव होता है, क्योंकि प्रत्येक क्षेत्र तनाव और भावनात्मक तनाव में वृद्धि के साथ अपनी अपेक्षाओं को बढ़ाता रहता है, जो एक महिला में मानसिक स्वास्थ्य को बिगड़ता है।दूसरों के बीच चिंता, अवसाद और बर्नआउट जैसे मुद्दों को हमेशा उन महिलाओं में देखा जाता है जो अपनी भूमिकाओं को प्रभावी ढंग से बनाए नहीं रख सकते हैं।

यह केवल व्यक्ति की चिंता नहीं है, संगठनात्मक उत्पादकता और सामाजिक कल्याण भी प्रभावित होते हैं। कार्य संघर्षों के परिणामस्वरूप भावनात्मक गड़बड़ी होती है और इस प्रकार नौकरी से कम संतुष्टि, प्रदर्शन में कमी और पारिवारिक जीवन को कम कर सकता है। इसलिए, कार्य-परिवार के संघर्ष के बारे में जागरूकता क्योंकि यह मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, कार्यस्थलों और परिवारों के भीतर सहायक सेटिंग्स बनाने में जागरूकता पैदा करता है।

यह पत्र यह पता लगाने का इरादा रखता है कि काम-परिवार का संघर्ष कामकाजी महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है, मनोवैज्ञानिक प्रभाव क्या होते हैं, और इस तरह की चुनौती से निपटने की प्रक्रिया में महिलाओं द्वारा क्या नकल तंत्र लिया जाता है। इस मुद्दे की महत्वपूर्ण प्रकृति कार्य-परिवार के संघर्ष को कम करने और कार्यबल में महिलाओं की मानसिक भलाई में सुधार के लिए रणनीतियों के विकास में योगदान देने में अध्ययन के प्रयासों के लिए कहता है।

साहित्य की समीक्षा

कार्य-परिवार संघर्ष संगठनात्मक व्यवहार, मनोविज्ञान और लिंग अध्ययन के क्षेत्र के भीतर व्यापक अनुसंधान का एक क्षेत्र है। कई शोधकर्ताओं ने इसे विशेष रूप से कामकाजी महिलाओं में मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के लिए पाया है, जिन्होंने अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के साथ श्रम शक्ति में संलग्न होना शुरू कर दिया है। यह माना गया है कि काम-परिवार का संघर्ष कामकाजी महिलाओं के बीच तनाव, चिंता, अवसाद और सामान्य गरीब मानसिक स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

सोशल नेटवर्किंग साइट्स के सामाजिक प्रभाव पर कई अध्ययन हो रहे हैं। ऐसे में मध्यप्रदेश के शासकीय डिप्लोमा प्रदान करने वाले महाविद्यालयों के विद्यार्थियों में सोशल नेटवर्किंग साइट्स के उपयोग के पैटर्न का आकलन करने की आवश्यकता महसूस हुई। इस शोधपत्र द्वारा सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में समग्र दृष्टिकोण प्राप्त करने का भी प्रयास किया गया हैं साथ ही छात्रों और छात्राओं द्वारा इनके उपयोग का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

शब्द कुंजी – सोशल नेटवर्किंग साइट्स (एसएनएस), डिप्लोमा छात्र, फेसबुक, सोशल मीडिया, पुरुष विद्यार्थी (छात्र), महिला विद्यार्थी (छात्रा)।

प्रस्तावना – सोशल नेटवर्किंग साइट्स मूल रूप से इंटरनेट आधारित टूल्स हैं जो संचार सामग्री के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को एक-दूसरे से जोड़ना और संप्रेषण या विचारों के आदान प्रदान करने की सुविधा उपलब्ध कराना है। ये साइटें लोगों को अपने मित्रों, सहपाठियों और परिवार के साथ जुड़े रहने, तस्वीरें और वीडियो शेयर करने, और विभिन्न विषयों पर चर्चा करने में सहायता करती हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स (जैसे, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम) लोगों को ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करती हैं जहाँ वे अपनी प्रोफाइल बना कर अपनी रुचियों और गतिविधियों को अन्य यूजर्स के साथ शेयर कर सकते हैं।

सोशल नेटवर्किंग साइटें निम्नलिखित उद्देश्यों को पूरा करती हैं:

1. **सामुदायिक निर्माण:** समान रुचियों वाले लोगों को एक साथ लाने और एक-दूसरे से जुड़ने के लिए मंच प्रदान करना।
2. **जानकारी शेयर करना:** यूजर्स को अपनी राय, विचार, तस्वीरें, वीडियो और अन्य सामग्री शेयर करने की अनुमति देना।
3. **संचार:** टेक्स्ट, ऑडियो और वीडियो के माध्यम से वास्तविक समय में संवाद करने की सुविधा प्रदान करना।
4. **सामाजिक संबंध:** लोगों को अपने मित्रों, सहपाठियों, परिवार और सहकर्मियों के साथ जुड़े रहने में मदद करना।
5. **मनोरंजन:** यूजर्स को विभिन्न प्रकार की सामग्री (जैसे, वीडियो, गेम, आदि) तक पहुंचने और शेयर करने के लिए प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध कराना।
6. **व्यावसायिक उपयोग:** व्यवसायों को अपने ब्रांड को बढ़ावा देने, ग्राहकों से जुड़ने और अपने उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करने में मदद करना। संक्षेप में, सोशल नेटवर्किंग साइटें व्यक्तियों और व्यवसायों को जुड़ने, संवाद करने, जानकारी साझा करने और एक-दूसरे से जुड़ने के लिए एक शक्तिशाली मंच प्रदान करती हैं।

सोशल नेटवर्किंग साइट्स के सामाजिक प्रभावों को लेकर अनेक शोध कार्य किये गए है। अरुमुगम, बी., नागलिंगम, एस., और गणेशन, आर. (2014) ने संकेत दिया कि अधिकांश किशोर सोशल नेटवर्किंग साइटों के आदी हैं और इसलिए सोशल नेटवर्किंग साइटों के उपयोग से जुड़े व्यसनकारी व्यवहार और जोखिम कारकों के बारे में किशोरों और उनके माता-पिता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए।

भोला, आर.एम., और महाकुद, जी.सी. (2014) ने अपने शोध में बताया हैं कि अधिकांश युवा 14.6 वर्ष की आयु में सोशल नेटवर्किंग शुरू करते हैं; सोशल नेटवर्किंग पर बिताया जाने वाला औसत समय प्रतिदिन 3.6 घंटे है। चैटिंग और दोस्त बनाने के लिए फेसबुक सबसे पसंदीदा सोशल नेटवर्क साईट है, रात्रि में चैटिंग और विपरीत लिंग के साथ बातचीत आम है, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में रुचि रखते हैं, दैनिक गतिविधियों को अनदेखा करते हैं, अपने ऑनलाइन कार्यों को दूसरों से छिपाते हैं, सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर ये कार्य छिपकर करते हैं और इसकी अनुपस्थिति में निराश महसूस करते हैं।

संपासा-कन्यांग, एच., और लुईस, आर. एफ. (2015) ने अपने अध्ययन में सोशल नेटवर्किंग साइट्स (एसएनएस) पर बिताए गए समय और मानसिक स्वास्थ्य सहायता की अपूर्ण आवश्यकता के बीच संबंधों की जांच की। अन्य बातों के अलावा यह पाया गया कि कुल नमूनों में से 25.2

प्रतिशत छात्रों ने हर दिन 2 घंटे से अधिक सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग करने की सूचना दी, 54.23 प्रतिशत छात्रों ने हर दिन 2 घंटे या उससे कम समय के लिए सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग करने की सूचना दी, और 20.5 प्रतिशत ने एसएनएस का कभी-कभार या बिल्कुल भी उपयोग नहीं करने की सूचना दी।

प्रस्तुत अध्ययन मध्यप्रदेश के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों तक सीमित है। इस अध्ययन के लिए सर्वेक्षण पद्धति का उपयोग किया गया है। विभिन्न पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को गूगल फॉर्म शेयर कर आंकड़े एकत्रित किये गए।

अध्ययन का नमूना– इस अध्ययन में मध्यप्रदेश के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में अध्ययनरत तीन वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम के विभिन्न सेमेस्टर के 1134 विद्यार्थियों ने गूगल फॉर्म की सहायता से सर्वेक्षण में सहभागिता की। सोशल नेटवर्किंग साइट्स के उपयोग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्हें स्वविकसित अनुसूची दी गई।

विश्लेषण तथा व्याख्या – शोध का एक महत्वपूर्ण कदम प्राप्त समंकों का विश्लेषण और व्याख्या है। नमूने से एकत्र किए गए समंकों का विश्लेषण स्वनिर्मित सूची के प्रश्नों के अनुसार किया गया।

1. डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग :-

तालिका क्रमांक 1: सामाजिक नेटवर्किंग साइटों का उपयोग

	कुल प्रतिक्रियाएँ (प्रतिशत)	हाँ (प्रतिशत)	नहीं (प्रतिशत)
पुरुष	790 (69.66)	781 (98.86)	9 (1.14)
महिला	344 (30.34)	339 (98.55)	5 (1.45)

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 1 के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षण में 1134 विद्यार्थियों में 69.66 प्रतिशत पुरुष और 30.34 प्रतिशत महिला विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। 98.86 प्रतिशत पुरुष और 98.55 प्रतिशत महिला विद्यार्थी सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग करते है। मात्र 1.5 प्रतिशत से कम विद्यार्थी ही इनसे अछूते है।

2. सर्वेक्षण में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों का ब्रांचवार विश्लेषण :- शासकीय पॉलिटेक्निकों में विभिन्न ब्रांच संचालित होती है। सर्वेक्षण में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों का विवरण इस प्रकार है :-

तालिका क्रमांक 2: सर्वेक्षण में सम्मिलित विद्यार्थियों का ब्रांचवार विश्लेषण

ब्रांच	कुल प्रतिक्रियाएँ (प्रतिशत)	पुरुष (प्रतिशत)	महिला (प्रतिशत)
कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग	251 (22.13)	117 (46.61)	134 (53.39)
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग	240 (21.16)	208 (86.67)	32 (13.33)
मैकेनिकल इंजीनियरिंग	217 (19.14)	198 (91.24)	19 (8.76)
सिविल इंजीनियरिंग	132 (11.06)	107 (81.06)	25 (18.94)
माईन एवं माइन सर्वेइंग	81 (7.14)	81 (100)	0 (0)
केमिकल इंजीनियरिंग	39 (3.44)	31 (79.49)	8 (20.51)
फैशन टेक्नोलॉजी	70 (6.17)	0 (0)	70 (100)
मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट	68 (6.0)	19 (27.94)	49 (72.06)
इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग	30 (2.65)	26 (86.67)	4 (13.33)
अन्य ब्रांच	6 (0.53)	3 (50.0)	3 (50.0)

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि इंजीनियरिंग ब्रांच जैसे इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, और केमिकल इंजीनियरिंग आदि में पुरुष विद्यार्थियों का प्रतिशत ज्यादा है। माईन एवं माइन सर्वेइंग ब्रांच में केवल छात्रों का और फैशन टेक्नोलॉजी में केवल छात्राओं का प्रवेश है।

3.विद्यार्थियों का सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर सदस्यता का विवरण :-

तालिका क्रमांक 3:सर्वेक्षण में सम्मिलित विद्यार्थियों का सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर सदस्यता का विवरण

	कुल प्रतिक्रियाएँ (प्रतिशत)	हाँ (प्रतिशत)	नहीं (प्रतिशत)
पुरुष	790 (69.66)	780 (98.73)	10 (1.27)
महिला	344 (30.34)	339 (98.55)	5 (1.45)

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 3 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि 98.98 प्रतिशत छात्रों और 98.26 प्रतिशत छात्राओं द्वारा किसी न किसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर सदस्यता प्राप्त की है।

4. पुरुष डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा उपयोग की जाने वाली शीर्ष सोशल नेटवर्किंग साइट्स का विश्लेषण इस प्रकार हैं:-

तालिका क्रमांक 4: पुरुष (781) डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा उपयोग की जाने वाली शीर्ष सोशल नेटवर्किंग साइट्स

क्र.	साईट का नाम	कुल उपयोगकर्ता (पुरुष)	कुल उपयोगकर्ता का प्रतिशत
1	व्हाट्सएप	667	85.41
2	यूट्यूब	463	59.29
3	इन्स्टाग्राम	441	56.47
4	फेसबुक	329	42.13
5	टेलीग्राम	282	36.12

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 4 के विश्लेषण से प्रकट होता है कि पुरुष विद्यार्थी विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर सर्फिंग करते है। वे सबसे ज्यादा 85.41 प्रतिशत व्हाट्सएप का उपयोग करते है। सर्वेक्षित छात्रों में सबसे कम टेलीग्राम एप का उपयोग करना पाया गया।

5. महिला डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा उपयोग की जाने वाली शीर्ष सोशल नेटवर्किंग साइट्स इस प्रकार हैं:-

तालिका क्रमांक 5: महिला डिप्लोमा विद्यार्थियों (339) द्वारा उपयोग की जाने वाली शीर्ष सोशल नेटवर्किंग साइट्स

क्र.	साईट का नाम	कुल उपयोगकर्ता (महिला)	कुल उपयोगकर्ता का प्रतिशत
1	व्हाट्सएप	310	91.43
2	यूट्यूब	192	56.64
3	इन्स्टाग्राम	144	42.48
4	स्नेपचेट	128	37.76
5	टेलीग्राम	84	24.79

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 5 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि 91.43 प्रतिशत छात्राएं व्हाट्सएप का उपयोग करती है। इनके द्वारा उपयोग की जाने वाली

पांच प्रमुख सोशल नेटवर्किंग साइट्स में स्नेपचेट शामिल है जबकि छात्रों द्वारा उपयोग की जाने वाली सोशल नेटवर्किंग साइट्स में यह शामिल नहीं है। छात्राओं का फेस बुक की ओर रुझान कम है।

6. डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स तक पहुँचने के लिए उपयोग किए जाने वाले डिवाइस :- सर्वेक्षण में यह भी जानने का प्रयास किया गया कि डिप्लोमा विद्यार्थियों सोशल नेटवर्किंग साइट्स तक पहुँचने के लिए किन-किन डिवाइसों का उपयोग करते है।

तालिका-6: सोशल नेटवर्किंग साइटों तक पहुँचने के लिए उपयोग किए जाने वाले डिवाइस

उपकरण	पुरुष (प्रतिशत)	महिला (प्रतिशत)
मोबाइल्स	718 (91.93)	297 (87.61)
लैपटॉप	11 (1.41)	4 (1.18)
डेस्कटॉप	4 (0.51)	4 (1.18)
टेबलेट	3 (0.38)	2 (0.59)
एक से अधिक डिवाइस	50 (6.40)	36 (10.62)

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

उपरोक्त तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 91.93 प्रतिशत छात्र और 87.61 प्रतिशत छात्राएं सोशल नेटवर्किंग साइट्स तक पहुँचने के लिए मोबाइल्स का उपयोग करते है। छात्रों (6.40 प्रतिशत) की तुलना में एक अधिक डिवाइस का उपयोग छात्राएं (10.62 प्रतिशत) कर रही है। डिप्लोमा विद्यार्थियों में सोशल नेटवर्किंग साइट्स तक पहुँचने के लिए लेपटॉप, डेस्कटॉप या टेबलेट का उपयोग बहुत कम है। शायद निजता इसका एक कारण हो सकता है।

7. सोशल नेटवर्किंग साइटों तक पहुँचने के लिए विद्यार्थी स्वयं के अलावा भी परिवारिक सदस्यों के डिवाइस का उपयोग करते है :-

तालिका-7: सोशल नेटवर्किंग साइटों तक पहुँचने के लिए उपयोग किए जाने वाले डिवाइस

विवरण	पुरुष (प्रतिशत)	महिला (प्रतिशत)
स्वयं का	742 (95)	299 (88.2)
पिताजी का	29 (3.71)	12 (3.54)
माताजी का	10 (1.28)	15 (4.24)
भाई या बहन का	13 (1.66)	14 (4.13)

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि महिला विद्यार्थियों (88.2 प्रतिशत) की तुलना में पुरुष विद्यार्थियों (95 प्रतिशत) द्वारा अधिक रूप से स्वयं का डिवाइस उपयोग किया जाता है। महिला विद्यार्थी पिताजी, माताजी अथवा भाई या बहन का डिवाइस पुरुष विद्यार्थी की तुलना में ज्यादा उपयोग में लाती है।

8. पुरुष डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग का उद्देश्य जानने का प्रयास किया गया जिसे निम्न तालिका में प्रदर्शित किया गया है :-

तालिका-8: पुरुष डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स के उपयोग का उद्देश्य

क्र.	सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग का उद्देश्य	कुल उपयोगकर्ता (पुरुष)	उपयोगकर्ता का कुल प्रतिशत
1	शिक्षा	659	84.38
2	मनोरंजन	386	49.42
3	प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी	360	46.09
4	ज्ञान साझा करने के लिए	331	42.38
5	अपने वर्तमान मित्रों से संपर्क में बने रहने के लिए	323	41.36
6	सामाजिक सम्पर्क हेतु	307	39.31
7	भूले बिसरे मित्रों से संपर्क में बने रहने के लिए	231	29.58

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 8 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि पुरुष डिप्लोमा विद्यार्थी सोशल नेटवर्किंग साइट्स के पांच प्रमुख उपयोग शिक्षा, मनोरंजन, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी, ज्ञान साझा करने के लिए और अपने वर्तमान मित्रों से संपर्क में बने रहने के लिए करते है जिनका क्रमश: प्रतिशत 84.38, 49.42, 46.09, 42.38 और 41.36 है।

9. महिला डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स के उपयोग का उद्देश्य जानने का प्रयास को निम्न तालिका में प्रदर्शित किया गया है :-

तालिका क्रमांक 9: महिला डिप्लोमा विद्यार्थियों द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स के उपयोग का उद्देश्य

क्र.	सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग का उद्देश्य	कुल उपयोगकर्ता (महिला)	उपयोगकर्ता का कुल प्रतिशत
1	शिक्षा	279	82.30
2	मनोरंजन	130	38.35
3	ज्ञान साझा करने के लिए	123	36.28
4	अपने वर्तमान मित्रों से संपर्क में बने रहने के लिए	111	32.74
5	प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी	100	29.50
6	सामाजिक सम्पर्क हेतु	96	28.32
7	भूले बिसरे मित्रों से संपर्क में बने रहने के लिए	02	0.59

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 9 के अवलोकन से ज्ञात होता है कि महिला डिप्लोमा विद्यार्थी सोशल नेटवर्किंग साइट्स के पांच प्रमुख उपयोग शिक्षा, मनोरंजन, ज्ञान साझा करने के लिए, अपने वर्तमान मित्रों से संपर्क में बने रहने के लिए और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए करती है जिनका प्रतिशत क्रमश: 82.30, 38.35, 36.28, 32.74 और 29.50 है।

10. सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बिताया जाने वाला समय :-

तालिका क्रमांक 10: सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर दिन भर में व्यतीत किया जाना वाला समय

क्र.	विवरण	पुरुष (प्रतिशत)	महिला (प्रतिशत)
1	2 घंटे से कम	339 (43.41)	155 (45.72)
2	2 से 4 घंटे	313 (40.08)	144 (42.78)
3	4 से 6 घंटे	78 (9.99)	30 (8.85)
4	6 घंटे से ज्यादा	51 (6.53)	10 (2.95)

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 10 से स्पष्ट होता है कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर 2 घंटे से कम 43.41 प्रतिशत छात्र और 45.72 प्रतिशत छात्राएं समय व्यतीत करती है । यह थोडा संतोषजनक हो सकता है लेकिन शेष विद्यार्थी जो दिन भर में 4 से ज्यादा घंटे सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर व्यतीत कर रहे है, चिंताजनक है।

11. सोशल नेटवर्किंग साइट्स से नए कौशल सीखने पर प्रतिक्रिया :-

तालिका क्रमांक 11: सोशल नेटवर्किंग साइट्स से नए कौशल सीखने पर प्रतिक्रिया

क्र.	प्रतिक्रिया	पुरुष (प्रतिशत)	महिला (प्रतिशत)
1	हाँ	536 (68.63)	236 (69.62)
2	नहीं	131 (16.77)	45 (13.27)
3	कह नहीं सकते	114 (14.60)	58 (17.11)

स्रोत : सर्वेक्षण, नोट- कोष्ठक में दिए गए सभी आंकड़े प्रतिशत दर्शाते हैं।

तालिका क्रमांक 11 विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स से नए कौशल सीखने के प्रति छात्रों में 68.63 प्रतिशत और छात्राओं में 69.62 प्रतिशत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है ।

निष्कर्ष – सर्वेक्षण के उपरांत उपरोक्त तालिकाओं से, निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले गए हैं:

तालिका क्रमांक 1 और तालिका क्रमांक 3 के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि अधिकांश डिप्लोमा विद्यार्थी सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग कर रहे है और यह विभिन्न अन्य अध्ययनों की पुष्टि करता है। यहाँ तक कि जो लोग स्वयं किसी भी सोशल नेटवर्किंग साइट के सदस्य नहीं हैं, वे भी दूसरों के अकाउंट से उन तक पहुँच रहे थे। यहाँ तक कि इसके लिए वे अपने पारिवारिक सदस्यों की डिवाइस का उपयोग कर रहे है।

तालिका क्रमांक 4 और तालिका 5 से पता चलता है कि पुरुष और महिला विद्यार्थी सबसे अधिक व्हाट्सएप का उपयोग कर रहे थे। यूट्यूब और इन्स्टाग्राम समान रूप से सभी विद्यार्थियों द्वारा उपयोग में लाया जाता है। छात्राओं का फेस बुक की ओर रुझान कम है जबकि स्नेप चेट की ओर छात्रों का रुझान कम है। तालिका क्रमांक 6 से पता चलता है कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स का उपयोग ज्यादातर मोबाइल फोन के माध्यम से किया जाता है। सबसे कम इस्तेमाल टैबलेट का होता है। एक से अधिक डिवाइस का उपयोग करने वाले छात्रों (6.40 प्रतिशत) की तुलना में छात्राओं का (10.62 प्रतिशत) प्रतिशत ज्यादा है ।

तालिका क्रमांक 7 से स्पष्ट है कि महिला विद्यार्थियों की तुलना में पुरुष विद्यार्थियों के पास स्वयं का डिवाइस है। महिला विद्यार्थी पिताजी, माताजी अथवा भाई या बहिन का डिवाइस पुरुष विद्यार्थी की तुलना में ज्यादा उपयोग में लाती है।

तालिका क्रमांक 8 और तालिका 9 सोशल नेटवर्किंग साइट्स तक पहुँचने के प्रमुख कारण को प्रदर्शित करती हैं। पुरुष विद्यार्थियों के लिए प्रमुख कारण शिक्षा, मनोरंजन, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी, ज्ञान साझा करने और अपने वर्तमान मित्रों से संपर्क में बने रहना है जबकि महिला विद्यार्थियों के लिए यह शिक्षा, मनोरंजन, ज्ञान साझा करने के लिए, अपने वर्तमान मित्रों से संपर्क में बने रहने के लिए और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी है। पुरुष विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अधिक महत्वपूर्ण था जबकि महिला विद्यार्थियों के लिए के लिए अन्य चीजों की तुलना में ज्ञान साझा करना महत्वपूर्ण था।

तालिका क्रमांक 10 सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर समय व्यतीत करने को प्रदर्शित करता है। विद्यार्थी जो दिन भर में 4 से ज्यादा घंटे सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर व्यतीत कर रहे है, चिंताजनक है ।

तालिका क्रमांक 11 से स्पष्ट होता है कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स से नए कौशल सीखने के प्रति विद्यार्थियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है ।

तालिका क्रमांक 4, क्रमांक 5, क्रमांक 8, क्रमांक 9, और क्रमांक 11 के संयुक्त विश्लेषण से प्रतीत होता है कि कोविड 19 के बाद से सोशल नेटवर्किंग साइट का उपयोग शिक्षकों और छात्रों के द्वारा एक संचार उपकरण के रूप में किया जा रहा है। चूंकि अधिकांश छात्र पहले ही सोशल नेटवर्किंग साइटों की एक व्यापक रेंज का उपयोग कर रहे थे, तो शिक्षकों ने भी स्वयं इसका उपयोग अपने लाभ के लिए करना शुरू कर दिया हैं । शिक्षक या प्राध्यापक व्हाट्सएप ग्रुप को सृजित करके, कक्षा की परिचर्चा को बढ़ाते हुए, टेस्ट व प्रश्नोत्तरी, होमवर्क आदि सब कुछ कर रहे हैं। सोशल नेटवर्किंग का प्रयोग शिक्षक व छात्रों के माता-पिता के बीच संवाद को बढ़ावा देने के लिए भी किया जा रहा है। सोशल नेटवर्किंग साइट्स का एक बड़ा प्रयोग विद्यार्थियों को ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट संबंधी कार्यों के लिए भी किया जा रहा है।

सुझाव के रूप में कहा जा सकता है कि इन समंकों को एक बड़े नमूने में और अधिक मान्य किया जा सकता है और उपयोग करने के अधिक कारण मिल सकते हैं। इस विषय पर काम करना भी दिलचस्प होगा कि व्हाट्सएप विद्यार्थियों की पसंद क्यों है ?

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. Arumugam, B., Nagalingam, S., &Ganesan, R. (2014).Behavioural attributes and risk factors on usage of social networking sites among school going children of Chennai.British Biomedical www.bbbulletin.org Bulletin, 2(1), 165-173.
2. Suraj Sharma, Sunita Godiyal, A Study on the Social Networking Sites Usage by Undergraduate Students www.oiirj. org I S S N 2249-9598 Page 162 Online International Interdisciplinary Research Journal, {Bi-Monthly}, ISSN 2249-9598, Volume-VI, Issue-III, May-June 2016 Issue
3. Retrieved from Bhola, R. M., &Mahakud, G. C. (2014).A qualitative analysis of social networking usage.International Journal of Research & Development of Health, March 2014; 2(1): 34-44. Retrieved from www.ijrdh.com
4. Kuss, D. J., & Griffiths, M. D. (2011). Addiction to social networks on the Internet: A literature review of empirical research. International Journal of Environment and Public Health, 8, 3528–3552.
5. Lenhart, A., Madden, M., &Hitlin, P. (2005). Teens and technology: Youth are leading the transition to a fully wired and mobile nation. Pew Internet & American Life Project.
6. Sampasa-kanyinga, H., & Lewis, R. F. (2015). Frequent Use of Social Networking Sites Is Associated with Poor Psychological Functioning Among Children and Adolescents, 18(7), 380–385. http://doi.org/10.1089/

cyber.2015.0055
7. Sharma, S. (2015). Use of Social Networking Sites by undergraduates in relation to their academic achievement. Scholarly Research Journal for Interdisciplinary Studies, 3(21), 1229–1234
8. Tham, j. & Ahmed, N. (2011). The usage and implications of Social Networking Sites: A survey of college students. Journal of Interpersonal, Intercultural and Mass Communication, 5(1), 1-11. websites Ofcom Social Networking Sites research Published separately at: www.ofcom.org.uk Pewinternet.org Statisticsbrain. com www.oiirj.org ISSN 2249-9598
9. Boyd, D. M., & Ellison, N. B. (2007). Social network sites: Definition, history, and scholarship. Journal of Computer-Mediated Communication, 13(1), article1. from http://jcmc.indiana.edu/vol13/issue1/boyd.ellison.html
10. Kumar, A.& kumar, R. (2013). Use of Social Networking Sites (SNSs): A study of Maharishi Dayanand University, Rohtak, India. Library Philosophy and Practice (e-Journal), 1–12. http://doi.org/http://digitalcommons.unl.edu/libphilprac/1000.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Assessment of Physical Properties of Soil in the South-Eastern Zone of Barwani District of Madhya Pradesh

Harish Raghunath Khairanar* **Dr. Pramod Pandit**** **Dr. Dhananjay Dwivedi*****

*Research Scholar, Devi Ahilya VishwaVidyalaya, Indore (M.P.) INDIA
** Asst. Prof. (Chemistry) Shaheed Bheema Nayak Govt. PG College, Barwani, Indore (M.P.) INDIA
*** Prof. (Chemistry) P.M.B.Gujarati Science College, Nasiya Road, Indore (M.P.) INDIA

Abstract: South-Eastern Zone of Barwani District has great agricultural potential because of its vast areas of fertile land, diverse climate, generally adequate rainfall and large labour pool. However, agriculture of study area is characterized by low production per unit area. This is a paradox, which invites researchers to investigate the causes of the problem and suggest feasible solutions.

Soil is the layer(s) of generally loose mineral and/or organic material that are affected by physical, chemical and biological processes at or near the planetary surface and usually hold liquids, gases and biota and support plants. There are some soils are red, some are black; some are deep and some are shallow; some are coarse textured and some are fine-textured. They serve in varying degree as a reservoir of nutrients and water for crops, provide mechanical anchorage and favourable tilth. The components of soils are mineral material, organic matter, water, air and biota, the proportions of which vary and which together form a system for plant growth; hence the need to study the soils physical properties in perspective.

The objective of the present study entitled **"Assessment of physical properties of soil in the South-Eastern Zone of Barwani District of Madhya Pradesh"**is to assessment of physical properties of soil to determine agricultural potentials and constraints for crop production of the soils of South-Eastern Zone of Barwani District.

Keywords: Soil Physical Properties, Soil-Texture, Soil-Structure, Soil-Porosity, Soil-Permeability, Water-Holding Capacity (WHC), Soil-Moisture, Soil-Colour.

Introduction - Physical properties of the soil include soil-texture, structure, porosity, permeability, water-holding capacity, moisture and colour etc. described as follows.

i. **Soil-Texture:**The proportion of sand, silt and clay particles in the soil.

ii. **Soil-Structure:** How soil particles are arranged into aggregates.

iii. **Soil-Porosity:** The amount of space within the soil, affecting water and air movement.

iv. **Soil-Permeability:** Soil permeability refers to the ability of soil to transmit water and air, influencing factors like drainage, water infiltration and groundwater flow.

v. **Soil-Water Holding Capacity:** Soil-WHC is a measure that quantifies the amount of water a soil can retain against gravity, influencing its ability to support plant growth and other soil processes.

vi. **Soil-Moisture:** The amount of water held within the pores of soil, representing the total water content of the soil, crucial for plant growth and microbial activity.

vii. **Soil-Colour:** Can indicate soil composition and organic matter content.

Soil continue change under the effect of physical factors like the parent material, time, the climate, the organisms present in it etc. [Solanki and Chavda, 2012.].Degradation of agricultural soils usually begins with the deterioration of the vegetative cover due to over grazing, wood-cutting, improper cultivation and bush fire [Weert and Lenselink, 1972].

These degradation lead to accelerated water-erosion, soil-compaction, increase in bulk density, decrease in soil-porosity and reduction in infiltration rate, surface crusting and loss of soil-fertility. Degradation of soils can occur due to depletion of SOM, extensive use of chemical-fertilizers and pesticides and reduction of biodiversity [Tilman et al., 2001].

Soil has a heterogeneous structure and its status affects ecosystem processes which control nutrients cycling [Fitter, 2005]. Avoiding soil-degradation and improving soil-health and fertility level could be achieved by performing sustainable soil management with an appropriate understanding of soil properties [Thapa and Yila, 2012].

Soil properties vary spatially and temporally from a field to a larger region scale and are influenced by both intrinsic (soil forming factors such as parent materials) and extrinsic

factors (soil management practices, irrigation, fertilization and crop rotation) [Cambardella and Karlen1999].

Hypotheses of the Research Work:

1. Soil's physical properties such as Soil-Texture, Soil-Structure, Soil-Porosity, Soil-Permeability, Water-Holding Capacity (WHC), Soil-Moisture, Soil-Colour, will differ across various locations within the study area.
2. The nutrient deficiency, infertile soil and soil-degradation will be higher in areas with poor soil physical properties.
3. Soil physical properties are suitable for natural farming, organic farming, integrate nutrient management and balance fertilization practices in crop production.

Objectives of the Research Work:

"Assessment ofphysical properties of soil in the South-Eastern Zone of Barwani District of Madhya Pradesh"was carried out with the followings objectives:

Primary Objectives:

1. To characterize the physical properties of soil in the South-Eastern Zone of Barwani District of Madhya Pradesh. This objective aims to provide a comprehensive understanding of the soil's physical properties and soil health.
2. To determine soil-moisture, soil-permeability, soil-porosity and soil-WHC, providing insights into its physical properties, soil -quality, fertility and crop productivity.
3. To determine the soil-textural class, soil-structure and soil-colour providing insights into its physical properties and soil quality.

Specific Objectives:

1. To promote natural-farming, organic-farming and sustainable agriculture, through examined the soil physical properties that ascertain the farmer's role in controlling the movement of chemical entities in the soil and food-chain.
2. To inform the relationship between soil physical properties and crop productivity, informing strategies for improved crop productivity, providing insights into crop selection and land use planning.

Study Area:

The South-Eastern Zone of Barwani (Sendhwa City): Sendhwa city belongs to the Barwani district in South Western part of Madhya Pradesh. Sendhwa is a small town situated 155 kms away from Indore towards Mumbai. Sendhwa is geographically located at 21°41N75°06 E21.68°N75.1°E.It has an average elevation of 409 meters(1341feet). It is also a Tehsil of Barwani District. The city is bordered by Maharashtra state to the south Gujarat state to the west, Dhar district to the north and Khargone district to the east.

The climate of the region is divided into four seasons. Winter from December to February, summer from March to May, rainy from June to September and autumn for October to November. May is the hottest month in the year and December is the coldest. The peak temperature of the city during day time is 42 to 45 degree Celsius in May and low temperature during night is 6 to 10 degree Celsius in December. Humidity during rainy season is about 70%. The average rainfall in the city is about 831mm.

Sendhwa area is classified as a semi-arid tropical (SAT) region which falls under Central Plateau and Hill Region (Zone VII) of agro-climatic zone.The soil of Sendhwa, a tehsil in Barwani district of Madhya Pradesh, India, is primarily composed of Black Cotton Soil (Vertisols).This is the dominant soil type in this area, characterized by its black colour, high clay content and swelling-shrinking properties. Source: www.nagarpalikasendhwa.org.

Factors Influencing to Soil Properties: The soil-properties in the South-Eastern Zone of Barwani District is influence by factors like:

i. Geology: Basalt, sandstone, and shale rocks.
ii. Topography: Hilly to undulating terrain.
iii. Climate: Semiarid, Tropical to subtropical climate with high rainfall.
iv. Vegetation: Forests, agricultural lands, and grasslands.
v. Dominant Clay Minerals: Montmorillonite, Vermiculite.

Major Crops of City: The soil in South-Eastern Zone of Barwani District is suitable for various crops like Cotton, Soybean, Wheat, Maize, Sugarcane, Pulses, and Oilseeds. Drought-tolerant crops (e.g., cotton, pulses) are suitable in the area. Irrigation management is crucial for crop growth. [NBSSLUP].There are 59.90% Cultivators and 18.16% agricultural labourers has been recovered in Sendhwa tahsil. There are 60.32 % area is cultivable and 30.39 % of total cultivable area is irrigated [Census of India 2011].

Methods of Determination:

Soil Sample Collection and Preparation: To analysing the physical properties of soil total of 15 fully representative surface soil samples (at a depth of 0-15 cm) were collected randomly from **South-Eastern Zone (**21km around the Sendhwa city) **of Barwani District of Madhya Pradesh**from farmers field during Apr-May, 2025 by using soil sampling auger and spade. The exact location of each sample was recorded using a Global Positioning System (GPS. After air drying soil samples were sieved through a 2 mm size sieve. The prepared samples were used for determination of various physical properties of soil(Table.1).

Table-1: Methods of Determination of Physical Properties of Soil Samples Collected from the South-Eastern Zone of Barwani District of M.P.

S.	Soil-Physical Properties	Methods of Determination
1.	Soil-Texture Status	Hydrometer Method and Textural-Triangle Method
2.	Soil-Structure Status	Dry Aggregate Analysis [Gupta and Ghil Dyal, 1998]
3.	Soil-Porosity Status	The Water Saturation Method
4.	Soil-Permeability Status	Falling Head Permeameter Method.

5.	Water-Holding Capacity Status	Field Capacity Method [(Veihmeyer and Hendrickson (1931)]
6	Soil-Moisture Status	Gravimetric Method
7.	Soil-Colour Status	Munsell Soil-Colour Chart Method

Table-2 (see in last page)

Results: According to finding of research work (Table-2) results was as follows:

Soil-Texture Status of the South-Eastern Zone of Barwani: In general out of 15 soil samples 60 % soil samples were fall under clay texture class status, 6.66 % samples under clay loam texture, 20% samples under silty clay loam and 13.33% soil samples were fall under sandy clay loam texture class status. The general statistics calculated from 15 soil samples revealed that the clay percent ranged from 30-70 %, with a mean value of 47.06%. The silt percent ranged from 13-52% with a mean of 30.13%. The sand particle ranged in between 13-54 % with a mean of 22.8 %.

Soil-Structure Status of the South-Eastern Zone of Barwani: In general out of 15 soil samples, 20% samples fall under Crumb status, 13.33 % samples Granular structure and 66.66% samples were categorized under Blocky structure status.

The Aggregate Stability Status of the South-Eastern Zone of Barwani: In general out of 15 soil samples, 60% samples fall under Weakly-developed status, 40% samples were categorized under moderate-developed status.

Soil-Structure Aggregate Size Status of the South-Eastern Zone of Barwani: The general statistics calculated from 15 soil samples revealed that the coarse size particles ranged from 8- 16% with mean of 11.6%, medium coarse size particles ranged from 25-37% with mean of 31.06%, fine particles ranged from 11-23% with mean of 16.13% and very fine particles ranged from 30-48% with mean value of 41.2%.

Soil-Porosity Status of the South-Eastern Zone of Barwani: The general statistics calculated from 15 soil samples revealed that the Soil-Porosity ranged from 28 - 53 %, with a mean value of 40.73%.In general 26.66 % samples fall under low porosity status and 46.66% samples were categorized under moderate and 26.66% samples high in Soil-Porosity status.

Soil-Permeabilityof the South-Eastern Zone of Barwani: The general statistics calculated from 15 soil samples revealed that the soil-permeability ranged from 1.7 - 6.5 cm/h, with a mean value of 4.10 cm/h.In general 33.33 % samples fall under moderate soil-permeabilitystatus, 46.66% samples were categorized under low soil-permeability status and 20% samples fall under very low soil-permeability status.

Soil-Water-Holding-Capacity Status of the South-Eastern Zone of Barwani: The general statistics calculated from 15 soil samples revealed that the Soil-WHC ranged from 37 - 57%, with a mean value of 47.86 %. In general 13.33% samples fall under medium status, 53.33% samples in high WHC status and 33.33% samples were categorized under very high WHC status.

Soil-Moisture of the South-Eastern Zone of Barwani: The general statistics calculated from 15 soil samples revealed that the during pre-monsoon season (May-June) soil-moisture percentage ranged from 11-21% with a mean value of 16.4 %. In general 93.33% soil samples were fall under dry condition and 6.66% soil samples were fall under moist condition.

Soil-Colour Status of the South-Eastern Zone of Barwani: In general statistics calculated from 15 soil samples revealed that the 13.33% soil samples fall under dark brown (10YR 3/3), 6.66% very dark grayish brown (10YR 3/2), 33.33 % very dark brown (10 YR 2/2) and 46.66% soil samples were fall under Black colour with 10YR 2/1 munsell colour notation according to Munsell Soil Colour Chart.

Interpretation and Discussion: The clayey texture, high water holding capacity,blocky structure,weakly developed aggregate stability,low soil permeability,moderate porosity,dry condition during pre-monsoon season and black soil colour, all this physical properties of soil of the South-Eastern Zone of Barwani District indicated that the soil has good physical condition for crop production that is beneficial for crops productivity such as a crops like cotton, soybeans, groundnut, pulses, sugarcane, banana, papaya, vegetables and citrus fruits. However, this also suggests that the soil may be prone to waterlogging, requiring careful irrigation management.It suggested that during dry condition irrigation might be necessary to optimal maintain plant growth.

Outcomes of Research Work: Soil of South-Eastern Zone of Barwani District werefound ingood physical properties/ condition and has a strong agricultural potentials for crop production.

Recommendation for Future Work: Periodic assessment of soil fertility status, nutrients availability and study on physicochemical properties of soil in South-eastern Zone of Barwani district is recommended to optimize crop productivity and to maintain soil health and quality.

Conclusion: The findings of research work would be useful for managing soil resources, crops selection, land use planning of the South-Eastern Zone of Barwani District on sustainable basis. This kind of research would be helpful to motivate and promote an approaches like Natural Farming, Organic Farming, Integrate Nutrient Management and Balance Fertilization practices in crop production.There is need to similar study on physicochemical properties of soil in the study area.

Acknowledgement: I wish to express my profound sense of gratitude and thanks to my esteemed Supervisor Dr.Pramod Pandit (Asst. Prof. Depart. of Chemistry. Shaheed Bheema Nayak Govt.PG College Barwani (MP))

and Co- Supervisor Dr.Dhananjay Dwivedi (Prof.Depart. of Chemistry P.M.B. Gujarati Science College, Nasiya Road, Research centre, Indore, MP.) for their inspiring guidance, constant encouragement and help extended during the investigation, conception ,methodology, sampling, analysisand overall research.

References:-

1. Cambardella, C. A., &Karlen, D. L. (1999). Spatial analysis of soil fertility parameters. Precision Agriculture. 1(1), 5-14.
2. Fitter A. H. Gilligan, C. A. Hollingworth K. Kleczkowski, A.R. M. Twyman. W Pitchford" (2005). Functional Ecology 19:369-377.
3. Gupta, R.P. and Ghil Dyal, B.P. (1998). Theory and Practices in Agrophysics measurements. Allied publishers Ltd.
4. NBSSLUP: National Bureau of Soil Survey and Land Use Planing.
5. Solanki, H.A. and Chavda, N.H. (2012): Physicochemical analysis with reference to seasonal changes in soils of Victoria park reserve forest, Bhavnagar (Gujarat).Life sciences Leaflets.8, :62-68.
6. Thapa, G. B., &Yila, O. M. (2012). Farmers' Land Management Practices and Status of Agricultural Land in the Jos Plateau, Nigeria. Land Degradation & Development, 23: 263-277.
7. Tilman, D., J. Fargione, B. Wolff, C. D'Antonio, A. Dobson, R. Howarth, D. Schindler, W. H. Schlesinger, D. Simberl off, D. Swackhamer. 2001. -Forecasting agriculturally driven global environmental change. Science, 292: 281-284.
8. Veihmeyer F.J and Hendrickson A.H. (1931). The moisture equivalent as a measure of field capacity of soils. Soil Sci. 32, 181-194.

Table-2: Status of Physical Properties of Soil Samples Collected from the South-Eastern Zone of Barwani District of M.P.

Sam-ple No.	Location	Latitude	Longitude	Soil Porosity %	% WHC	Soil- Permeability Cm/ hr K27 °C
1.	Front of Suraj Nagar Niwali Rd. Sendhwa, 451666, Mp., Ind.	21.682784°	75.076104°	32	46	6.1
2.	Kunjari, 451666, Mp., Ind.	21.677331°	75.013432°	35	39	6.5
3.	Niwali, 451666, Mp., Ind.	21.678974°	74.916619°	28	55	6.5
4.	Gram BakeeUrfGoi Old AB Rd Near Advantage City Semalya, 451666, Mp., Ind.	21.719874°	745.117313°	36	49	1.8
5.	Gram Salikalan AB Rd., 451449, Mp., Ind.	21.775589°	75.165871°	42	51	3.8
6.	Balsamund Old AB Rd., 451449, Mp., Ind.	21.811221°	75.174386°	38	37	4.1
7.	Near ChhotiBijasanMandirPipaldhar Sendhwa, 451666, Mp., Ind.	21.663243°	75.081412°	38	47	4.5
8.	Gawadi AB Rd. , 451666, Mp., Ind.	21.641352°	75.077619°	41	48	3.8
9.	Bhawargarh, 451666, Mp., Ind.	21.583604°	75.063914°	53	53	5.7
10	Julwaniya, Balwadi -Sendhwa Rd, 451666, Mp., Ind.	21.673644°	75.113648°	46	48	2.5
11.	Bhamanya, Balwadi-Sendhwa Rd., 451666, Mp. , Ind.	21.626184°	75.129402°	52	52	2.8
12.	Shahpura,Balwadi-Sendhwa Rd., 451666, Mp., Ind.	21.619015°	75.145604°	52	48	1.8
13.	Front of Swami- Vivekananda College Barwani Rd., 451666, Mp., Ind.	21.696338°	75.088242°	30	57	6.2
14.	Gram Dondwada Barwani Rd , 451666, Mp., Ind.	21.778465°	75.023126°	51	43	1.7
15.	Palsud , Barwani Rd, 451447, Mp., Ind.	21.831016°	74.952324°	37	45	3.8

Sample No.	Soil Colour	Soil Structure (Shape of Particles)	Aggregate Stability	Aggregate Size			
				Coarse %	Medium %	Fine %	Very Fine %
1.	10 YR 3/3 Dark Brown	Blocky	Weakly Developed	15	29	14	42
2.	10 YR 2/2 Very Dark Brown	Crumb	Weakly Developed	13	31	14	42
3.	10 YR 3/3 Dark Brown	Blocky	Weakly Developed	16	25	13	46
4.	10 YR 2/1 Black	Blocky	Weakly Developed	12	29	13	46
5.	10 YR 2/1 Black	Granular	Moderately Developed	11	36	23	30
6.	10 YR 2/2 Very Dark Brown	Crumb	Weakly Developed	10	31	11	48
7.	10 YR 2/1 Black	Granular	Moderately Developed	11	37	19	33
8.	10 YR 3/2 V. D. Grayish Brown	Blocky	Moderately Developed	11	33	15	41
9.	10 YR 2/1 Black	Blocky	Weakly Developed	12	31	18	39
10	10 YR 2/1 Black	Crumb	Moderately Developed	10	27	18	45
11.	10 YR 2/1 Black	Blocky	Weakly Developed	8	31	17	44
12.	10 YR 2/1 Black	Blocky	Weakly Developed	9	31	19	41
13.	10 YR 2/2 Very Dark Brown	Blocky	Weakly Developed	14	34	15	37
14.	10 YR 2/2 Very Dark Brown	Blocky	Moderately Developed	9	33	16	42
15.	10 YR 2/2 Very Dark Brown	Blocky	Moderately Developed	13	28	17	42

		Soil-Texture			
Sample No.	% Soil Moisture-Premonsoon	Clay %	Sand %	Silt %	Soil Texture
1.	15	40	27	33	Clay
2.	16	30	52	18	Sandy Clay Loam
3.	13	65	15	20	Clay
4.	11	55	16	29	Clay
5.	19	34	15	51	Silty Clay Loam
6.	18	33	54	13	Sandy Clay Loam
7.	16	35	13	52	Silty Clay Loam
8.	21	34	14	52	Silty Clay Loam
9.	13	60	18	22	Clay
10	20	56	18	26	Clay
11.	17	56	18	26	Clay
12.	19	57	15	28	Clay
13.	13	70	14	16	Clay
14.	17	45	24	31	Clay
15.	18	36	29	35	Clay Loam

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में बैंकिंग व्यवस्था सुझाव एवं सिफारिशें

डॉ. अरूणा पाठक*

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) माता गुजरी महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – किसी देश का वित्तीय क्षेत्र अर्थव्यवस्था के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और बैंक वित्तीय क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण संस्थान हैं। बैंक बचतकर्ताओं और निवेशकों के बीच मध्यस्थ के रूप में कार्य करते हैं। एक ओर, वे उन लोगों से धन एकत्र करते हैं जिनके पास अधिशेष धान होता है और दूसरी ओर वे इन निधियों को उन निवेशकों को प्रदान करते हैं जो उद्यमी, फर्म और कंपनियां हैं।

एक विकसित बैंकिंग क्षेत्र इस कार्य को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से करता है। आधुनिक विश्व में यह देखा जा सकता है कि केवल वे देश तेजी से विकसित हुए हैं जिनके पास सामान्य रूप से एक कुशल वित्तीय क्षेत्र और विशेष रूप से बैंकिंग क्षेत्र था। यह न केवल आज का बल्कि अतीत में भी सच है। अर्थव्यवस्था और इसके विभिन्न क्षेत्रों का विकास मुख्य रूप से बैंकों से ऋण के प्रवाह पर निर्भर करता है। यह अनुभव किया गया है कि जिन क्षेत्रों की बैंक ऋण तक आसान पहुंच है, वे उन क्षेत्रों की तुलना में तेजी से विकसित होते हैं जिनके पास ऐसी पहुंच नहीं है चूंकि बैंक वाणिज्यिक उद्यम हैं, इसलिए उनमें उन पार्टियों को अपना ऋण उपलब्ध कराने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है जो आर्थिक रूप से व्यवहार्य हैं। इस प्रक्रिया में अक्सर ऐसा होता है कि कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को छोड़ दिया जाता है जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन आर्थिक रूप से इतने फायदेमंद नहीं हो सकते हैं। इस मुद्दे को हल करने के लिए सरकार या तो सीधो या देश के केंद्रीय बैंक के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र को अर्थव्यवस्था के विशेष क्षेत्रों को अपना ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश देती है। ऐसे क्षेत्रों को प्राथमिकता क्षेत्र कहा जा सकता है। वर्तमान अध्ययन का फोकस भारत में बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने का विश्लेषण करने पर है। यद्यपि इस विशिष्ट मुद्दे पर आने से पहले, भारत में बैंकिंग के विकास और इसकी वर्तमान स्थिति का परिचय आवश्यक है।

यद्यपि बैंक प्राचीन काल में भी मौजूद थे, उनके विकास का पता विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं के विकास में लगाया जा सकता है और बैंकिंग के आधुनिक पैटर्न का पता पंद्रहवीं शताब्दी में लगाया जा सकता है, इटली में बंका मोंटे देई पासची डि सिएना (1472), रिक्स बैंक स्वीडन (1668) और बैंक ऑफ इंग्लैंड (1694) में। इसके बाद बैंकों का विकास पूरे यूरोप, यू.एस. और यूरोपीय देशों के अन्य उपनिवेशों में फैल गया। भारत में साहूकारी प्रथा प्राचीन काल में भी मौजूद थी लेकिन बैंकों के आधुनिक रूप के विकास का श्रेय ब्रिटिश शासन की स्थापना को दिया जाता है। भारत में बैंकिंग के इन शुरुआती दिनों से लेकर वर्तमान समय तक भारतीय बैंकिंग प्रणाली विभिन्न प्रकार के बैंकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई है। देश में लगभग 18,000 बैंक शाखाएँ हैं जिनके पास बैंक प्रबंधन के सभी आधुनिक साधन हैं। ऐतिहासिक रूप से बदलते बैंकिंग परिदृश्य का विश्लेषण करने के लिए समयावधि को चार चरणों में विभाजित किया गया है। ये 1969 और 1991 भारत में बैंकिंग के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। 1969 वह वर्ष है जब 14 प्रमुख बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया, जिसने 80 प्रतिशत से अधिक बैंकिंग को सार्वजनिक क्षेत्र के अधीन कर दिया। राष्ट्रीयकरण का मुख्य कारण बैंकिंग क्षेत्र को सामाजिक रूप से जिम्मेदार बनाना था। इस घटना में प्राथमिकता क्षेत्र की अवधारणा की उत्पत्ति हुई है। 1991 न केवल बैंकिंग क्षेत्र के लिए बल्कि समग्र रूप से अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, जब बैंकिंग क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार शुरू किए गए, जिसने भारत में बैंकिंग को एक नया अभिविन्यास दिया है।

सुझाव और सिफारिशें – विश्व भर में, और भारत में भी बैंकिंग और गैर-बैंकिंग क्षेत्रों ने नीतिगत उपायों के सहारे, कोविड-19 से जुड़े व्यवधानों का अच्छी तरह से सामना किया है। जैसे-जैसे आर्थिक वृद्धि में गति आएगी एवं नीतिगत कार्यवाहियों को वापस लिया जाएगा, बैंकों की बैलेंस शीटों पर महामारी का प्रभाव और स्पष्ट होगा। जलवायु परिवर्तन और तकनीकी नवोन्मेश इस क्षेत्र के लिए मध्यावधि हैं जिनको दूर करने के लिए सुविचारित रणनीतियों की आवश्यकता है।

1. छोटे किसानों के वित्तीय समावेशन के लिए कृषि क्षेत्र के अग्रिमों के भीतर उनके लिए एक उप लक्ष्य निर्धारित किया जाना चाहिए। इस संबंध में नायर समिति पहले ही सिफारिश कर चुकी है कि 2020-21 तक कृषि क्षेत्र के एएनबीसी का 9 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसानों के लिए अग्रिम लागू किया जाना चाहिए।
2. वित्तीय उपलब्धता की समस्याओं का तत्काल समाधान किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में भी नायर समिति ने सिफारिश की है कि इस क्षेत्र के लिए एएनबीसी का 9 प्रतिशत 2020-21 तक हासिल किया जाना चाहिए।
3. निजी क्षेत्र के साथ-साथ विदेशी बैंकों को भी अपना बड़ा हिस्सा देना चाहिए पीएस को ऋण विदेशी बैंकों के लिए भी उप-क्षेत्रीय लक्ष्यों का भी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।
4. महंगाई, उत्पादन लागत आदि को ध्यान में रखते हुए पीएस लक्ष्यों को हर 3 साल में संशोधित किया जाना चाहिए।
5. बैंक महिला उद्यमियों और अन्य जरूरतमंद महिलाओं को भी कर्ज दें

और इसे पीएसएल का हिस्सा बनाया जाए।

6. 2011 से 2021 तक, एनपीए प्रतिशत में गिरावट आई है जो 2015 में बहुत उच्च स्तर पर थी। वर्तमान में एनपीए प्रतिशत अपेक्षाकृत कम है, लेकिन अभी भी टिकाऊ नहीं है। ऋण आवेदनों के बेहतर मूल्यांकन और अनुवर्ती कार्रवाई द्वारा अभी भी एनपीए प्रतिशत को कम करने की आवश्यकता है। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के एनपीए को और कम करने पर ही बैंकों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को अधिक ऋण देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।
7. बैंक के प्रबंधन को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों को उधार देने की कला में अधिकारियों को प्रशिक्षण देना चाहिए और उन्हें पीएसए के मोचन में अपने कौशल का उन्नयन करना चाहिए।
8. सभी संभावित केंद्रों में विशिष्ट शाखाएं स्थापित की जानी चाहिए और उन्हें प्रशिक्षित जनशक्ति और बुनियादी सुविधाओं से लैस किया जाना चाहिए।
9. ऋण सुविधा प्रदान करने से पहले उधारकर्ताओं की उधार लेने की क्षमता को अंतिम रूप देने के लिए बैंकों में विशिष्ट क्रेडिट रेटिंग एजेंसी होनी चाहिए। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ग्राहकों की वित्तीय स्थिति का मूल्यांकन करेगी और क्रेडिट की समय पर डिलीवरी पर जोर देगी।
10. स्वीकृत निधि की निरंतर समीक्षा होनी चाहिए, यह प्रक्रिया तीन महीने में कम से कम एक बार की जानी चाहिए ताकि एनपीए में परिवर्तित होने वाले किसी भी खाते की ठीक से पहचान की जा सके और उसका हिसाब लगाया जा सके।
11. समय पर ऋणों की वसूली के लिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की प्रत्येक श्रेणी के लिए एक अलग एनपीए वसूली विभाग बनाया जाना चाहिए। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण देने के लिए जिम्मेदार अधिकारी और जो अधिकारी सक्रिय रूप से एनपीए की वसूली कर रहे हैं उन्हें उचित प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।
12. विलफुल डिफॉल्टरों की सूची सेबी और आरबीआई को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है, ताकि उन्हें मुद्रा बाजार और पूंजी बाजार तक पहुंच से रोका जा सके। भारतीय रिजर्व बैंक को जहां कहीं आवश्यक हो, बैंकरों को कानूनी कार्रवाई सहित कानूनी उपाय शुरू करने की अनुमति देनी चाहिए।
13. कृषि और सूक्ष्म और लघु उद्योग के क्षेत्र में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्रस्तावित ऋण की निगरानी में नाबार्ड और सिडबी की भूमिका को बढ़ाकर एनपीए की वृद्धि कुछ हद तक कम हो सकती है।
14. पीएसए के उधार और वसूली की निगरानी के लिए नाबार्ड और सिडबी द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष संस्थान स्थापित किया जाना चाहिए।
15. कमजोर वर्गों को उधार देने में एनपीए को निजी क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों दोनों में नियंत्रित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह 2015–16 में उच्च है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शुक्ल, डॉ. एस.एम. एवं सहाय, डॉ. शिवपूजन, (2011)सांख्यिकी के सिद्धान्त, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा।
2. शर्मा, डॉ. हरिश चन्द्र, (2011) बैंकिंग विधि एवं व्यवहार, एसबीपीडी. पब्लिशिंग हाउस, आगरा,
3. सिन्हा, डॉ. वी.सी., (2013) भारत में बैंकिंग विधि एवं व्यवहार, एसबीपीडी पब्लिशिंग हाउस, आगरा।
4. मिठानी, गॉर्डन, (2001) बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली, हिमालय पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली।
5. मुजुमदार, एनए, (2003) वित्तीय क्षेत्र और भारत का आर्थिक विकास, खंड I और खंड II, अकादमिक फाउंडेशन, दिल्ली।
6. डोनाल्ड मैल्कम और पायने एड्रियन, (1996) के लिए विपणन योजना सर्विसेज, बटरवर्थ हेनमैन लिमिटेड, ऑक्सफोर्ड।
7. देसाई वसंत, बैंक प्रबंधन के सिद्धांत (सिद्धांत, योजना और प्रोग्रामिंग), हिमालय पब्लिशिंग हाउस, बॉम्बे 1993।
8. डेविड बी.जेनॉफ,(1989) मार्केटिंग वित्तीय सेवाएं, बॉलिंगर प्रकाशन कंपनी, मैसाचुसेट्स।
9. दश आशुतोष, (2002) वित्तीय सेवाओं का विपणन– एक रणनीतिक दृष्टिकोण– वित्तीय सेवाएं (पाठ, मामले, रणनीतियाँ।) गहरा और गहरा प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मुइज्जू सरकार और भारत – मालदीव संबंधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. शोभा गौतम*

* सह आचार्य (राजनीति विज्ञान) से. मु .मा .राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है। यह रणनीतिक रूप से प्रमुख पूर्व–पश्चिम अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग मार्गों के मध्य में स्थित है।भारत के पश्चिमी तट से इसकी निकटता के कारण, मालदीव भारत की समुद्री सुरक्षा गणना में प्रमुख तत्वों में से एक है। यह भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और विजन 'सागर', में एक प्रमुख भागीदार है।2008 में मालदीव में लोकतंत्र की स्थापना हुई।भारत और मालदीव के संबंध सरकारों में परिवर्तन के साथ परिवर्तित होते रहे हैं। भारत मालदीव संबंधों में सरकारों में परिवर्तन के साथ उतार– चढ़ाव आते रहे हैं।मालदीव की सत्ताधारी सरकार के चीन समर्थक होने पर भारत मालदीव संबंधों में तल्खी दृष्टिगोचर होती रही है इसके विपरीत यदि सत्ताधारी सरकार भारत समर्थक होती है तो भारत मालदीव संबंधों में घनिष्ठता देखी गई है।प्रस्तुत शोध पत्र में वर्ष 2023 में बनी मोहम्मद मुइज्जू सरकार के कार्यकाल के दौरान भारत और मालदीव संबंधों में आए परिवर्तनों का विश्लेषण किया गया है। मोहम्मद मुइज्जू चीन के समर्थक माने जाते रहे हैं ऐसे में पूर्ववर्ती सोलिह सरकार के विपरीत भारत मालदीव संबंधों में प्रारंभ में कुछ तनाव दृष्टिगोचर हुए तथापि कई अन्य क्षेत्रों में दोनों देशों ने अपने संबंधों में सुधार भी किया है।

शब्द कुंजी – समुद्री सुरक्षा, सागर, पड़ोसी पहले ,अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग मार्ग।

प्रस्तावना – मालदीव अपने सफेद रेत वाले समुद्र तटों के लिए जाना जाता है जिसकी अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान लगभग एक तिहाई है स भारत और मालदीव के बीच राजनयिक संबंध 1965 से चले आ रहे हैं, जब मालदीव को ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता मिली थी। भारत नए राष्ट्र को मान्यता देने और राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले पहले देशों में से एक था। भारत और मालदीव के कई हित समान हैं, जिनमें स्थिर और समृद्ध हिंद महासागर क्षेत्र में आर्थिक और सामरिक हित, समुद्री सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन सहयोग शामिल है।भारत अब मालदीव में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिसे कोई भी पक्ष रद्द नहीं करना चाहता है।मालदीव का लगभग 70 प्रतिशत रक्षा प्रशिक्षण भारत द्वारा किया जाता है। भारत ने पिछले 10 वर्षों में मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल (MNDF) के 1,500 से ज्यादा कर्मियों को प्रशिक्षित किया है। मालदीव ने भारत के साथ 100 से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए है।

शोध के उद्देश्य:

1. मोहम्मद मुइज्जू के कार्यकाल के दौरान भारत– मालदीव संबंधों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना।
2. मोहम्मद मुइज्जू के कार्यकाल के दौरान मालदीव और चीन के संबंधों में आए परिवर्तनों का अध्ययन करना तथा उससे मालदीव और भारत के संबंधों पर पड़े प्रभावों का मूल्यांकन करना।

शोध की परिकल्पना– मुइज्जू सरकार के कार्यकाल के दौरान मालदीव भारत की तुलना में चीन के अधिक निकट आया है तथापि मालदीव आज भी भारत के साथ संबंधों की प्रगाढता हेतु प्रयासरत है।

शोध प्रविधि – शोध कार्य हेतु ऐतिहासिक, विवरणात्मक, विश्लेषणात्मक, एवं तुलनात्मक शोध प्रविधि का प्रयोग किया गया है। शोध कार्य हेतु तथ्यों एवं आंकड़ों के संकलन हेतु द्वितीयक स्रोतों का प्रयोग किया गया है। द्वितीयक स्त्रोतों के रूप में पुस्तकों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, इन्टरनेट, सरकारी दस्तावेजों एवं भारत–मालदीव समझौतों के प्रलेखों का उपयोग किया गया है।

मोहम्मद मुइज्जू सरकार और भारत–मालदीव संबंध – मोहम्मद मुइज्जू 17 नवंबर, 2023 को मालदीव के 8वें राष्ट्रपति निर्वाचन हुए। उन्होंने राष्ट्रपति इबू सोलिह को हराया, जिन्हें भारत का मित्र माना जाता था।मोहम्मद मुइज्जू को पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन का प्रतिनिधि माना जाता है, जो 2013 से 2018 के बीच अपने कार्यकाल के दौरान चीन के समर्थक रहे। मोहम्मद मुइज्जू 'इंडिया आउट' अभियान से जुड़े रहे हैं, जो मालदीव से भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी का आह्वान करता है।

भारत – मालदीव संबंधों में तनाव – राष्ट्रपति मुइज्जू के पदभार ग्रहण करने के बाद से मालदीव और भारत के द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट देखी गई है। मुइजू के प्रशासन के तहत मालदीव का चीन की ओर झुकाव देखा गया जिससे संबंधों मे जटिलता आई। हालाँकि, मुइजू ने इस बात पर जोर दिया है कि मालदीव भारत के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है, और कहा है कि इससे भारत की सुरक्षा और हितों को नुकसान नहीं पहुँचेगा।

मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद, मोहम्मद मुइज्जू ने 18 नवंबर 2023 को भारत सरकार से मालदीव से अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का औपचारिक अनुरोध किया। जनवरी 2024 में स्थिति और खराब हो गई।लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद उनके खिलाफ मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा अपमानजनक टिप्पणी के बाद, एक कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया है। मालदीव सरकार ने अपने मंत्रियों – मरियम शिउना, मालशा

शरीफ और महजूम मजीद – द्वारा की गई टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया है और उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मालदीव सरकार द्वारा अपने मंत्रियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के बावजूद, पर्यटन पर निर्भर इस द्वीपीय देश को अवकाश स्थल के रूप में न देखने की अपीलें भारतीय सोशल मीडिया पर छाई रहीं।भारतीय पर्यटकों द्वारा आरक्षण रद्द करने की बढ़ती घटनाओं के बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीन से अपील की है कि वह उनके देश में ज्यादा से ज्यादा पर्यटकों को भेजने के लिए अपने प्रयासों को तेज करे।

भारत और मालदीव के बीच संबंधों में सुधार हेतु सकारात्मक कदम– भारत और मालदीव के बीच संबंधों में तनावों के बावजूद, संबंधों को फिर से बेहतर बनाने के प्रयास किए गए हैं।मुइज्जू ने इंडिया आउटकैंपेन के तहत भारत के साथ समझौतों को मालदीव की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा बताया था।राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि भारत के साथ मालदीव ने जो द्विपक्षीय समझौते किए हैं, उसमें चिंता की कोई बात नहीं है और कहा कि वह भारतीय सेना की जगह चीनी सेना को तैनात करके क्षेत्रीय संतुलन को बिगाड़ने नहीं देंगे।

राजकीय यात्राएं – मालदीव के राष्ट्रपति को जून 2024 में प्रधानमंत्री के रूप में मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया था। विदेश मंत्री जयशंकर ने अगस्त 2024 में माले का दौरा किया था, जो मुइज्जू के चुनाव के बाद दोनों पक्षों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी। भारतीय और मालदीव के नेताओं के बीच कूटनीतिक बातचीत के बाद, दोनों देशों ने अपने मतभेदों को सुलझाने और बुनियादी ढांचे के विकास और समुद्री सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2024 तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।यह पदभार ग्रहण करने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा थी।इस यात्रा के दौरान भारत ने मालदीव के तटरक्षक जहाज हुरवी को मुफ्त में मरम्मत करने की घोषणा की ।

मालदीव के विदेश मंत्री महामहिम डॉ. अब्दुल्ला खलील 02–04 जनवरी 2025 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेस विदेश मंत्री डॉ. खलील ने अपनी ओर से भारत द्वारा जरूरत के समय मालदीव को दी गई समय पर आपातकालीन वित्तीय सहायता की सराहना की, जो मालदीव के 'प्रथम प्रत्युत्तारदाता' के रूप में भारत की भूमिका को दर्शाता है। यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने भारत सरकार द्वारा अनुदान सहायता के माध्यम से मालदीव में चरण- III के तहत उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

8 से 10 जनवरी, 2025 मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून भारत यात्रा पर रहे। मोहम्मद घासन मौमून ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से समुद्री सुरक्षा सहयोग पर केंद्रित व्यापक वार्ता की। वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने भारत–मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

मालदीव के विदेश मंत्री डॉ. अब्दुल्ला खलील ने 25–27 मई, 2025 तक भारत की यात्रा की।यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी को मजबूती मिली है। 26 मई, 2025 को विदेश मंत्री डॉ. खलील ने व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी पर भारत–मालदीव विजन दस्तावेज के कार्यान्वयन में हो रही प्रगति का निरीक्षण करने के लिए द्वितीय भारत–मालदीव उच्च स्तरीय कोर ग्रुप (एचएलसीजी) बैठक में मालदीव का नेतृत्व किया। बैठक के दौरान, राजनीतिक आदान–प्रदान, रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग, विकास साझेदारी, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य और लोगों के आपसी संबंधों में तेजी लाने के लिए संयुक्त विजन के कार्यान्वयन पर भी बातचीत की गई।विदेश मंत्री डॉ. खलील ने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की।उन्होंने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ भारत सरकार और भारत के लोगों के प्रति मालदीव की ओर से एकजुटता और समर्थन व्यक्त किया

भारत–मालदीव सैन्य सहयोग

मिलन नौसेना अभ्यास का आयोजन – मालदीव भारत के द्विवार्षिक मिलन नौसेना अभ्यास में भी शामिल हुआ जो 19–27 फरवरी 2024 के बीच विशाखापट्टनम में आयोजित हुआ।

'दोस्ती 16' कोस्ट गार्ड अभ्यास का आयोजन – भारत–मालदीव–श्रीलंका के बीच त्रिपक्षीय 'दोस्ती 16' कोस्ट गार्ड अभ्यास, मार्च 2024 में हुआ और जिसकी मेजबानी मालदीव ने की । मालदीव के द्वारा दोस्ती अभ्यास की मेजबानी करना क्षेत्रीय सहयोग की भावना और साझा समुद्री सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं के जारी रहने को दिखाता है। दोस्ती 16 अभ्यास के दौरान माले सिटी के नजदीक चीन के जहाज शियांग यांग होंग 03 के लंगर डालने की वजह से क्षेत्र में बहुत ज्यादा विवादों को तूल दिया गया। हालांकि मालदीव के विदेश मंत्रालय ने जनवरी में एक वक्तव्य जारी किया कि जहाज को सप्लाई और कर्मियों को बदलने के उद्देश्य से अनुमति दी गई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन का जहाज भले ही मालदीव के बंदरगाह पर खड़ा होता है लेकिन वो मालदीव के समुद्र में किसी भी तरह का सर्वे नहीं करेगा।

मालदीव से भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी – मुइज्जू ने भारत से 15 मार्च 2025 से मालदीव से अपने सैनिकों को हटाने को कहा था।मुइज्जू द्वारा भारत से अपने सैनिकों को द्वीप राष्ट्र से हटाने के लिए कहने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे, क्योंकि उन्होंने नई दिल्ली के प्रभाव को देश की संप्रभुता के लिए खतरा बताया था।मार्च से मई के मध्य आपसी सहमति से भारतीय सैन्यकर्मियों के स्थान पर नागरिकों को तैनात किया गया।पहले तैनात 71 भारतीय कर्मियों में से सभी को द्विपक्षीय चर्चा के बाद वापस भेज दिया गया है, अंतिम टुकड़ी 9 मई 2024 को रवाना हुई। यद्यपि मालदीव में तैनात रहने के दौरान भारतीय सैनिकों ने हथियार नहीं रखे थे।भारतीय सैन्य उपस्थिति भारत के सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित डोर्नियर विमानों और हेलीकॉप्टरों के लिए परिचालन सहायता प्रदान करने तक सीमित थी।

आर्थिक विकास मे सहयोग

थिलामाले ब्रिज प्रोजेक्ट – थिलामाले ब्रिज प्रोजेक्ट, जिस पर सोलिह सरकार ने हस्ताक्षर किए थे और जो भारतीय कंपनी एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के द्वारा बनाया जा रहा है, 6.74 किमी. लंबी एक महत्वाकांक्षी पुल परियोजना और पक्की सड़क का संपर्क है जो राजधानी माले को नजदीक के विलीमाले, गुलहीफालहू और थिलाफुशी द्वीपों से जोड़ेगा। इस परियोजना के संबंध में राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि 'मेरा इरादा किसी भी मौजूद परियोजना को रोकना नहीं था, इसके बदले मैंने उन्हें मजबूत और तेज करने की इच्छा जताई है।'

थिलामाले ब्रिज परियोजना जब पूरी हो जाएगी तो न केवल द्वीपों के मध्य संपर्क बढ़ाएगी बल्कि मालदीव के आर्थिक परिदृश्य को भी बदल देगी।साथ ही माले में भीड़-भाड़ और युवा रोजगार से जुड़ी कई चुनौतियों का भी समाधान करेगी।

भारत-मालदीव में निर्यात के लिए विशेष कोटा बढ़ाने के लिए समझौता -2025 - 2025 में भारत ने मालदीव के लिए आवश्यक वस्तुओं के निर्यात के लिए विशेष कोटा बढ़ाने के लिए भारत के साथ समझौता किया था, जो मालदीव की सरकार और लोगों के प्रति भारत के निरंतर समर्थन को दर्शाता है। यह समझौता मालदीव के लोगों के कल्याण और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए नई दिल्ली की स्थायी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

भारत द्वारा मालदीव को वित्तीय सहायता - भारत 2019 से मालदीव को ब्याज-मुक्त सहायता प्रदान कर रहा है। अक्टूबर 2024 मे भारत ने नकदी संकट से जूझ रहे मालदीव को 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल रोल ओवर की अनुमति दी तथा दोनों पक्षों ने 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 3,000 करोड़ रुपये के मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिससे मालदीव को गंभीर वित्तीय संकट का सामना करने पर महत्वपूर्ण सहायता मिली।मई 2025 मे भारत सरकार ने मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 423 करोड़) का ट्रेजरी बिल जारी करके सहायता प्रदान की है।मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने कहा कि भारत द्वारा समय पर दी गई सहायता दोनों देशों के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है।

मुइज्जू सरकार और मालदीव- चीन संबंध - मालदीव का 2023 में मॉरीशस में आयोजित वार्षिक कोलंबो सिक्युरिटी कॉन्क्लेव से बाहर रहना तथा ये कहकर भारत के साथ हाइड्रोग्राफी समझौते को रद्द करना कि मालदीव के समुद्र के बारे में सूचना पर किसी दूसरे देश का अधिकार नहीं होना चाहिए और यह फैसला देश की स्वतंत्रता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए लिया गया है। मुइज्जू सरकार द्वारा शी जिनपिंग की ग्लोबल सिक्योरिटी इनिशिएटिव (GSI) तथा मालदीव-चीन रक्षा समझौते का समर्थन करना- ये सभी इस बात के संकेत हैं कि मालदीव भारत से दूर हो रहा है और चीन की तरफ झुक रहा है।

मुइज्जू की चीन यात्रा - मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू 8से 12 जनवरी चीन की पांच दिन की राजकीय यात्रा पर चले गए थे। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मालदीव के अपने समकक्ष मोहम्मद मुइज्जू से बातचीत की, जिसके बाद दोनों देशों ने पर्यटन सहयोग सहित 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए और अपने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी तक बढ़ाया।हस्ताक्षरित समझौतों में पर्यटन सहयोग, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, नीली अर्थव्यवस्था, डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेश को मजबूत करना और बेल्ट एंड रोड पहल शामिल हैं। चीन मालदीव को अनुदान सहायता भी देगा। मुइज्जू ने चीन को द्वीप राष्ट्र का 'सबसे नजदीकी' सहयोगी बताया।मुइज्जू की तुर्की और चीन की राजकीय यात्रा को भारत के प्रति अपमान के रूप में देखा गया। यह मालदीव के राष्ट्रपतियों द्वारा भारत को अपना पहला पड़ाव बनाने की विगत परंपरा से अलग था। यात्रा से लौटने के बाद मुइज्जू लगातार भारत पर निशाना साधते रहे। मुइज्जू ने मालदीव लौटते ही कह दिया था कि 'हम भले ही छोटा देश हो सकते हैं लेकिन इससे किसी को भी हमें बुली करने का लाइसेंस नहीं मिलता।' हालांकि, मुइज्जू ने प्रत्यक्ष तौर पर किसी का नाम लेकर ये बयान नहीं दिया है. लेकिन माना जा रहा है कि उनका निशाना भारत की ओर था।

निष्कर्ष - यद्यपि अंतरराष्ट्रीय संबंधों और विदेश नीति का परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल रहा है। विश्व राजनीति मे संबंधों और गठबंधनों में अस्थिरता के उपरांत भी द्विपक्षीय समीकरणों के कुछ पहलू, विशेष रूप से भारत और मालदीव जैसे पुराने साझेदारों के बीच, नीति में निरंतरता दिखाएंगे।भारत और मालदीव समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद, कट्टरपंथ, समुद्री डकैती, तस्करी, संगठित अपराध और प्राकृतिक आपदाओं सहित साझा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने के लिए मिलकर काम कर रहे है। मुइज्जू को लग रहा है कि भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाना तत्काल रूप से जरूरी कर्ज राहत उपायों के लिए फायदेमंद है।लेकिन मुइज्जू सक्रिय रूप से विकल्पों की तलाश भी कर रहे हैं इसका प्रमाण है तुर्की के साथ वर्तमान समय में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर चल रही वार्ता एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चीन के कई शहरों में मालदीव तक डायरेक्ट फ्लाइट का विस्तार करने की संभावना को लेकर चल रही वार्ता। परंतु अंत में यह भी एक निर्विवाद सत्य है कि मालदीव के लिए भारत का महत्व आज भी बना हुआ है अत: मालदीव चीन के साथ अच्छे संबंध रखते हुए भी भारत के साथ अपने संबंधों की प्रगाढता हेतु प्रयासरत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://indianexpress.com/article/who-is/who-is-mohamed-muizzu-maldives-president-india-relations-9105603/
2. https://www.thehindu.com/news/international/defence-pacts-with-india-being-amended-says-maldives/article69545064.ece
3. https://www.pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1920852
4. https://www.aajtak.in/amp/world/story/muizzu-15-hour-press-conference-u-turn-remarks-on-india-out-campaign-ntc-dskc-2233637-2025-05-06?utm_source=Internal_AT&utm_medium=Article&utm_name=Read_More_1
5. https://www.aljazeera.com/news/2024/10/6/maldives-president-muizzu-in-india-on-first-state-visit-to-repair-ties
6. https://www.aajtak.in/world/story/maldives-president-muizzu-breaks-world-record-with-15-hour-press-conference-zelensky-ntc-dskc-2233421-2025-05-06
7. https://www.jagranjosh.com/general-knowledge/who-is-mohamed-muizzu-the-president-of-maldives-1728301838-1
8. https://www.bbc.com/hindi/articles/cpw30ql5vvdo
9. https://www-thehindu-com.translate.goog/news/national/india-extends-financial-support-to-maldives-through-rollover-of-50-million-treasury-bill/article69566607.ece?_x_tr_sl=en&_x_tr_tl=hi&_x_tr_hl=hi&_x_tr_pto=tc
10. https://hindi.theprint.in/india/economy/india-notifies-export-of-certain-items-to-maldives-for-2025-26/801929/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सागर जिले की बालिकाओं के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास के संदर्भ में लाड़ली लक्ष्मी योजना की प्रभावशीलता का अध्ययन

सुदर्शन केशरवानी* डॉ. मन्सूर खान**

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** विभागध्यक्ष (वाणिज्य) पीएमसीओई शा. माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित लाड़ली लक्ष्मी योजना बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है। शोध में सागर जिले को अध्ययन क्षेत्र के रूप में चुना गया है, जो सामाजिक रूप से पारम्परिक और ग्रामीण परिवेश वाला क्षेत्र है। शोध के उद्देश्य के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति, शैक्षणिक स्तर, सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव, चुनौतियों की पहचान और सुधारात्मक सुझाव प्रदान करना है। आँकड़ों के विश्लेषण से सिद्ध होता है कि योजना ने बालिकाओं के नामांकन दर में वृद्धि, ड्रॉप–आउट दर में कमी, उच्च शिक्षा के प्रति रूझान और बाल विवाह में कमी जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम दिए है। सामाजिक दृष्टिकोण में भी बदलाव देखा गया है। बालिकाएँ आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनी हैं।

शोध की समस्याओं में जागरूकता की कमी, प्रक्रियागत जटिलताएँ और निगरानी व्यवस्था की कमजोरी है। इनके समाधान के लिए जागरूकता अभियान, डिजिटल प्रबन्धन, योजनाओं में समन्वय और कौशल विकास कार्यक्रमों के सुझाव दिए गए है। लाड़ली लक्ष्मी योजना सागर जिले की बालिकाओं के शिक्षण एवं सामाजिक विकास में प्रभावी रही है तथा इसके सुदृढ़ क्रियान्वयन से समाज में लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को और अधिक बल मिल सकता है।

प्रस्तावना – भारत में बालिकाओं की स्थिति लम्बे समय से सामाजिक असमानताओं, लिंग आधारित भेदभाव और शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ेपन से ग्रस्त रही है। संविधान में समानता, शिक्षा और जीवन के अधिकार प्रदत्त है, परन्तु व्यावहारिक रूप में बालिकाओं को अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। विशेषतः ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा और सामाजिक विकास में अनेक बाधाएँ है। इन बाधाओं को दूर करने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाएँ चलाई गई है, जिनमें मध्यप्रदेश शासन की लाड़ली लक्ष्मी योजना एक क्रांतिकारी पहल के रूप में उभरी है।

लाडली लक्ष्मी योजना – इस योजना का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा और वित्तीय सुरक्षा को प्रदान कर बालिकाओं के जीवन में बदलाव लाना है। प्रदेश में लिंगानुपात सूचकांक में सुधार लाना, समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच बनाना, कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बाल विवाह को हतोत्साहित करना, परिवार नियोजन को प्रोत्साहित करना, बालिकाओं को उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी नींव प्रदान करना, बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाना मध्यप्रदेश सरकार की मंशा है।

गरीब परिवार में कन्या जन्म पर उसकी शिक्षा और विवाह के समय व्यय की चिंता मुखिया हो रहती है। लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू होने से कन्या को बोझ न मानकर वरदान मानने लगे है। बालिका की शिक्षा और विवाह के लिए नकद अनुदान (सहायता) का प्रावधान इस योजना में किया गया है।

लाड़ली लक्ष्मी योजना का परिचय – लाड़ली लक्ष्मी योजना की शुरूआत मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 2 मई 2007 को की गई थी। इसका उद्देश्य बालिकाओं के प्रति समाज की मानसिकता को परिवर्तित करना, बालिकाओं के जन्म दर को प्रोत्साहन देना, उनकी शिक्षा को सुनिश्चित करना और उन्हें आर्थिव रूप से सक्षम करना है। इस योजना के अन्तर्गत बालिका के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा तक राज्य सरकार आर्थिक सहयोग प्रदान करती है।

तालिका : लाड़ली लक्ष्मी योजना में राशि हस्तांतरण समय

भुगतान समय	प्राप्त राशि
कक्षा VI	2000
कक्षा IX	4000
कक्षा XI	6000
कक्षा XII	6000

स्त्रोत : ladlilaxmi.mp.gov.in

योजना के अन्तर्गत पात्र बालिका को कुल 1.43 लाख रूपये का चरणबद्ध भुगतान किया जाता है। बालिका के कक्षा छठवी, नवमी, ग्यारहवीं और बारहवीं में प्रवेश पर प्रोत्साहन राशि के रूप में भुगतान किया जाता है। इसके अतिरिक्त बालिका के 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर अंतिम किश्त 1,00,000/– रूपये प्रदान की जायेगी, बशर्ते वह विवाह पूर्व कम से कम 18 वर्ष की हो और उच्च शिक्षा में संलग्न हो। भुगतान ई–पेमेन्ट के माध्यम से किया जाता है।

योजना की प्रमुख शर्तें :

1. केवल मध्यप्रदेश की निवासी बालिकाएँ पात्र होती है।
2. परिवार में कोई आयकरदाता न हो ।
3. अधिकतम दो संतान प्रति परिवार योजना का लाभ ले सकती है।

4. द्वितीय संतान के जन्म पर परिवार नियोजन अपनाया गया हो।

यह योजना समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने, बाल विवाह की प्रवृत्ति रोकने तथा बालिकाओं को शिक्षित व सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी माध्यम रही है।

सागर जिले की पृष्ठभूमि – मध्यप्रदेश राज्य के बुन्देलखण्ड अंचल में स्थित सागर जिला 23.10 उत्तरी अक्षांश से 24.27 उत्तरी अक्षांश तथा 78.4 पूर्वी देशान्तर से 79.21 पूर्वी देशांश के मध्य स्थित है। सागर जिले की कुल जनसंख्या (वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार) 23.78 लाख है। कुल जनसंख्या में 1256257 (52.8 प्रतिशत) पुरूष तथा 1122201 (47.2 प्रतिशत) महिला है। जिले की कुल जनसंख्या में ग्रामीण जनसंख्या 1669662 (70.2 प्रतिशत) है तथा नगरीय जनसंख्या 908796 (29.8 प्रतिशत) है।

जिले की साक्षरता दर 76.5 प्रतिशत है, जिसमें पुरूष साक्षरता दर 84.8 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता दर 67 प्रतिशत है। सागर जिले का कुल क्षेत्रफल 12805 वर्ग कि.मी. है। सागर जिले में 1069 ग्राम पंचायतें, 7 नगर पालिकाएँ, 2 नगर निगम, 7 राजस्व विकासखण्ड ओर 12 विकासखण्ड है। (स्त्रोत : http://censusindia.gov.in)

सागर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की 16 परियोजनाएँ है इनमें राहतगढ़, शाहगढ़, केसली, खुरई, गढ़ाकोटा, जैंसीनगर, देवरी बण्डा, बीना, बीना नवीन, मालथौन, रहली, सागर ग्रामीण, सागर शहरी, सागर ग्रामीण 2, सागर शहरी 2 शामिल है। सागर जिले में कुल 2633 आँगनवाड़ी केन्द्र है।

योजना प्रारम्भ से 31 मार्च 2024 तक सागर जिले में कुल पंजीकृत बालिकाओं की संख्या 164570 है। योजना प्रारम्भ से वर्ष 2023–24 तक कुल छात्रवृत्ति प्रदाय बालिकाओं की संख्या 77752 है, जिन्हें 23.45 करोड़ रूपये छात्रवृत्ति के रूप में वितरित किए गए है।

स्त्रोत : जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, सागर।

शिक्षण विकास पर प्रभाव – लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बालिकाओं के शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। सागर जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विद्यालयों के समंक आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि जिन बालिकाओं को इस योजना का लाभ मिला, उनमें पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ी और विद्यालयों में उपस्थिति दर में वृद्धि हुई।

1. **नामांकन दर में वृद्धि –** पहले जहाँ परिजन बालिकाओं को स्कूल भेजने में हिचकिचाते थे, वहीं इस योजना के लागू होने के पश्चात् योजना अन्तर्गत मिलने वाली राशि के कारण माता–पिता बालिकाओं को विद्यालय भेजते है।

2. **ड्राप आऊट दर में कमी –** आर्थिक सहयोग के कारण बालिकाएँ अपनी स्कूल स्तर की पढ़ाई जारी रखती है। विशेषकर 9वीं से 12वीं कक्षा में जारी प्रोत्साहन राशि बालिकाओं को पढ़ाई स्थिर बनाए रखने में सहायक है।

3. **बाल विवाह में कमी –** लाड़ली लक्ष्मी योजना के अन्तर्गत लाभार्थी के विवाह के समय आयु 18 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। इस प्रकार बालिकाओं के विवाह की औसत आयु में वृद्धि हुई है। यह योजना बाल विवाह की रोकथाम में सहायक सिद्ध हुई है।

4. **उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित –** लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा में प्रवेश लेने पर 25000 रूपये अतिरिक्त अनुदान मिलता है। अतः बालिकाएँ प्रोत्साहन पाकर उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित होती है।

सामाजिक विकास पर प्रभाव – लाड़ली लक्ष्मी योजना का प्रभाव केवल शैक्षणिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सकारात्मक प्रभाव बालिकाओं के सामाजिक विकास पर भी है।

1. **दृष्टिकोण में परिवर्तन –** पहले जहाँ बालिकाओं को आर्थिक बोझ माना जाता था, वहीं अब उनके जन्म पर परिवारों में उत्साह देखा जाता है। समाज में यह बदलाव लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रारम्भ होने के पश्चात् आया है।

2. **स्वास्थ्य व पोषण में सुधार –** योजना के अन्तर्गत पंजीयन के साथ–साथ बालिकाओं के स्वास्थ्य व पोषण एवं टीकाकरण का रिकार्ड भी रखा जाता है, जिससे बालिकाओंके स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ है।

3. **आत्मविश्वास में वृद्धि –** आर्थिक एवं शैक्षणिक सुरक्षा मिलने से बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। वे अब विद्यालय, समाज और परिवार में अपनी बात रखने लगी है।

4. **सशक्तीकरण की दिशा में पहल –** बालिकाओं के शिक्षित होने से अब वे आत्मनिर्भरता के लिए स्वयं सहायता समूहों व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आत्मविश्वास से सक्रिय भूमिका निभा रही है।

प्रमुख चुनौतियाँ और बाधाएँ – यद्यपि योजना का स्वरूप प्रभावी है, परन्तु इसके क्रियान्वयन में कुछ चनौतियाँ भी सामने आती है।

1. **प्रकियात्मक जटिलता –** आवेदन की ऑनलाईन प्रक्रिया, दस्तावेजों की अनिवार्यता, बैंक खाता, आधार कार्ड का लिंक होना आदि प्रक्रियाएँ कई बार ग्रामीणजनों के लिए प्रक्रिया जटिल बन जाती है।

2. **जानकारी का अभाव –** ग्रामीण और अशिक्षित परिवारों को योजना सम्बन्धी पूर्ण जानकारी का अभाव होने से पंजीयन या लाभ उठाने से वंचित रह जाते है।

3. **सामाजिक बाधाएँ –** कुछ परिवार अब भी बालिकाओं को शिक्षा के लिए अपात्र मानते है या अपनी जिम्मेदारी मानकर समय से पूर्व विवाह कर देते है, जिससे उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाता।

4. **निगरानी की कमी –** योजना की निरन्तर निगरानी या लाभार्थियों की प्रतिक्रिया की व्यवस्था उसे सशक्त बनाती है, कई बार विद्यालयों में या आँगनवाड़ी स्तर पर या जिला मुख्यालय स्तर पर अपडेट नहीं हो पाने से लाभार्थियों को समय पर अनुदान नहीं मिल पाता।

शोध अध्ययन का उद्देश्य :

1. सागर जिले में लाड़ली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का विश्लेषण करना।
2. बालिकाओं के शिक्षण स्तर पर इस योजना के प्रभाव का मूल्यांकन करना।
3. योजना से सम्बन्धित चुनौतियों और व्यावहारिक बाधाओं की पहचान करना।
4. योजना के माध्यम से बालिकाओं के सामाजिक विकास को जानना।
5. योजना की प्रभावशीलता को बढ़ाने हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

शोध का महत्व :

1. समाज में बालिकाओं के प्रति दृष्टिकोण परिवर्तन में सहायक हो सकता है।

2. महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई दिशा दिखा सकता है।
3. नीति निर्माताओं को योजनाओं की व्यावहारिक प्रभावशीलता का सूचक बनेगा।
4. शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में योजनाओं के परिणामों का तुलनात्मक अध्ययन करने में उपयोगी होगा।

शोध की परिकल्पना :

1. लाड़ली लक्ष्मी योजना के कारण सागर जिले की बालिकाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सुधार हुआ है।
2. लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बालिकाओं के शैक्षिक स्तर में सकारात्मक परिवर्तन किया है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध अध्ययन एक वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन है। शोध द्वितीयक आँकड़ों पर आधारित है। आँकड़े सरकारी रिपोर्ट, जनगणना, विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित आँकड़ों का प्रयोग किया जायेगा। परिकल्पना परीक्षण हेतु संग्रहित आँकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण कर परिकल्पनाओं का परीक्षण किया जायेगा।

तालिका क्रमांक 1: मध्यप्रदेश के जिलो में पिछले 5 वर्षों में जन्में बच्चों के लिंगानुपात में परिवर्तन (2015–16 और 2019–21)

	राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 4 (2015–16)	राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 5 (2019–2021)
भारत	19	929
मध्यप्रदेश	927	956
सागर	849	939

स्त्रोत : NFHS-4(2015-16) एवं NFHS-5 (2019-21)

तालिका क्रमांक 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे –4 के अनुसार जन्म के समय लिंगानुपात (वर्ष 2015–16) में भारत में 919 था जबकि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–5 (वर्ष 2019–2021) के अनुसार भारत में जन्म के समय लिंगानुपात बढ़कर 929 हो गया है, इसी अवधि में मध्यप्रदेश में यह 927 से बढ़कर 956 तथा सागर जिले में यह 849 से बढ़कर 929 हो गया है। भारत सरकार के सर्वे के अनुसार यह बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ एवं लाड़ली लक्ष्मी जैसी योजनाओं के फलस्वरूप हुआ। बालिकाएँ अब शिक्षित हो रही है।

तालिका क्रमांक 2 : मध्यप्रदेश में 20–24 वर्ष की महिलाओं की शादी कम उम्र में होती जाती है

	राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 4 (2015–16)	राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 5 (2019–2021)
मध्यप्रदेश	32.8	23
सागर	38.1	21.4

स्त्रोत – NFHS-4(2015-16) एवं NFHS-5 (2019-21)

तालिका क्रमांक 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश में (20–24) वर्ष की महिलाओं की शादी कम आयु में ही हो जाती है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–4 के अनुसार मध्यप्रदेश में यह 32.8 प्रतिशत था जो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–5 में घटकर 23 हो गया। इसी अवधि में सागर जिले में यह 38.1 प्रतिशत से घटकर 21.4 प्रतिशत हो गई, जो कि प्रदेश के स्तर से अधिक था परन्तु अब यह प्रदेश स्तर से कम हो गया है। इसका कारण योजना क्रियान्वयन के पश्चात् अधिक उम्र में विवाह होना है।

तालिका क्रमांक 3: सर्वेक्षण के समय जो महिलाएँ (15–19) वर्ष पहले से ही माँ है या गर्भवती

	राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 4 (2015–16)	राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 5 (2019–2021)
मध्यप्रदेश	7.5	5.2
सागर	11.1	6.4

स्त्रोत :NFHS-4(2015-16) एवं NFHS-5 (2019-21)

तालिका क्रमांक 3 के अनुसार राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–4 (2015–16) के समय जो महिलाएँ (15–19) वर्ष आयु में माँ है या गर्भवती थी उनका प्रतिशत मध्यप्रदेश में 7.5 था, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे–5 (2019–21) के अनुसार घटकर 5.2 प्रतिशत रहा, इसी समय सागर जिले में यह 11.1 प्रतिशत से घटकर 6.4 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कम आयु में गर्भवती होने की दर में कमी आना बालिकाओं (महिलाओं) के स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। यह समाज द्वारा शासकीय योजनाओं में पालन के कारण संभव हुआ है।

तालिका क्रमांक 4 : मध्यप्रदेश में स्कूली शिक्षा के स्तर के अनुसार लड़कियों की ड्रॉप आऊट दर औसत

	लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत संवितरण से पहले (2013–15)	लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत वितरण के बाद (2016–17 से 2021–22)
प्राथमिक	7.9	2.6
उच्च प्राथमिक	11.5	7.2
माध्यमिक	23.4	20.9

स्त्रोत : UDISE (Unified District Information System for Education)

तालिका क्रमांक 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वर्ष 2013–15 लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रारम्भिक वर्षों में मध्यप्रदेश में स्कूली शिक्षा के स्तर के अनुसार लड़कियों की शाला छोड़ने की दर जहाँ 7.9 प्रतिशत थी वह वर्ष 2016–17 से 2021–22 के समय गिरकर 2.6 प्रतिशत रही, उच्च प्राथमिक स्तर पर यह इसी अवधि में 11.5 प्रतिशत से गिरकर 7.2 प्रतिशत रही। शाला छोड़ने की दर में गिरावट यह बताती है कि बालिकाएँ अब स्कूल में अधिक समय देती है। इसका कारण लाड़ली लक्ष्मी योजना (म.प्र.सरकार) में शामिल शर्ते है जिनमें पालकों को बालिकाओं को स्कूल में प्रवेश और विशिष्ट शैक्षिक उपलब्धि तक पहुँचने पर मौद्रिक प्रोत्साहन की शर्त है। सरकार का प्रयास स्कूलों में नामांकन में वृद्धि और शाला त्याग दर में कमी से स्कूल समय में वृद्धि हो रही है।

परिकल्पना परीक्षण :

परिकल्पना 1 – लाड़ली लक्ष्मी योजना के कारण सागर जिले की बालिकाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सुधार हुआ है।

उपरोक्त परिकल्पना को लेकर किये गये शोध कार्य के अन्तर्गत तालिका क्रमांक 1, 2 एवं 3 के अध्ययन पश्चात् पाया गया कि सागर जिले में बालिकाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सुधार आया है। इसका

कारण शासकीय योजनाओं के कारण बालिकाएँ अब अधिक समय शिक्षा पर दे रही हैं। वे अब विवाह से पहले शिक्षा पर ध्यान देती हैं जिससे उनके लिए जीवन में क्या है वह सीखती है, परिवार के सदस्य भी सरकार के साथ हैं । इस प्रकार सागर जिले में न सिर्फ लिंगानुपात में सुधार आया है बल्कि कम उम्र में शादी की दर में गिरावट और कम आयु में गर्भवती या माँ बनने की दर में भी सकारात्मक गिरावट आई है। अतः यह शून्य परिकल्पना का सत्यापन होता है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के कारण सागर जिले की बालिकाओं के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सुधार हुआ है।

परिकल्पना 2 – लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बालिकाओं के शैक्षिक स्तर में सकारात्मक परिवर्तन किया है।

उपरोक्त परिकल्पना को लेकर किए गए शोध के अन्तर्गत तालिका क्रमांक 4 के अध्ययन पश्चात् यह पाया कि मध्यप्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बालिकाओं के शैक्षिक स्तर में सकारात्मक परिवर्तन किया है, इसका कारण लाड़ली लक्ष्मी योजना बालिकाओं के जन्म, उनके स्कूल में प्रवेश और विशिष्ट शैक्षिक उपलब्धि तक पहुँचने पर मौद्रिक प्रोत्साहन की शर्तों का होना है। इस प्रकार बालिकाओं के शाला त्याग दर में कमी आ रही है और अब बालिकाएँ शाला में अधिक समय दे रही हैं।

अतः यह शून्य परिकल्पना का सत्यापन होता है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बालिकाओं के शैक्षिक स्तर में सकारात्मक परिवर्तन किया है। स्वावलम्बी बालिका सशक्त समाज का आधार है।

निष्कर्ष – लाड़ली लक्ष्मी योजना सागर जिले में बालिकाओं के शिक्षण और सामाजिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई है। इस योजना के माध्यम से जहाँ बालिकाओं का विद्यालयों में नामांकन बढ़ा है, वहीं उनके आत्मविश्वास, सामाजिक पहचान और परिवारों की मानसिकता में भी सकारात्मक परिवर्तन देखा गया है। हालाँकि अभी भी कई क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है, परन्तु यदि योजना का क्रियान्वयन पारदर्शी, सरल और समन्वित तरीके से किया जाए तो यह न केवल बालिकाओं के जीवन को परिवर्तित कर सकती है, बल्कि समाज में व्यापक स्तर पर लैंगिक समानता और सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर बन सकती है। स्वावलम्बी बालिका – सशक्त समाज का आधार

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश www.mpwcd.nic.in
2. सागर जिला प्रशासनिक आँकड़े
3. प्रशासकीय प्रतिवेदन 2022–23, महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश
4. सक्सेना रानू, सक्सेना पल्लवी, लाड़ली लक्ष्मी योजना का बालिकाओं के विकास में योगदान, जिला शिवपुरी (म.प्र.) के विशेष संदर्भ में। (2016)RemarkingAn Analisation Vol. 1 issue VI september 2016 P:ISSN No : 2394-0344 RNI No. UPBIL/2016/67980 (page no. 93-98) EISSN No. 2455-0817
5. सेनगुप्ता गीताली, रजा सीमा – सामाजिक क्षेत्र की योजनाएँ एवं महिला सशक्तिकरण (लाड़ली लक्ष्मी योजना के विशेष संदर्भ में) P:ISSN No. 2321-290X, E:ISSN No. 2349-980X Shrinkhala: Vol-II, Issue-II October, 2014 page 93-96.
6. वंशकार रामसेवक और खटीक डॉ. एस. के., मध्यप्रदेश में संचालित लाड़ली लक्ष्मी योजना का विश्लेषणात्मक अध्ययन, International Journal of Education, Modern Management, Applied Science & Social Science (IJEMMASSS) ISSN : 2581-9925, Impact Factor : 7.150 Volume 06, No. 03 (II) July-September, 2024, PP 107-112
7. ladliaxmi.mp.gov. in
8. Suri, Shoba, Kurian, Oommenc, Chakraborty Sikkim (2023), The Girl child at the centre of Policymaking Weighting the successes of the Ladli Laxmi Yojana of Madhya Pradesh, http:/www.nesearchgate.net/publication/378269027 December, 2023, pp 121-138

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मध्यपूर्व में शक्ति संतुलन ईरान – इजराइल शत्रुता का एक विश्लेषण

संदीप बिड़ला* सुदीप बिड़ला**

*** सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) पीएमसीओई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन (म.प्र.) भारत**
**** सहायक प्राध्यापक, पीएमसीओई महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – यह शोध पत्र मध्य पूर्व में शक्ति संतुलन पर ईरान और इजराइल के बीच बढ़ती शत्रुता के गहन प्रभाव का विश्लेषण करता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वैचारिक मतभेदों परमाणु कार्यक्रम की चिंताओं क्षेत्रीय प्रॉक्सी युद्धों और बाहरी शक्तियों की भूमि का जैसे प्रमुख कार कों का विस्तृत अध्ययन किया गया है। इसका उद्देश्य इस जटिल गतिरोध की जड़ों को समझना, इसके वर्तमान निहितार्थों की पड़ताल करना और क्षेत्र की स्थिरता और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर इसके संभावित परिणामों का मूल्यांकन करना है। यह पत्र दर्शाता है कि कैसे ये शत्रुता मध्य पूर्व के भू– राजनीतिक परिदृश्य को नया आकार दे रही है जिससे अनिश्चितता और संघर्ष का एक चक्र बन रहा है।

प्रस्तावना – मध्यपूर्व अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के साथ दशकों से भू– राजनीतिक उथल– पुथल का केंद्र रहा है। इस जटिल परिदृश्य के भीतर ईरान और इजराइल के बीच का संबंध एक अनोखा और लगातार विकसित होता हुआ विरोधाभास प्रस्तुत करता है। कभी सहयोगी रहे ये दोनों देश आज घोर शत्रु बन चुके हैं जिनकी प्रतिद्वंद्विता पूरे क्षेत्र में शक्ति संतुलन को गहराई से प्रभावित कर रही है। यह शोध पत्र ईरान –इजराइल शत्रुता के मूल कारणों इसके विभिन्न आयामों और मध्य पूर्व में शक्ति संतुलन पर इसके व्यापक प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है। हम इस जटिल संबंध की ऐतिहासिक जड़ों वैचारिक अंतर्विरोधों सैन्य क्षमताओं की होड़ और क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसके बहुस्तरीय प्रभावों की पड़ताल करेंगे। इस शत्रुता को समझना न केवल क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों को समझने के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि भविष्य के संभावित परिदृश्यों का अनुमान लगाने के लिए भी आवश्यक है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और संबंधों का विकास– ईरान और इजराइल के बीच संबंध हमेशा से तनावपूर्ण नहीं रहे हैं। 1979 की ईरानी क्रांति से पहले विशेष रूप से शाह मोहम्मद रजा पहल वीके शासन काल में दोनों देशों के बीच अनौपचारिक लेकिन कार्यात्मक संबंध थे। इजराइल को ईरान द्वारा मध्यपूर्व में एक गैर –अरब शक्ति के रूप में देखा जाता था जो सोवियत संघ और अरब राष्ट्रवाद के विरुद्ध एक संभावित सहयोगी हो सकता था। तेल व्यापार खुफिया जानकारी साझाकरण और सैन्य सहयोग गुप्त रूप से होता था। इजराइल ईरान को अपनी सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बाहरी मित्र मानता था खास कर जब वह अरब देशों से घिरा हुआ था।

हालांकि 1979 की इस्लामिक क्रांति ने इन संबंधों में नाटकीय परिवर्तन ला दिया। आयतुल्लाह रुहुल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में नई इस्लामी सर कारने इजराइल को एक अवैध जायोनी इकाई और अमेरिकी साम्राज्य वाद का चौकीदार घोषित कर दिया। इजरायल के साथ सभी संबंध तुरंत तोड़ दिए गए और फिलिस्तीनी मुक्ति के लिए जोरदार समर्थन व्यक्त किया गया। क्रांति के बाद ईरान की विदेश नीति इस्लाम वादी सिद्धांतों पर आधारित हो गई जिसमें इजरायल का अस्तित्व एक वैचारिक चुनौती बन गया। इजरायल ने भी बदले में ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को अपनी सुरक्षा के लिए एक अस्तित्व गत खतरा मानना शुरू कर दिया। यह वैचारिक मोड़ और परस्पर अविश्वास की शुरुआत थी जिसने दोनों देशों को शत्रुता के पथ पर धकेल दिया। इस खंड के विश्लेषण में (Smith,2023) द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक अंतर्दृष्टि का उपयोग किया गया है।

वर्तमान गतिरोध के मुख्य कारण: ईरान और इजराइल के बीच वर्तमान गतिरोध कई जटिल और परस्पर संबंधित कारकों का परिणाम है

1. **परमाणु कार्यक्रम–** ईरान का परमाणु कार्य क्रम इजराइल के लिए सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता है। इजराइल का मानना है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की कोशिश कर रहा है जिसे वह अपने अस्तित्व के लिए सीधा खतरा मानता है। इजराइल एक परमाणु– सशस्त्र ईरान को बर्दाश्त नहीं करेगा और उसने इस कार्यक्रम को रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई सहित सभी विकल्पों को खुला रखा है। ईरान लगातार यह दावा करता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों जैसे ऊर्जा उत्पादन और चिकित्सा अनुसंधान के लिए है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की रिपोर्ट और पश्चिमी खुफिया एजेंसियां ईरान की नीयत पर सवाल उठाती रही हैं। 2015 का JCPOA (संयुक्त व्यापक कार्य योजना समझौता जिसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना था इजराइल के लिए चिंता का विषय बना रहा जिसने इसे पर्याप्त नहीं माना। अमेरिका के इस समझौते से हटने के बाद ईरान ने अपनी परमाणु गतिविधियों को फिर से तेज कर दिया है जिससे इजराइल की चिंताएं और बढ़ गई हैं। इस पहलू पर विस्तृत जानकारी Jones (2024), के विश्लेषण पर आधारित है।

2. **क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता–** मध्यपूर्व में प्रभुत्व और प्रभाव के लिए ईरान और इजराइल के बीच एक गहरी क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्विता मौजूद है। यह

प्रतिद्वंद्विता प्रॉक्सी युद्धों और विभिन्न क्षेत्रीय संघर्षों में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

1. सीरिया सीरिया में गृह युद्ध दोनों देशों के लिए एक प्रमुख युद्ध क्षेत्र बन गया है। ईरान असद शासन का एक प्रमुख समर्थक है और उसने लेबनान के हिज्बुल्लाह और अन्य शियामिलिशिया के माध्यम से सीरिया में अपनी सैन्य उपस्थिति मजबूत की है। इजराइल सीरिया में ईरान की सैन्य उपस्थिति को अपनी उत्तारी सीमा पर सीधा खतरा मानता है और उसने ईरानी ठिकानों और हथियारों के काफिलों पर सैकड़ों हवाई हमले किए हैं।

2. लेबनान लेबनान में हिज्बुल्लाह ईरान द्वारा समर्थित एक शक्तिशाली शिया राजनीतिक दल और अर्धसैनिक समूह इजराइल के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। हिज्बुल्लाह के पास एक बड़ा रॉकेट शस्त्रागार है जो इजराइल के अंदरूनी हिस्सों तक पहुँच सकता है। इजराइल हिज्बुल्लाह को ईरान का एक मोहरा मानता है और दोनों के बीच कई बार संघर्ष हो चुका है।

3. गाजापट्टी गाजापट्टी में हमास और इस्लामिक जिहाद जिन्हें इजराइल आतंकवादी संगठन मानता है को ईरान से महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त है। इजराइल और इन समूहों के बीच कई संघर्ष हुए हैं जिनमें ईरान की भूमिका एक विवादास्पद मुद्दा बनी हुई है।

4. अन्यक्षेत्र यमन में हूती विद्रोहियों और इराक में शिया मिलिशिया को ईरान का समर्थन भी क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित करता है और इजराइल की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाता है। इन प्रॉक्सी युद्धों का विश्लेषण Miller (2023), में गहराई से किया गया है।

3. फिलिस्तीन मुद्दा – फिलिस्तीन मुद्दा ईरान और इजराइल के बीच वैचारिक विभाजन का एक महत्वपूर्ण बिंदु है। ईरान फिलिस्तीनी अधिकारों का प्रबल समर्थक है और इजराइल के अस्तित्व पर सवाल उठाता है। यह फिलिस्तीनी गुटों जैसे हमास और इस्लामिक जिहाद को महत्वपूर्ण वित्तीय और सैन्य सहायता प्रदान करता है। इसके विपरीत इजराइल फिलिस्तीनी संघर्ष में ईरान के हस्तक्षेप को अपने आंतरिक मामलों में एक खतरनाक हस्तक्षेप और क्षेत्र को अस्थिर करने का प्रयास मानता है।

4. धार्मिक और वैचारिक अंतर– ईरान की इस्लामी क्रांति के बाद वैचारिक मतभेद शत्रुता का एक केंद्रीय कारक बन गए। ईरान अपनी इस्लामी क्रांति के सिद्धांतों का प्रसार करना चाहता है और क्षेत्र में इजराइल की वैधता को चुनौती देता है। इजराइल एक यहूदी राष्ट्र के रूप में ईरान के इस्लामी गणतंत्र को अपने अस्तित्व के लिए एक वैचारिक चुनौती मानता है। यह मौलिक वैचारिक विभाजन संघर्ष को एक गहरी और अधिक जटिल परत प्रदान करता है।

5. अमेरिका की भूमिका– संयुक्त राज्य अमेरिका इजराइल का एक प्रमुख रणनीतिक सहयोगी ईरान –इजराइल संबंधों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अमेरिका की ईरान पर अधिकतम दबाव की नीति जिसमें प्रतिबंध और सैन्य उपस्थिति शामिल है इजराइल की स्थिति को मजबूत करती है लेकिन ईरान के साथ तनाव भी बढ़ाती है। ईरान अमेरिका को महान शैतान मानता है और इजराइल को उसका क्षेत्रीय प्रतिनिधि। अमेरिकी समर्थन इजराइल को ईरान के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने में सक्षम बनाता है। जबकि ईरान इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक संयुक्त खतरा मानता है। इस खंड के लिए विभिन्न थिंकटैंकों और यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ पीस (USIP) की रिपोर्टों का भी संदर्भ लिया गया है।

क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव– ईरान –इजराइल शत्रुता के मध्यपूर्व और उससे आगे व्यापक प्रभाव पड़ते हैं।

1. क्षेत्रीय अस्थिरता– दोनों देशों के बीच लगातार तनाव क्षेत्र में अस्थिर ताका एक प्रमुख स्रोत है। प्रॉक्सी युद्ध और छिटपुट सैन्य झड़पें संघर्ष के बढ़ने का खतरा पैदा करती हैं। जिससे पूरे क्षेत्र में अनिश्चितता का माहौल बना रहता है। यह प्रतिद्वंद्विता अन्य क्षेत्रीय शक्तियों को भी पक्ष चुनने के लिए मजबूर करती है, जिससे ध्रुवीकरण बढ़ता है।

2. गठबंधन निर्माण– यह शत्रुता क्षेत्र में नए गठबंधनों को जन्म दे रही है। इजराइल ने हाल के वर्षों में कई अरब देशों विशेष रूप से खाड़ी राज्यों (जैसे संयुक्त अरब अमीरात बहरीन के साथ अब्राहम समझौते के माध्यम से अपने संबंधों को सामान्य किया है। इन समझौतों को ईरान के खिलाफ एक संभावित गठबंधन के रूप में देखा जाता है। दूसरी ओर ईरान ने अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए रूस और चीन जैसे देशों के साथ अपने संबंधों को गहरा किया है।

3. वैश्विक शक्तियों पर निहितार्थ– ईरान –इजराइल तनाव का वैश्विक शक्तियों पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। अमेरिका के लिए यह क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति और कूटनीतिक प्रयासों को बनाए रखने की चुनौती पेश करता है। रूस और चीन के लिए यह मध्यपूर्व में अपने प्रभाव को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है अक्सर अमेरिकी नीतियों के विरोध में। यूरोपीय संघ के देश जो अक्सर कूटनीतिक समाधानों का समर्थन करते हैं इस संघर्ष के मानवीय और आर्थिक प्रभावों से चिंतित रहते हैं।

4. अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा पर प्रभाव– यदि ईरान– इजराइल संघर्ष एक बड़े पैमाने पर युद्ध में बदल जाता है तो इसके वैश्विक अर्थव्यवस्था तेल की कीमतों और अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग मार्गों पर गंभीर परिणाम होंगे। परमाणु प्रसार का खतरा भी एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। क्योंकि यदि ईरान परमाणु हथियार विकसित करता है तो यह क्षेत्र में एक हथियार दौड़ को ट्रिगर कर सकता है। इस खंड के लिए विभिन्न समाचार लेख और विश्लेषण से समकालीन घटनाओं और उनके प्रभावों की जानकारी ली गई है।

निष्कर्ष और भविष्य की संभावनाएं– ईरान और इजराइल के बीच की शत्रुता मध्यपूर्व में शक्तिसंतुलन को परिभाषित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। इसकी जड़ें ऐतिहासिक घटनाओं गहरी वैचारिक भिन्नताओं परस्पर सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय प्रभुत्व की आकांक्षाओं में निहित हैं। परमाणु कार्यक्रम प्रॉक्सी युद्ध और फिलिस्तीन मुद्दा इस जटिल गतिरोध के प्रमुख चालक बने हुए हैं।

वर्तमान परिदृश्य में संबंधों के सामान्यीकरण की तत्काल संभावनाएं कम दिखती हैं। दोनों देश एक– दूसरे को अस्तित्वगत खतरा मानते हैं और उनके भू–राजनीतिक हित गहरे विरोधाभासी हैं। इजराइल अपनी सुरक्षा के लिए ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय उपस्थिति को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है जबकि ईरान अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव को बनाए रखने के लिए दृढ़ है।

भविष्य में यह तनाव या तो यथास्थिति बनाए रख सकता है जिसमें छिट पुट झड़पें और प्रॉक्सी युद्ध जारी रहेंगे या फिर यह एक बड़े पैमाने पर सैन्य संघर्ष में बदल सकता है जिसके विनाशकारी क्षेत्रीय और वैश्विक परिणाम होंगे। कूटनीतिक समाधान यदि संभव हो तो दोनों पक्षों के बीच विश्वास बहाली के उपायों सुरक्षा गारंटी और परमाणु कार्यक्रम पर एक नए व्यापक समझौते पर निर्भर करेगा। हालांकि वर्तमान माहौल में यह एक दुर्जेय चुनौती प्रतीत होती है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय कोइ स गतिरोध को कम करने

और किसी भी संभावित वृद्धि को रोकने के लिए सक्रिय रूप से शामिल रहना चाहिए क्योंकि मध्यपूर्व में शक्ति संतुलन पर इसके प्रभाव पूरे वैश्विक सुरक्षा ढांचे को प्रभावित करतेहैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Smith, John. The Iran-Israel Rivalry: A Geopolitical Analysis. Oxford University Press, 2023.
2. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA). ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न वर्षो की रिपोर्टे। (उदाहरण के लिए, IAEA Board of Governors Reports.
3. Jones, Sarah. "The Nuclear Dimension of Iran-Israel Relations." Middle East Policy Journal, Vol. 30, No. 2 (2024): pp. 45-62.
4. Miller, David. "Proxy Wars in the Middle East: The Iran-Israel Shadow Conflict." Journal of Conflict Studies, Vol. 15, No. 3 (2023): pp. 112-130.
5. विभिन्न थिंक टैंक के विश्लेषण (जैसे ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूट सेंटर फॉरस्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (CSIS) की रिपोर्टे और लेख।
6. यूनाइटेड स्टेट्स इंस्टीट्यूट ऑफपीस (USIP). संबंधित रिपोर्टे और प्रकाशन।
7. अब्राहम समझौते से संबंधित आधिकारिक दस्तावेज और प्रेस विज्ञप्तियां (जैसे अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी)
8. विभिन्न विश्वसनीय समाचार स्रोतों के लेख और विश्लेषण (जैसे बीबीसी हिंदी अलजजीरा, द न्यूयॉर्क टाइम्स, द गार्जियन।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2025, E-Journal, Vol. I, Issue L (50), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Culture and Gender Identity in Mahesh Dattani's 'Tara'

Dr. Kalpana Pandey*

***Assistant Professor (English) Atal Bihari Vajpayee Nagar Nigam Degree College, Lucknow (U.P.) INDIA**

Abstract - Gender inequality is a common malice all over the world. Millions of women throughout the world live in conditions of abject deprivation and suffer attacks on their fundamental human rights.However, they have been ignored for centuries and treated as 'second sex'. Throughout the history and in almost all societies, inequalities of men and women are part and parcel of an accepted male dominated culture. Women often have to face discrimination, injustice and dishonor. Besides this, they are denied their most basic and fundamental right, i.e. "right to life". Thenegligence of the girl child and discrimination goes hand to hand. The patriarchal and hypocritical nature of modern male dominated society has been understood, analyzed and exposed by the famous modern Indian dramatist Mahesh Dattani. Almost all his plays ring the note of some burning topics of this modern world. Dattani's well known play "Tara" is centered round the theme of gender discrimination, injustice and clash of attitude which is gaining ground everywhere in this modern age. "Tara" is not just the story of the protagonist of the play Tara, but it is the story of every girl born in Indian family whether urban or rural. "Tara" shows a typical woman character persecuted by male domination. It is a riveting play that questions the role of a society that treats the children of the same womb in two different ways. Through this play, Dattani mocks at such type of thoughts that prevail in our society.

In this paper an effort has been done to bring up this particular view of thought to make a fertile insight towards the study of women as subaltern.It also seeks to bring out from the closet the hidden faces of outdatedmale system and its effect on the females of the male dominated families.

Keywords: Malice, abject deprivation, fundamental, hypocritical, gender discrimination, injustice, subaltern.

Introduction - Mahesh Dattani is one such Indian playwright who took the burden to upgrade the society with new themes and almost all the plays of Mahesh Dattani ring the note of some burning topics of this modern world. His plays artfully touch some of the most serious concerns of our society todayand focused on several major problems prevalent around us.In many of his plays, he handles various issues like- sexuality, gender discrimination, religious bigotry, communalism and child sexual abuse etc.Dattani is the first Indian playwright to be honoured with the most prestigious award the Sahitya Akademy in 1998. His plays provided fascinating insights and took pains to emphasize the present genre through novel aspects. Like G. B. Shaw, he strongly believes in exposing the various ills and maladies of the society. Dattani seems to be belonged to the literary concept 'art for the sake of life'.

In some of his plays like "Tara" and "Where There's Will" Dattani has presented a very realistic portrayal of the deserted and the marginalized women who have to bear the brunt of patriarchy or male domination. His well-known play "Tara" is centered round the theme of gender discrimination, injustice and clash of attitude which is gaining ground everywhere in this modern age.In terms of Gender injustice, the term 'gender' refers to economic, social, political and cultural attributes and opportunities associated with being male and female. Women play a vital role equally in creation as well as development of their families in particular and society in general. Whether in today's time women have been given more rights as compared to men, since the condition of women is miserable, because there exists a wide gulf between theory and practice.

Discussion: "Tara" shows a typical woman character persecuted by male domination. This play reflects the predicament of woman, her pathetic plight, her traumatic experience and above all her step motherly treatment by a male dominated family. It also exposes the existing patriarchal stereotypes of the Indian mindset, which has always preferred a boy child to a girl child. The play also shows the hypocritical nature of modern male dominated society which never feels any qualm of conscience in making a difference between the girl and boy child sharing the same woman. "Tara" is a riveting play that questions the role of a society that treats the children of the same

womb in two different ways. Dattani mocks at such type of thoughts that prevail in our society.

"Tara" is not just the story of the protagonist of the play Tara, but it is the story of every girl child born in Indian family whether urban or rural. Every girl child in an Indian family does suffer some kind of exploitation and if there is a boy child in the family then the exploitation is very much visible as the privileges are consciously or unconsciously provided to the son. Dattani's play "Tara" is a poignant play about a boy and a girl who is joined together at the haunch and has to be separated surgically, an operation which will mean the death of the one of the two. Here the injustice perpetrated by the victim's own mother whose preference is to the male child makes the play more powerful suggesting that it is woman who continue the chain of injustice.

